# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 31 जनवरी 2026










पुलिस कमिश्नर की सार्थक पहल लेकिन अमल चुनौती, सूखे नशे के तस्कर गली मोहल्लों तक फैले

गांजा पीने के लिए इस्तेमाल होता है पेपर, रायपुर से लगे दुर्ग-भिलाई में भी आसानी से मिल रहा

# बैन के बाद भी बिक रहा है 'गोगो-रोलिंग पेपर' टीम हरिभूमि ने पान ठेले वालों से खरीदा



**केस 01**

**आउटडोर स्टेडियम स्थित पान ठेला**

- रिपोर्टर- गोगो रोल है क्या?
- दुकानदार- हां। कितना चाहिए?
- रिपोर्टर- एक दे दो।

**केस 02 टिकरापारा**

- रिपोर्टर- गांजा के लिए रोलिंग पेपर दो?
- दुकानदार- कितना चाहिए?
- रिपोर्टर- गोगा या परफेक्ट रोल होगा तो एक दे दो
- दुकानदार- परफेक्ट रोल है

*रायपुर से ललित राठोड़ के साथ अजय साहू, भिलाई से जीएम तांडी की रिपोर्ट*

**हरिभूमि लाइव**

राजधानी में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू होने के बाद पुलिस प्रशासन ने नशे के कारोबार पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में गुरुवार को पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला ने एक बड़ा आदेश जारी किया था कि सूखे नशे के लिए इस्तेमाल होने वाले गोगो, स्मोकिंग कोन, रोलिंग पेपर और परफेक्ट रोल की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध की जाती है। कमिश्नर के आदेश के बाद जब शुक्रवार को हरिभूमि की टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में पड़ताल की, तो चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई। शहर के भीतर कई पान ठेलों पर ये प्रतिबंधित वस्तुएं अब भी ▶▶| शेष पेज 5 पर



### भीतर आता है 10 ग्राम गांजा

बात दें कि गोगो पेपर रोल का इस्तेमाल मुख्य रूप से गांजा और चरस जैसे सूखे नशे के लिए किया जाता है। पैकेट के साथ आने वाले एक छोटे पाइप की मदद से पेपर के भीतर करीब 10 ग्राम तक गांजे की फिलिंग की जाती है और फिर ऊपरी हिस्से को मोड़कर नशा तैयार किया जाता है। शहर में युवाओं के बीच इसका बढ़ता चलन पुलिस के लिए बड़ी चुनौती ▶▶| शेष पेज 5 पर

### भिलाई का हाल... आसानी से मिल रहा

*भिलाई-दुर्ग में अचानक से इस रोलिंग पेपर की डिमांड बढ़ गई है। बता दें कि ट्विनसिटी में बड़े शैक्षणिक संस्थाएं संचालित हैं। बाहर से छात्र आकर पढ़ाई करते हैं। वे इस नशे की चपेट में हैं। रोलिंग पेपर का उपयोग गांजा का सिगरेट बनाकर युवा कस मारते दिखाई देते हैं। गोगो रोलिंग पेपर और चिलम की बिक्री पर पाबंदी नहीं लग पाई है। इसे जॉइंट बनाने में किया जाता है। रोलिंग पेपर की सप्लाई करने वाले चेन तक भिलाई-दुर्ग की पुलिस नहीं पहुंच पाई है। रोलिंग पेपर, गोगो स्मोकिंग कोन, पर्फेक्ट* ▶▶| शेष पेज 5 पर

**बिलासपुर**

## 50 से अधिक जगहों पर कार्रवाई एक लाख के रोलिंग पेपर जब्त



*शहर में खुलेआम गोगो मिल रहा है। इसमें भरा जाने वाला गांजा भी गली-मोहल्लों में चोरी-छिपे बेचा जा रहा है। लगातर शिकायत के बाद पुलिस ने इस पर कार्रवाई की है। पुलिस टीमों ने स्मोकिंग जोन, कैफे, किराना और पान दुकानों की जांच की। रात में भी कई दुकानदार गांजा बेचते मिले। सिविल लाइन,सरकंडा, सकरी, तरबाहर थानों को मिलाकर 50 से अधिक जगहों पर गोगो बिकता पाया गया। सभी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। जांच और कार्रवाई में एक लाख के रोलिंग पेपर और दूसरे* ▶▶| शेष पेज 5 पर

### इन क्षेत्रों में आसानी से मिल रहा गोगो

*सिविल लाइन क्षेत्र में एसबीटी और एसबीआर कालेज के पीछे, सिगरेट-गुटखा की दुकानों में, उसलापुर ब्रिज के पास, तालापारा, और सरकंडा क्षेत्र में, बैमा नगोई के साथ ही खेल परिसर के पीछे, इमलीभाठा में यह आसानी से उपलब्ध है। इसके साथ ही चिंगराजपारा, इरानी मोहल्ला चांटीडीह, अशोक नगर, चकरभाठा,* ▶▶| शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### तमिलनाडु के कुछ इलाकों में भूकंप के झटके

**मदुरै।** तमिलनाडु के विरुधुनगर, श्रीविल्लिपुत्तूर और आसपास के इलाकों में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। सरकारी एजेंसी राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के एक अधिकारी ने बताया कि विरुधुनगर और आसपास के इलाकों में रात करीब नौ बजकर छह मिनट पर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र द्वारा बताया गया कि रात नौ बजे झटके महसूस किए गए।

### ट्रक ने मारी कार को टक्कर, चार की मौत

**ग्वालियर।** ग्वालियर में शुक्रवार सुबह एक ट्रक ने एक कार को पीछे से टक्कर मार दी जिससे कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। ये सभी भिंड के निवासी थे । मृतकों की पहचान भिंड निवासी सौरभ शर्मा, ज्योति यादव और भूरे प्रजापति के रूप में हुई है। एक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

भाजपा सरकार के दो साल के कार्यकाल की होगी समीक्षा

मंत्री केदार कश्यप, कलेक्टर व एसपी की प्रमुख उपस्थिति

## आज नारायणपुर में हरिभूमि आईएनएच का जिला संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

**खास खबर**

हरिभूमि एवं आईएनएच का जिला संवाद 31 जनवरी को नारायणपुर स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल की समीक्षा की जाएगी तथा जमीनी स्तर की वास्तविक स्थिति पर आधारित रिपोर्ट के माध्यम से जनसंवाद किया जाएगा। कार्यक्रम में आदिम जाति कल्याण एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप, कलेक्टर नारायणपुर सुश्री नम्रता जैन तथा पुलिस अधीक्षक नारायणपुर रॉबिंसन गुड़िया की प्रमुख उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की ओर से नारायण मरकाम (अध्यक्ष, जिला पंचायत नारायणपुर), इंद्रप्रसाद बघेल (नगरपालिका अध्यक्ष, नारायणपुर) तथा सचिन जैन (भाजपा युवा नेता) जनसंवाद के दौरान शासन की योजनाओं, विकास कार्यों और भविष्य की दिशा पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम में रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के सचिव स्वामी व्याप्तानंद महाराज, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी संजय नंदी, मालिक परिवहन संघ के अध्यक्ष किशोर आर्य तथा जायसवाल निम्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, छोटेडोंगर के उप महाप्रबंधक हर्ष नारायण झा भी उपस्थित रहेंगे। आयोजकों के अनुसार यह जिला संवाद कार्यक्रम सरकार, प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने तथा विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति को सामने लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।



### उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मान

*जिला संवाद कार्यक्रम के दौरान जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें नक्सल उन्मूलन में उत्कृष्ट योगदान के लिए श्यामलाल सलाम (पुलिस विभाग), आश्रम शाला के उत्कृष्ट संचालन के लिए राधेश्याम रावटे (शिक्षा विभाग), अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षित प्रसव हेतु उल्लेखनीय कार्य के लिए डॉ. जितेंद्र दुग्गा (स्वास्थ्य विभाग), आंगनबाड़ी संचालन, शिक्षा व कुपोषण उन्मूलन में सराहनीय योगदान के लिए कु. मुन्नी मुंहदा (महिला एवं बाल विकास विभाग), बीएलओ के रूप में उत्कृष्ट कार्य के लिए योगेंद्र ठाकुर (सहायक शिक्षक) को सम्मानित किया जाएगा।*






दर्री थाना क्षेत्र के लाटा बस्ती का मामला

## दो बच्चों की मां पर 'आशिकी का भूत', पति को जहर देकर मारा, बच्चों ने खोली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

- खेत में दवा डालने के नाम पर पुत्र से मंगाया था कीटनाशक दवा

एक विवाहिता ने अपने बीमार पति को मारने के लिए जहर दे दिया और पुलिस के चंगुल से बचने के लिए योजनाबद्ध ढंग से पति को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल करा दिया, जहां इलाज के दौरान पति की मौत हो गई। मृतक के नाबालिग पुत्र पुत्रियों ने पुलिस को अपनी मां के काली करतूत का खुलासा किया तो पुलिस के भी होश उड़ गए, फिर क्या था पुलिस ने इस मामले में पत्नी के खिलाफ हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी ▶▶| शेष पेज 5 पर



### डेढ़ साल से पति था पैरालिसिस

पुलिस के सूत्र बताते हैं कि अरुण सिंह की पिछले डेढ़ साल से तबीयत खराब थी उसे पैरालिसिस था। प्रारंभिक तौर पर मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़ा जा रहा है। बताया जाता है कि वह किसी अन्य पुरुष से मोबाइल पर बात किया करती थी इसे लेकर कई बार पति पत्नी में वाद विवाद की स्थिति भी निर्मित हुआ करती थी। कथित प्रेमी के संग अपनी नई शुरुआत करने के लिए पत्नी ने सभवतः ▶▶| शेष पेज 5 पर

### मासूमों ने ही खोली अपनी मां की करतूत

*महिला ने पति को जहर देने के बाद इलाज का बहाना बनाकर उसे मेडिकल अस्पताल पहुंचाया था। ताकि शुरुआती तौर पर मामला संदिग्ध आत्महत्या जैसा प्रतीत हो रहा था ताकि वह पुलिस के चंगुल से बच सके लेकिन मृतक के बच्चों ने पुलिस अफसरों के पास जा पहुंचे और उन्होंने अपनी मां को पिता को जहर देते हुए देखा है। बच्चों के इस बयान के बाद पुलिस तत्काल एक्शन में आयी और सिविल लाईन पुलिस ने विवाहिता के खिलाफ धारा 103 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दर्री पुलिस को मामला हैंड ओवर कर दिया है।*



# मान-मनौवल कर हेडमास्टर बनवा रहे खाना, शिक्षकों ने चंदा कर बुलवाए मजदूर, कहीं पक रही 'खिचड़ी'

## पढ़ाई-लिखाई के साथ अब किचन की भी कमान संभाल रहे हैं गुरुजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर/दुर्ग-भिलाई/जगदलपुर

प्रदेशभर में मध्यान्ह भोजन के रसोइए हड़ताल पर हैं। वे वेतनवृद्धि की मांग लेकर बीते कई दिनों से हड़ताल पर हैं। एक ओर जहां वे धरनास्थल पर जूझ रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने प्रधान पाठकों से लेकर शिक्षकों तक को मशक्कत करनी पड़ रही है। वार्षिक परीक्षाओं के मध्य वे भोजन की भी चिंता कर रहे हैं। ब्लॉक एजूकेशन ऑफिसर्स को ऊपरी स्तर से स्पष्ट आदेश मिले हैं कि किसी भी स्थिति में छात्रों को प्रदान किए जाने वाले मध्यान्ह भोजन में रुकावट नहीं आनी चाहिए। इसके बाद सभी अपने-अपने स्तर पर कमान संभाले हुए हैं।

### 93 स्कूलों में हेडमास्टर बनवा रहे है मध्यान्ह भोजन

खास खबर

दुर्ग जिले में 93 प्राइमरी व मिडिल स्कूलों में हेडमास्टरों ने मध्यान्ह भोजन की कमान संभाल रखी है। रसोईयों के हड़ताल पर जाने के बाद ऐसी नौबत आई है। शेष 804 स्कूलों में मध्यान्ह भोजन तो बन रहा है, लेकिन ये स्वसहायता समूहों की वैकल्पिक व्यवस्था है। यानी समूह की सदस्य ही बच्चों के लिए भोजन पकाने आ रही हैं और खिला रही हैं। जानिए, किस ब्लॉक में कैसी है स्थितिः - पाटन ब्लॉक में दो दिन पहले यानी मंगलवार तक 10 स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनना बंद हो गया था। अब इस व्यवस्था को यहां के हेडमास्टर संभाल रहे हैं। धमधा ब्लॉक के 270 स्कूलों में से 50 रसोईये हड़ताल पर नहीं गए हैं।





### दैनिक मजदूरी में बुलाए गए रसोइए

जहां रसोईये हड़ताल पर है वहां हेडमास्टरों ने वैकल्पिक व्यवस्था की है। दैनिक मजदूरी में रसोइए बुलाए गए हैं। स्वसहायता समूह की सदस्य रसोईयों की जगह मध्यांह भोजन बना रहे हैं।

- अरविंद कुमार मिश्रा, डीईओ, दुर्ग

### व्यवस्था प्रभावित नहीं

बच्चों को भोजन नियमित रूप से उपलब्ध कराने प्रशासन वैकल्पिक व्यवस्था की है। किसी भी स्कूल में व्यवस्था बाधित नहीं हुई है। रसोइयों के हड़ताल पर जाने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए महिला स्वसहायता समूहों को मध्यान्ह भोजन बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह व्यवस्था जिले के सातों ब्लॉकों में लागू की गई है, जिससे बच्चों को समय पर भोजन मिल रहा है। हालांकि कुछ स्कूलों में अस्थायी समायोजन की आवश्यकता पड़ी है। लेकिन कहीं भी मध्यान्ह भोजन योजना बंद नहीं है।

- बीआर बघेल, डीईओ, जगदलपुर

### महिला समूहों को जिम्मेदारी

रसोइयों की हड़ताल को देखते हुए महिला स्वसहायता समूहों को एमडीएम संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी स्थिति में मध्यान्ह भोजन बंद नहीं होना चाहिए। प्रशासन निरंतर निगरानी कर रही है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि बच्चों को नियमित रूप से भोजन मिलता रहे।

- राजेश गुप्ता, बीईओ, जगदलपुर

### केंद्रीकृत व्यवस्था इसलिए प्रभाव नहीं

रायपुर के सरकारी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन केंद्रीकृत संस्था द्वारा भेजा जाता है। यही कारण है कि यहां हड़ताल का कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। रायपुर के अलावा कई जिले ऐसे भी हैं, जहां महिला स्व सहायता समूह भोजन तैयार करते हैं। उनमें से कुछ हड़ताल पर नहीं गए हैं। वे ही भोजन पका रहे हैं।

### शिक्षकों से लेकर चतुर्थ वर्ग बन रहा भोजन

जगदलपुर जिले में हालात ऐसे बन गए हैं कि व्यवस्था बनाए रखने के लिए शिक्षक और स्कूल प्रबंधन वैकल्पिक और अस्थायी इंतजामों के सहारे काम चला रहे हैं। कई स्कूलों में महिला स्वसहायता समूहों से मान-मनौवल कर भोजन बनवाया जा रहा है, तो कई जगह चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों से काम कराया जा रहा है। एक प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक ने बताया कि बीईओ कार्यालय से सख्त निर्देश हैं कि भोजन बंद हुआ तो संस्था प्रमुख पर कार्रवाई होगी। ऐसे में कई स्कूलों में शिक्षक आपस में चंदा कर मजदूरी देकर गांव से लोगों को बुलाकर भोजन बनवा रहे हैं। कुल 351 स्कूलों में मध्यान्ह भोजन संचालित है, लगभग 125 स्कूल प्रभावित है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** सिविल लाइंस पुलिस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी को भिलाई से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने भिलाई के एक अस्पताल में ड्रेसर का काम करने वाला अमित सेन को गिरफ्तार किया है। एनएसयूआई नेता शांतनु झा की शिकायत पर पुलिस ने अमित सेन को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया है।



### कैफे में ऑनलाइन बेटिंग, आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने मोबाइल से ऑनलाइन नसीब डॉट कॉम से सट्टा संचालित करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा संचालित करने के आरोप में कमल विहार निवासी संतोष वाधवानी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर महावीर नगर चौक स्थित मिलेनियम कैफे में छापे की कार्रवाई करते हुए संतोष को ऑनलाइन सट्टे पर लोगों से दांव लगवाते गिरफ्तार किया है।

### ज्वेलरी शॉप में चेन की चोरी कारोबारी की पत्नी गिरफ्तार

**रायपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के एक ज्वेलरी शॉप से 50 हजार रुपए कीमत की सोने की चेन चोरी करने के आरोप में पुलिस ने ओडिशा से एक कारोबारी की पत्नी को गिरफ्तार किया है। चोरी करने के आरोप में पुलिस ने ओडिशा, काटाभांजी से निशा गुप्ता नाम की महिला को गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ भोरावत एंड संस ज्वेलरी के संचालिक प्रिंस जैन ने 15 जनवरी को चेन चोरी करने की थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

### 48 साल पुराना नामांतरण निरस्त, जांच के निर्देश

**रायपुर।** रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे ने महासमुंद जिले के बागबाहरा तहसील अंतर्गत ग्राम ओंकारबंद स्थित भूमि नामांतरण के 48 साल पुराने एक प्रकरण में नामांतरण को निरस्त किया है। साथ ही उन्होंने इस मामले में तहसीलदार को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। इस मामले में संभागायुक्त कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम ओंकारबंद स्थित 7.37 हेक्टेयर भूमि का नामांतरण 21 अप्रैल 1978 को किया गया था, जो लगभग 48 वर्ष पुराना है। यह नामांतरण रंभाबाई, बेवा रामचरण को निःसंतान बताकर अन्य व्यक्तियों द्वारा अपने पक्ष में करा लिया गया था, जबकि अपीलार्थी बुढ़ान सिंग के दादा उदेराम उस समय जीवित थे और वे रंभाबाई के पुत्र थे।

## मुख्यमंत्री साय ने आदिवासी संस्कृति और नक्काशी की बारीकियों को सराहा

# गढ़बेंगाल घोटुल में गूंजी मांदरी की थाप

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नारायणपुर प्रवास के दौरान 'गढ़बेंगाल घोटुल' पहुँचकर बस्तर की गौरवशाली परंपराओं और लोक-संस्कृति के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनि और ग्रामीणों के आत्मीय स्वागत के बीच मुख्यमंत्री स्वयं लोक-रंग में रंगे नजर आए। इस दौरान उन्होंने घोटुल की अनूठी स्थापत्य कला का अवलोकन किया और बस्तर की विभूतियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

वन विभाग और पद्मश्री पंडीराम मंडावी के मार्गदर्शन में निर्मित यह घोटुल पूर्णतः इको-फ्रेंडली (लकड़ी, मिट्टी और बांस) सामग्री से बना है। मुख्यमंत्री ने घोटुल के खंभों पर की गई सूक्ष्म नक्काशी की मुक्तकंठ से प्रशंसा की, जिसे स्वयं पद्मश्री पंडीराम मंडावी ने उकेरा है। मुख्यमंत्री ने घोटुल परिसर के विभिन्न कक्षों का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया है। मुख्यमंत्री ने इस प्रवास को केवल एक औपचारिक दौरा न रखते हुए इसे एक आत्मीय मिलन का रूप दिया। क्षेत्र की महान प्रतिभाओं वैद्यराज पद्मश्री हेमचंद मांझी, पद्मश्री पंडीराम मंडावी और सुप्रसिद्ध लोककलाकार बुटलू राम से भेंट कर उनका सम्मान किया।

### चार कुरमा बनाए गए

- लेय्योर एवं लेयोस्क कुरमा: युवाओं और युवतियों के लिए निर्मित अलग-अलग कक्ष।
- बिडार कुरमा: पारंपरिक वेशभूषा, प्राचीन वाद्ययंत्र एवं सांस्कृतिक सामग्रियों का संग्रह।
- सगा कुरमा: यहाँ मुख्यमंत्री ने बस्तर के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लेकर क्षेत्र की खान-पान संस्कृति का सम्मान किया।
- बस्तर की विभूतियों और 'टाइगर बॉय' के परिजनों से आत्मीय भेंट।



### छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लिया

इस दौरान ग्रामीणों की आग्रह पर मुख्यमंत्री श्री साय ने सगा कुरमा में बस्तर के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लेकर क्षेत्र की खान-पान संस्कृति का सम्मान किया। मुख्यमंत्री के भोजन में विशेष रूप से भोजन गाटो-भात, कोदो-भात, उड़दि दार, हिरुवा दार, जीरा भाजी, कनकी पेज, भाजी घिरोल फुल, चाटी भाजी, कांदा भाजी, मुनगा भाजी, इमली आमट, मड़िया पेज, टमाटर चटनी, चिला रोटी, रागी कुरमा, रागी केक, रागी लड्डू, रागी जलेबी परोसा गया। वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष रूपसाय सलाम, जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, पद्मश्री पंडीराम मंडावी, लोककलाकार बुटलू राम, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्रीमती संध्या पवार ने साथ बैठकर पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लिया।

### संस्कार केंद्र के रूप में घोटुल का पुनरुद्धार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि घोटुल प्राचीन काल से ही आदिवासी समाज के लिए 'शैक्षणिक एवं संस्कार केंद्र' रहा है। चेंद्रु पार्क के समीप स्थित यह आधुनिक घोटुल न केवल नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ेगा, बल्कि देश-दुनिया के पर्यटकों को भी आदिवासी जीवनशैली और सामाजिक व्यवस्था से परिचित कराने का सशक्त माध्यम बनेगा। गढ़बेंगाल का यह घोटुल हमारी गौरवशाली विरासत को सहेजने का प्रतीक है। हमारी सरकार बस्तर की इस अनूठी संस्कृति, परंपरा और ज्ञान को संरक्षित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## चार जोड़ों नक्सली ने की शादी

# सीएम ने आत्मसमर्पित माओवादी नवदम्पति को दिया आशीर्वाद



**नारायणपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत माओवाद छोड़कर मुख्यधारा में लौटे 4 जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान कर नवदाम्पत्य जीवन में प्रवेश की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री से आशीर्वाद प्राप्त करने वाले जोड़ों में ग्राम पोदावाड़ा की कमला गोटा तथा ग्राम ऐनमेटा के सुकलाल जुर्री, ग्राम कुर्सींग की सुशीला कोवाची और ग्राम तुषवाल के सन्नी सलाम, ग्राम पूसालामा की रीता कोवाची शामिल हैं। इनके अलावा इसी ग्राम के मासो मण्डावी तथा ग्राम डूंगा की कोसी मण्डावी एवं अर्जुन सिंह शामिल थे। मुख्यमंत्री ने सभी विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान कर समाज की मुख्य धारा में शामिल होने की बधाई दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष रूपसाय सलाम सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पंचायती राज और नगरीय संस्थाओं के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।



## कई नक्सल घटनाओं में शामिल थे समर्पित नक्सली

# किस्टाराम एरिया कमेटी में सक्रिय दो महिला समेत 4 नक्सलियों का समर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सुकमा जिले के किस्टाराम एरिया कमेटी में सक्रिय एसीएम सोढ़ी जोगा समेत चार नक्सलियों ने शुक्रवार को आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम के सामने हथियार डाल दिया। समर्पण के दौरान सभी नक्सलियों ने ऑटोमेटिक रायफल व जिंदा कारतूस भी जमा कराया। यह समर्पण जिला मुख्यालय सुकमा में हुआ जहां 8 लाख के इनामी दो महिला समेत 4 नक्सलियों ने ऑटोमेटिक हथियारों के साथ समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सलियों में 5 लाख का ईनामी एसीएम सोढ़ी जोगा भी शामिल है। समर्पण में सुकमा व आंध्रप्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिला पुलिस की अहम भूमिका रही। इन पर कुल 8 लाख रुपये का इनाम घोषित था। सपर्मण के दौरान नक्सलियों ने एसएलआर, इसांस, थ्री नॉट थ्री व 312 बोर रायफल व जिंदा कारतूस भी सौंपा।

सभी नक्सलियों ने आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम, एसपी किरण चव्हाण, पंकज मीणा ओएसडी एएसआर आंध्रप्रदेश, एएसपी रोहित शाह, टूआईसी कोंटा रेंज सीआरपीएफ अरविंद पी आनंद के समक्ष समर्पण किया।




### सुरक्षित भविष्य व विकास की जिम्मेदारी हमारी

माओवादी संगठन अब समाप्ति की ओर है। हिंसा की राह में केवल विनाश है जबकि पूना मारगेम अभियान नक्सलियों के विकास और सम्मान का द्वार खोल रहा है। शेष बचे माओवादी कैडर से अपील करते है कि वे हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटें और शासन की पुनर्वास नीति का लाभ उठाएं। उनके सुरक्षित भविष्य और विकास की जिम्मेदारी हमारी है इसलिए हिंसा छोड़ें और शांति चुनें।

-सुंदरराज पट्टलिंगम आईजी बस्तर



### समर्पित नक्सलियों में यह शामिल

समर्पण करने वाले सभी नक्सली अपने साथ हथियार भी लेकर पहुंचे थे। इनमें 5 लाख का ईनामी एसीएम सोढ़ी जोगा निवासी सिंघनमड़गू, थाना किस्टाराम ने एसएलआर रायफल व 10 राउण्ड जिंदा कारतूस भी सौंपा। समर्पण करने वाले अन्य 1-1 लाख के ईनामी एलओएस मेंबर डाबर गंगा उर्फ मड़कम गंगा निवासी सिंगाराम गोलापल्ली ने इंसास रायफल व 8 राउण्ड, सोढ़ी राजे निवासी एंटापाड़, थाना चिंतागुफ ने 303 रायफल व 5 राउंड तथा माड़वी बुधरी निवासी सिंघनमड़गू थाना किस्टाराम ने 315 बोर रायफल व 5 राउंड भी समर्पण के दौरान जमा किया। समर्पित नक्सली 8 आपराधिक मामलों में आरोपी है जिसके सबंध में उनसे पूछताछ की जा रही है।

### पुलिस ने दबोचे 100 बदमाश इनमें 80 साल का कोचिया भी

**रायपुर।** राजधानी में कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद पुलिस एक्शन मोड में है। तीन जोन में बंटे शहर के 21 थाना क्षेत्रों में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में नार्थ जोन के डीसीपी मयंक गुर्जर के निर्देश पर 72 बदमाश जिनमें हिस्ट्रीशीटर से लेकर चाकूबाज तथा अन्य तरह के अपराध में संलिप्त हैं, उनको थाना हाजिर कर परेड कराई। एक अन्य मामले में पुलिस ने एक बुजुर्ग को शराब के अवैध कारोबार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गुढ़ियारी, पंडरी, खम्हारडीह के बदमाशों की पुलिस ने परेड लेकर उन्हें समझाइश दी कि वे किसी भी प्रकार के अपराध में संलिप्त ना रहें तथा उनके साथी जो अपराधों में संलिप्त हैं, उनके संबंध में पुलिस को जानकारी दें।

# हर तीन महीने में बैठक का नियम सालभर से भाजपा कार्यसमिति गायब

किरणदेव के कार्यकाल को हुआ एक साल से ज्यादा, अभी कार्यसमिति के नए सदस्य भी नहीं हुए हैं तय

**रायपुर।** प्रदेश भाजपा संगठन की प्रदेश कार्यसमिति एक साल से ज्यादा समय से नहीं हो सकी है। किरण देव को पूर्णकालिक अध्यक्ष बने एक साल से ज्यादा हो गया है, लेकिन अब तक एक भी कार्यसमिति नहीं हो सकी है। नियम यह है कि हर तीन महीने में कार्यसमिति की बैठक होनी चाहिए। लेकिन कार्यसमिति ही नहीं बनी तो बैठक कैसे होती। लिहाजा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव के एक साल के कार्यकाल में अब तक कार्यसमिति की एक भी बैठक नहीं हुई है। प्रदेश कार्यसमिति हर तीन माह में करने का प्रावधान तो है, लेकिन इसके लिए सबसे अहम यह है कि राष्ट्रीय कार्यसमिति के बाद ही प्रदेश कार्यसमिति होती है। राष्ट्रीय कार्यसमिति में जो तीन माह की कार्ययोजना तय होती है, उसी पर प्रदेश कार्यसमिति में चर्चा होती है। इसके बाद जिलों और फिर मंडल में कार्यसमिति होती है। छत्तीसगढ़ में सितंबर 2024 में भाजपा के सदस्य अभियान से पहले प्रदेश कार्यसमिति हुई थी, इसके बाद से करीब डेढ़ साल से कार्यसमिति नहीं हुई है। जानकारों का कहना है कि पहले कभी इतने लंबे समय तक कार्यसमिति का इंतजार करना नहीं पड़ा था। लेकिन इसके साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि राष्ट्रीय कार्यसमिति न होने के कारण ऐसा हो रहा है।



### कार्यसमिति सदस्य बनाने की कवायद

किरण देव की नई कार्यकारिणी बनने के बाद से ही कार्यसमिति के नए सदस्य बनाने को लेकर भी इंतजार हो रहा है। इस समय भाजपा की जो कार्यसमिति है, उसमें कई नाम ऐसे हैं जिनको जहां दूसरे पद मिल गए हैं, वहीं जिन पुराने सांसदों को कार्यसमिति में रखा गया था, अब वे सांसद नहीं हैं। हालांकि इनमें से अब कुछ विधायक बन गए हैं। पुराने सदस्यों में जो सांसद थे उसमें संतोष पांडेय और विजय बघेल तो अब भी सांसद हैं लेकिन सुनील सोनी, गोमती साय और रेणुका सिंह इस समय सांसद नहीं हैं, लेकिन ये विधायक जरूर हैं। इनको सदस्य के रूप में रखा जा सकता है। लेकिन इसका फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व से पूछ कर ही होगा। मोहन मंडावी, गुहाराम अजगले, चुन्नीलाल साहू इस समय सांसद नहीं हैं। इसी तरह से रणविजय सिंह जूदेव भी इस समय राज्य सभा सदस्य नहीं हैं। इसी तरह से अशोक बजाज इस समय कार्यालय मंत्री बन गए हैं।

## भारत-तिब्बत सीमा पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता

# नक्सलियों के हथियारों का जखीरा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

नक्सल विरोधी अभियान के अंतर्गत 44वीं वाहिनी, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। खुफिया सूचना के आधार पर फॉरवर्ड सीओबी धोबे से संचालित सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों द्वारा पूर्व में छिपाकर रखे गए एक बड़े डंप का सफलतापूर्वक पता लगाया गया। सूचना के अनुसार बस्तर क्षेत्र से 3-4 नक्सलियों के कत्तकल गांव के कुमनार एक्सिस क्षेत्र में आने की जानकारी प्राप्त हुई थी। इस इनपुट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 44वीं वाहिनी आईटीबीपी के ऑप्स ब्रांच द्वारा क्षेत्र में पूर्व नियोजित एरिया डॉमिनेशन पैट्रोल की योजना में आवश्यक संशोधन कर सघन तलाशी अभियान चलाया गया।



अभियान के दौरान एक टीम द्वारा कुमनार गांव के आसपास व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाया गया। जबकि दूसरी अतिरिक्त टीम को बीडीडीएस दस्ता के साथ सीओबी धोबे से रवाना किया गया। मुनार गांव के समीप संदिग्ध नक्सल डंप का पता चला, जिसके बाद क्षेत्र की पूर्ण घेराबंदी कर तलाशी एवं सैनिटाइजेशन की कार्रवाई की गई।



### ये सामान हुआ बरामद

तलाशी के दौरान नक्सल डंप से वीएचएफ सेट, संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, डेटोनेटर, सेफ्टी फ्यूज, नक्सली साहित्य, वर्दी, दवाइयां, दैनिक उपयोग की सामग्री एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए। दुर्गम एवं संवेदनशील क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए कुछ अनुपयोगी सामग्री को मौके पर ही नियमानुसार नष्ट किया गया। सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों एवं बीडीडीएस क्लीयरेंस के उपरांत बरामद सामग्री को सुरक्षित रूप से सीओबी लाया गया।

### सुरक्षित लौटे जवान

इस संपूर्ण अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि अथवा सुरक्षा बलों को क्षति नहीं हुई तथा सभी जवान सुरक्षित लौटे। बरामद नक्सली सामग्री को विधिवत जब्ती मेमो के साथ नारायणपुर पुलिस को सौंपा जा रहा है, ताकि अग्रिम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने हेतु आगे भी सघन सर्च ऑपरेशन जारी रखने की योजना है।

बिलासपुर
शनिवार 31 जनवरी 2026
माघ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 25, अंक : 309
पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 30.0
न्यून. 17.4

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 पांचवां टी20 : सैमसन की फॉर्म में वापसी ...

विचार पेज
2 भविष्य का रोडमैप है भारत-ईयू एफटीए







## चांदी के दामों में भारी उतार-चढ़ाव, सोना भी 16 हजार सस्ता

# औंधे मुंह गिरी चांदी, एक ही दिन में 82,700 रुपए सस्ती, निवेशकों का बीपी हुआ बेकाबू

4 लाख रुपए पार जा चुकी थी, अब 3 लाख 31 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चांदी के कम ज्यादा होते दाम से व्यापारियों की सांसें थम गई हैं। आम व्यापारी कारोबार ही नहीं कर पा रहे हैं। कारोबारियों ने तो स्टॉक तक मंगाना सीमित कर दिया है।

चांदी के दाम गुरुवार को बाजार बंद होने पर 4 लाख 13 हजार 700 रुपए थे। इस दाम में शुक्रवार की शाम को छह बजे 71700 रुपए की कमी आ गई और दाम 3 लाख 42000 हो गए। इसके एक घंटे बाद सात बजे जब दाम खुले तो दाम और 11 हजार कम होकर दाम 3 लाख 31000 रुपए हो गए। इसके एक दिन पहले गुरुवार को तो अजब ही खेल हुआ। बुधवार को बाजार बंद होने पर चांदी के दाम 374400 रुपए थे।

गुरुवार को बाजार खुलने पर सुबह को करीब दस बजे दाम 402792 रुपए हो गए। यानी दाम में 28392 रुपए का इजाफा हो गया। इसके बाद अचानक शाम को दाम करीब 50 हजार रुपए कम हो गए। ये दाम महज दस मिनट के लिए कम रहे, इसके बाद दाम में उछाल आया और दाम 413700 रुपए हो गए। यानी एक ही दिन में दाम पहले 28 हजार बढ़े, इसके बाद 50 हजार कम हुए और फिर दाम 50 हजार के स्थान पर 61 हजार रुपए बढ़ गए।

*जो जितना तेजी से ऊपर जाता है उतनी ही रफ्तार से नीचे आता है। ऐसा ही कुछ चांदी के दामों में हो रहा है। कुछ साल पहले तक एक किलो चांदी की कीमत 60 हजार रुपए के आसपास था, वह बीते दिनों 4 लाख रुपए तक चला गया। अब हाल यह है कि आज शुक्रवार को एक ही दिन में दाम 82700 हजार रुपए तक कम हुए, वहीं एक दिन पहले इसके दाम महज दस मिनट के लिए 50 हजार कम होकर फिर ज्यादा हो गए थे।*

| तारीख | गोल्ड रेट | सिल्वर रेट |
|---|---|---|
| 16 जनवरी | 1,41,593 | 2,81,890 |
| 19 जनवरी | 1,43,946 | 2,93,975 |
| 20 जनवरी | 1,47,409 | 3,09,345 |
| 21 जनवरी | 1,54,227 | 3,19,097 |
| 22 जनवरी | 1,51,128 | 2,99,711 |
| 23 जनवरी | 1,54,310 | 3,17,705 |
| 27 जनवरी | 1,58,901 | 3,44,564 |
| 28 जनवरी | 1,64,635 | 3,58,267 |
| 29 जनवरी | 1,75,340 | 3,79,988 |
| 30 जनवरी | 1,65,795 | 3,39,350 |




सोना: 1,65,795 रुपए प्रति 10 ग्राम
चांदी: 3,39,350 रुपए प्रति किलोग्राम

### सोने के दाम भी 16 हजार घटे

सोने की कीमत भी रोज कम ज्यादा हो रही है। सोना एक दिन 187000 रुपए दस ग्राम था जो शुक्रवार को 15850 रुपए कम होकर 171150 रुपए दस ग्राम हो गया है। सोने के दाम में इतना उतार-चढ़ाव पहले कभी नहीं देखा गया। सोने की कीमत 31 दिसंबर को 137000 रुपए थी। 30 दिनों में इसके दाम 50 हजार रुपए बढ़ गए हैं। पहले कभी एक माह में इतने ज्यादा दाम नहीं बढ़े थे। चांदी के दाम बढ़ने के कारण सोने के दाम भी बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं।

**एक माह में ही दाम एक लाख से ज्यादा बढ़े**

जहां बीते साल साल भर में दाम करीब डेढ़ लाख रुपए तक बढ़े, वहीं नए साल के पहले माह में एक ही माह में दाम एक लाख से ज्यादा बढ़ गए हैं। साल के पहले दिन दाम 235500 रुपए थे, जो शुक्रवार की शाम को छह बजे के आस-पास 71 हजार दाम कम होने के कारण 342000 हो गए हैं। इसके एक घंटे बाद ही दाम 11 हजार और कम हो गए और दाम 331000 रुपए हो हो गए। ऐसे में 30 दिनों में करीब एक लाख बढ़े। अगर 82700 हजार दाम कम नहीं होते तो ये दाम एक 177500 रुपए होते।

### सालभर में एक लाख 45 हजार बढ़े दाम

चांदी के दाम कुछ साल पहले तक सीमित ही बढ़ते थे, लेकिन बीते साल में चांदी के दाम में भारी इजाफा हुआ। पांच साल पहले 2021 में चांदी के दाम जनवरी में 67520 रुपए थे। ये दाम कम होकर जनवरी 2022 में 60 हजार रुपए हो गए। इसके बाद एक साल में दाम 12 हजार ही बढ़े और जनवरी 2023 में 72 हजार रुपए हुए। इसके बाद एक साल में दाम महज चार हजार बढ़े और जनवरी में 2024 में दाम 76 हजार रुपए हुए। एक साल में फिर से दाम 12500 रुपए ही बढ़े और बीते साल के प्रारंभ में इसके दाम 88500 हो गए। इस साल दाम ने ऐसा कमाल किया है कि इसके दाम अब ढाई लाख के पार हो गए। लेकिन सटोरियों के कारण साल के अंत में एक सप्ताह के बंद बाजार में दाम कम ज्यादा होते रहे और साल के अंतिम दिन दाम 234200 रुपए रहे। इस तरह से साल भर में दाम में 1 लाख 45 हजार सात सौ रुपए का इजाफा हुआ।

## खबर संक्षेप

### देवी पद्मावती को 23 लाख के कर्णाभूषण अर्पित



**तिरुपति।** हैदराबाद के एक श्रद्धालु ने यहां तिरुचनूर में देवी पद्मावती को 178 ग्राम वजनी एवं बहुमूल्य रत्नजड़ित स्वर्ण कर्णाभूषण अर्पित किए जिनकी कीमत करीब 23 लाख रुपये है। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम् ने बताया कि हैदराबाद के निवासी के. दीपक ने ये आभूषण देवी को अर्पित किए। मंदिर प्रशासन द्वारा कहा गया कि बाद में ये आभूषण टीटीडी अधिकारियों को सौंप दिए गए। तिरुपति दुनिया का सबसे समृद्ध हिंदू तीर्थस्थल है।

### प.बंगाल में आगजनी में दो और गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता के बाहरी इलाके आनंदपुर में पुलिस ने एक मोमो निर्माण इकाई और दो गोदामों में लगी आग के सिलसिले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों में कंपनी के प्रबंधक मनोरंजन शीट और उप प्रबंधक राजा चक्रवर्ती हैं। दोनों को नरेंद्रपुर पुलिस ने हिरासत में लिया है।

### पीटी उषा के पति श्रीनिवासन का निधन



**कोझिकोड।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य पी टी उषा के पति वी श्रीनिवासन का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। सूत्रों ने बताया कि श्रीनिवासन शुक्रवार तड़के अपने आवास पर बेहोश हो गए जिसके तुरंत बाद उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

### गैंगरेप के दोषी छह युवकों को 20-20 साल की कैद

**ब्रह्मपुर।** ओडिशा के गंजाम जिले की एक पॉक्सो अदालत ने बैद्यनाथपुर पुलिस थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार के मामले में छह लोगों को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। विशेष सरकारी अभियोजक नारायण पांडा ने बताया कि कोर्ट ने प्रत्येक दोषी पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

# स्कूलों में मुफ्त दिए जाएं सैनेटरी पैड, नहीं तो मान्यता होगी रद्द

सुप्रीम कोर्ट का सख्त आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि प्राइवेट और सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं को मुफ्त में बायोडिग्रेडेबल सैनेटरी पैड दिए जाएं। अगर प्राइवेट स्कूल ये सुविधाएं देने में विफल रहते हैं, तो उनकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी। कोर्ट ने कहा कि सभी राज्य सरकारों को 3 महीने के भीतर इस आदेश का पालन करना होगा। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मेंस्ट्रुअल हेल्थ यानी मासिक धर्म स्वास्थ्य के अधिकार के तहत संविधान में दिए गए जीवन के मौलिक अधिकार का हिस्सा है। वरिष्ठ न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं के लिए सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में केंद्र सरकार की मासिक धर्म स्वच्छता नीति को पूरे देश में लागू करने पर यह आदेश दिया है।

### कोर्ट ने इस याचिका पर सुनाया फैसला

कोर्ट ने यह फैसला मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की नेता जया ठाकुर द्वारा दायर जनहित याचिका पर दिया है, जिसमें ग्रामीण इलाकों में सेनेटरी नैपकिन और मासिक धर्म सुविधाओं की भारी कमी का मुद्दा उठाया गया था। नवंबर, 2022 में कोर्ट ने केंद्र और सभी राज्यों को नोटिस जारी किया था। 10 अप्रैल, 2023 को कोर्ट ने केंद्र सरकार को स्कूली छात्राओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता पर एक राष्ट्रीय नीति बनाने का निर्देश दिया था।

### कोर्ट ने दिए ये आदेश

सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करना होगा कि हर स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय हों। शौचालयों में गोपनीयता और सुलभता का ध्यान रखा जाए। इन्हें विकलांग बच्चों के हिसाब से डिजाइन किया जाए। शौचालयों में हर समय साबुन और पानी उपलब्ध होना चाहिए।

अपहरण-विस्फोट की धमकी

# अहमदाबाद में कुवैत-दिल्ली विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद



मध्य पूर्व देश कुवैत से दिल्ली आ रही इंडिगो की एक उड़ान को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद अचानक गुजरात के अहमदाबाद मोड़ दिया गया। विमान को आ पा ता का ली न स्थिति में शुक्रवार सुबह साढ़े 6 बजे अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारा गया है। अहमदाबाद हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि विमान 180 यात्री और 6 चालक दल के सदस्यों को लेकर दिल्ली आ रहा था। विमान के सुरक्षित उतरने के बाद उसकी तलाशी ली गई और यात्रियों के बैग भी जांचे गए। फिलहाल, इसे फर्जी धमकी बताई गई है।

### टिशू पेपर में लिखी थी धमकी

विमान में एक यात्री को टिशू पेपर पर हाथ से लिखी धमकी मिली। उसमें विमान के अपहरण और उसे बम से उड़ाने का जिक्र था। यात्री तुरंत इसकी जानकारी चालक दल के सदस्यों को दी। पायलट ने एटीसी को सूचित किया और विमान अहमदाबाद में लैंड कराया। सभी यात्रियों को सुरक्षित उतारकर तलाशी ली गई जिसमें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

बड़ा फैसला

# डोनाल्ड ट्रंप ने केविन वॉर्श को चुना नया फेड चीफ


हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए फेडरल रिजर्व के पूर्व गवर्नर केविन वॉर्श को केंद्रीय बैंक का अगला अध्यक्ष नामित किया। इस घोषणा के साथ ही ग्लोबल मार्केट में एक बड़ी हलचल देखी गई। वॉर्श को नीतिगत मामलों में एक 'संतुलित' लेकिन 'सख्त' विकल्प माना जाता है। हालांकि वे ब्याज दरों में कटौती के समर्थक रहे हैं, लेकिन आक्रामक मौद्रिक प्रोत्साहन के प्रति उनकी झिझक ने निवेशकों को सतर्क कर दिया है। ट्रंप का यह कदम जेरोम पॉवेल के कार्यकाल के बाद केंद्रीय बैंक की स्वायत्तता और नीतिगत दिशा में बड़े बदलाव का संकेत माना जा रहा है।

### क्यों वॉर्श को लाए

कुछ मायनों में, वॉर्श रिपब्लिकन राष्ट्रपति के लिए एक अप्रत्याशित पसंद हैं, क्योंकि फेड की भाषा में कहें तो, वे लंबे समय से मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए उच्च ब्याज दरों का समर्थन करने वाले व्यक्ति रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि फेड की प्रमुख ब्याज दर 1% जितनी कम होनी चाहिए, जो कि वर्तमान स्तर लगभग 3.6% से काफी नीचे है। यह एक ऐसा रुख, जिसका कुछ ही अर्थशास्त्री समर्थन करते हैं।




अवैध धान पर सख्ती, तीन हजार से ज्यादा केस बने

# खरीदी का आज अंतिम दिन, बीते साल 91.74, इस बार 92 फीसदी से ज्यादा किसानों ने बेचा धान, बिचौलियों पर कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन 2025-26 के लिए धान खरीदी का आज आखिरी दिन है, लेकिन इससे पहले 30 जनवरी की स्थिति में सरकार ने लगभग उतना ही धान खरीदा है, जितना पिछले साल खरीदा गया गया था। पिछले साल 91.74 फीसदी किसानों ने धान बेचा था। ताजा आंकडों के हिसाब से अब तक 92 फीसदी से ज्यादा किसान धान बेच चुके हैं। इस साल सरकार ने पड़ोसी राज्यों से धान के अवैध परिवहन पर जमकर सख्ती बनाए रखी, नतीजतन साढ़े नौ लाख क्विंटल धान बिकने से पहले पकड़ लिया गया।

▶▶| शेष पेज 5 पर

### सीएम सचिवालय से रखी गई अवैध धान पर निगाह



### किसानों के खाते में आए 30 हजार करोड़, और आएंगे 11 हजार करोड़


राज्य में अब तक धान की जो खरीदी हुई है वह न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय किया गया है। इस खरीदी से राज्य भर के किसानों के खाते में करीब 30 हजार करोड़ रुपए आए हैं। अब राज्य सरकार खरीदी पर किसानों को बोनस देने वाली है। बोनस मिलाकर किसानों को धान की कीमत 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल मिलने वाली है। बोनस की राशि का बकाया 11 हजार करोड़ रुपयों के आसपास है। संभावना है कि यह राशि फरवरी के पहले या दूसरे हफ्ते में किसानों के खाते में आ जाएगी।

चिंतन

# स्कूलों में बेटियों को मिले गरिमामय वातावरण

किसी भी लोकतांत्रिक समाज की असली पहचान यह नहीं होती कि वह कितने कानून बनाता है, बल्कि यह होती है कि वे कानून आम नागरिक खासकर सबसे कमजोर वर्ग के जीवन में कितना बदलाव ला पाते हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश कि देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में लड़कियों को मुफ़्त सैनिटरी पैड उपलब्ध कराए जाएं, लड़के-लड़कियों के अलग शौचालय हों और दिव्यांगों के अनुकूल टॉयलेट बनाए जाएं, इसी बदलाव की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह फैसला केवल प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि यह स्वीकारोक्ति है कि अब तक हमारी शिक्षा व्यवस्था बेटियों की बुनियादी ज़रूरतों को समझने में असफल रही है। स्कूलों में बेटियों को गरीमामय वातावरण दिया जाना जरूरी है। यदि किसी स्कूल में लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट नहीं हैं, तो यह संविधान के अनुच्छेद 14 बराबरी के अधिकार का उल्लंघन है और यदि मासिक धर्म के दौरान उन्हें बुनियादी स्वच्छता सुविधाएं नहीं मिलतीं, तो यह अनुच्छेद 21, यानी जीवन और गरिमा के अधिकार पर चोट है। मासिक धर्म कोई बीमारी नहीं, बल्कि एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन संसाधनों की कमी और सामाजिक चुप्पी ने इसे शर्म और बाधा का विषय बना दिया। यही वजह है कि आज भी लाखों लड़कियां पीरियड्स के दिनों में स्कूल छोड़ने को मजबूर होती हैं। सोशल वर्कर जया ठाकुर द्वारा दायर जनहित याचिका और पिछले चार वर्षों से चल रही सुनवाई इस सच्चाई को उजागर करती है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से नजरअंदाज की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश स्पष्ट करता है कि अब इसे केवल नीति या योजना कहकर टालने की गुंजाइश नहीं है। आज भी देश के कई हिस्सों में लड़कियां मासिक धर्म के दौरान कपड़े का इस्तेमाल करने को मजबूर हैं, क्योंकि स्कूलों में न तो मुफ्त पैड उपलब्ध हैं और न ही इस्तेमाल किए गए पैड के सुरक्षित निपटान की व्यवस्था। नतीजा यह होता है कि पढ़ाई प्रभावित होती है, आत्मविश्वास टूटता है और धीरे-धीरे स्कूल छोड़ने की नौबत आ जाती है। हाल के दिनों में 'पीरियड-शेमिंग' के खिलाफ जो गुस्सा सामने आया है, वह इसी दबे हुए दर्द का परिणाम है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस आर. महादेवन की टिप्पणी इस सोच को उजागर करती है कि शैक्षणिक संस्थानों और कार्यस्थलों पर मासिक धर्म को लेकर जो व्यवहार होता है, वह एक परेशान करने वाली मानसिकता को दर्शाता है। यह सिर्फ लड़कियों की समस्या नहीं, बल्कि पूरे समाज की संवेदनशीलता की परीक्षा है। यह आदेश केवल स्कूल प्रबंधन या सरकारी तंत्र के लिए नहीं है। यह उन कक्षाओं के लिए है, जहां कोई बच्ची मदद मांगने से झिझकती है। यह उन शिक्षकों के लिए है, जो सहयोग करना चाहते हैं, लेकिन संसाधनों के अभाव में विवश हैं। यह उन माता-पिता के लिए भी है, जो अक्सर चुप्पी साध लेते हैं, बिना यह समझे कि उनकी चुप्पी उनकी बेटी की शिक्षा पर कितना भारी पड़ सकती है। मासिक धर्म के दौरान सम्मानजनक सुविधा देना कोई एहसान नहीं, बल्कि एक संवैधानिक और मानवीय जिम्मेदारी है। अब जरूरत है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इस आदेश को कागजों तक सीमित न रखा जाए। स्कूलों की मान्यता को इससे जोड़ना एक सख्त, लेकिन जरूरी कदम है। यह फैसला एक शुरुआत है उस बदलाव की, जहां शिक्षा के रास्ते में मासिक धर्म अब बाधा नहीं बनेगा, बल्कि समझ और संवेदनशीलता के साथ स्वीकार किया जाएगा।

# भविष्य का रोडमैप है भारत-ईयू एफटीए



दृष्टिकोण
पीयूष गोयल

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक कूटनीति में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इससे लाखों रोजगार पैदा होंगे तथा भारतीय युवाओं और किसानों के लिए व्यापक अवसरों का सृजन होगा। विश्व की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच यह एफटीए इतिहास के सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक है। वास्तव में यह व्यापार समझौते से ज्यादा व्यापक है। यह कृत्रिम मेधा (एआई), रक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने वाली विस्तृत साझेदारी है। इस एफटीए से भारत के हर क्षेत्र और नागरिक तथा खास तौर से निर्धन तबकों को लाभ पहुंचेगा।

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक कूटनीति में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इससे लाखों रोजगार पैदा होंगे तथा भारतीय युवाओं और किसानों के लिए व्यापक अवसरों का सृजन होगा। इसके साथ ही लगभग 2 अरब की उस आबादी के लिए धन पैदा होगा, जो मिलकर वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक-चौथाई भाग है। विश्व की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच यह एफटीए इतिहास के सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक है। वास्तव में यह व्यापार समझौते से ज्यादा व्यापक है। यह कृत्रिम मेधा (एआई), रक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने वाली विस्तृत साझेदारी है। इस एफटीए से भारत के हर क्षेत्र और नागरिक तथा खास तौर से निर्धन तबकों को लाभ पहुंचेगा।

यह एफटीए नियम आधारित व्यापार और आर्थिक नीतियों में स्थिरता सुनिश्चित करता है जिससे भारत स्वदेशी और विदेशी निवेश के लिए और ज्यादा आकर्षक बनेगा। यह छोटे व्यवसायियों, स्टार्टअप संस्थाओं और कामगारों के लिए अनेक अवसर पैदा करेगा। विश्व ने प्रधानमंत्री मोदी की घोषणा की सराहना करते हुए इस एफटीए को सभी समझौतों से बड़ा बताया है। यह वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में स्थिरता को मजबूत करता है। यह भारत और यूरोपीय संघ को मुक्त बाजार, पूर्वानुमान क्षमता और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध भरोसेमंद साझेदारों के रूप में स्थापित करता है। भारत ने व्यापार मूल्य के हिसाब से यूरोपीय संघ में अपने 99 प्रतिशत से ज्यादा निर्यात के लिए अभूतपूर्व बाजार पहुंच प्राप्त की है जिससे 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को बल मिलेगा। इस एफटीए से कपड़ा, रेडीमेड वस्त्र, चमड़ा, फुटवियर, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण, हस्तशिल्प, इंजीनियरी सामान और ऑटोमोबाइल जैसे श्रमसाध्य क्षेत्रों को निर्णायक मजबूती मिलेगी। इस समझौते से लगभग 33 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर 10 प्रतिशत तक टैरिफ खत्म होगा। इससे कामगारों, हस्तशिल्पियों, महिलाओं, युवाओं तथा सूक्ष्म, छोटे और मझोले उपक्रमों (एमएसएमई) का सशक्तिकरण होगा। वैश्विक मूल्य श्रृंखला से भारतीय व्यवसाय ज्यादा गहराई से जुड़ेंगे और वैश्विक व्यापार में महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की भूमिका मजबूत होगी। यह समझौता व्यवसायियों और पेशेवर तबके के लिए दूसरे देशों में जाने को आसान बनाते हुए शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाओं और कंप्यूटर जैसे सेवा क्षेत्रों में अवसरों के नए द्वार खोलता है। इन प्रतिबद्धताओं से उच्च मूल्य वाले रोजगार के अवसरों के खुलने के साथ ही प्रतिभा, नवोन्मेष और संवहनीय आर्थिक विकास के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत होती है।

व्यापार समझौते गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने की मोदी सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं। इस रणनीति में क्रांतिकारी सुधारों और विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन के जरिए अर्थव्यवस्था को मजबूत



करना तथा सभी पक्षों के लिए लाभकारी समझौते के उद्देश्य से विकसित और पूरक अर्थव्यवस्थाओं के साथ बातचीत शामिल है। यह रणनीति भारत को अपनी ताकत का सही इस्तेमाल करने और उन लाभकारी बाजारों तक पहुंच बनाने में सक्षम बनाती है जो कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के हितों की रक्षा करते हुए श्रमसाध्य क्षेत्रों में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते भारतीय उद्योगों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के अवसर प्रदान करते हैं और उपभोक्ताओं को विश्व स्तरीय उत्पाद उपलब्ध कराते हैं। मोदी सरकार ने ऐसे समझौते किए हैं, जिनमें टैरिफ में कमी धीरे-धीरे की जाती है। इससे उद्योगों को उचित नीतिगत समर्थन के साथ अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता और गुणवत्ता में सुधार करने के लिए पर्याप्त समय मिलता है। प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण का केंद्र है। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के पूरी तरह अनुरूप है। यह भारत को वैश्विक मंच पर एक गतिशील, विश्वसनीय और दूरदर्शी भागीदार के रूप में स्थापित करता है, जो दोनों क्षेत्रों के लिए समावेशी, मजबूत और भविष्य के लिए तैयार विकास की नींव रखता है। मोदी सरकार ने सिर्फ़ विकसित देशों के साथ ही व्यापार समझौते किए हैं, जो कपड़ा, जूते, रत्न और आभूषण, और हस्तशिल्प जैसे भारत के प्रमुख रोजगार पैदा करने वाले क्षेत्रों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करते हैं। यह यूपीए शासन से बिल्कुल उल्टा है उन्होंने प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं के साथ समझौतों में जल्दबाजी की और अक्सर भारत को मिलने वाले लाभ की तुलना में कहीं अधिक रियायतें दीं। मोदी सरकार ने अर्थशास्त्रियों, औद्योगिक निकायों, विशेषज्ञों और कई सरकारी विभागों एवं मंत्रालयों के साथ गहन विचार-विमर्श के बाद ही मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। परिणामस्वरूप, मोदी सरकार द्वारा हस्ताक्षरित प्रत्येक व्यापार समझौते को उद्योगों से व्यापक सराहना मिली है। मोदी सरकार द्वारा संपन्न प्रत्येक मुक्त व्यापार समझौते ने दोनों पक्षों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं और भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार किया है। इन समझौतों ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनने की दिशा में उसकी यात्रा को तेज़ किया है।

यूपीए के कार्यकाल के दौरान, यूरोपीय संघ सहित विकसित देशों की भारत में रुचि कम हो गई थी, क्योंकि आर्थिक विकास धीमा हो गया था, मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर बनी हुई थी और व्यापार का माहौल निराशाजनक था। तब भारत ने ऐसे लाभप्रद व्यापार समझौतों के मूल्यवान अवसर गंवा दिए, जो विकास को गति दे सकते थे और रोजगार पैदा कर सकते थे। मोदी सरकार द्वारा संपन्न अन्य व्यापार समझौतों के साथ, भारत-ईयू एफटीए, ढुलमुल और निर्णायक नेतृत्व के बीच के अंतर को रेखांकित करता है। जहाँ पहले की सरकारें हिचकिचाती थीं और घुटने टेकती थीं वहीं मोदी सरकार ने बदलाव लाने वाला एक ऐसा समझौता किया है जो बाजारों का विस्तार करने के साथ साथ रोजगार पैदा करता है और भारत के मुख्य हितों की रक्षा करता है। यह इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि कैसे मजबूत नेतृत्व और रणनीतिक स्पष्टता नए अवसरों के दरवाजे खोल सकती है, जो देश को समृद्धि के रास्ते पर ले जा सकते हैं।

(लेखक केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आरक्षण
शशि शेखर




# यूजीसी डैमेज कंट्रोल, पर असल नुकसान किसका

राजनीति में कुछ भी अनायास नहीं होता और कोई भी मुद्दा वर्षों बाद जाकर फलीभूत होता है। जैसे, लोकपाल का मुद्दा हो या विधायिका में महिला आरक्षण का मुद्दा। ऐसे में, यह कयास लगाना गलत नहीं होगा कि यूजीसी नियमों के बाद, अब एक और पुरानी मांग निजी क्षेत्र में आरक्षण जोर पकड़ेगा। वैसे तो सर्वोच्च अदालत ने यूजीसी नियमों के क्रियान्वयन पर फिलहाल रोक लगा दी है। लेकिन, इन नियमों के बाद अब यह कारवां निजी क्षेत्र में आरक्षण तक पहुंचेगा। तब किसका नुकसान ज्यादा होगा, किसका नुकसान कम और ऐसा क्यों और कैसे होगा, आइये, इस पर एक तथ्यात्मक दृष्टिकोण से नजर डालते है। सर्वप्रथम, यूजीसी के बाद क्या हो सकता है, इलेक्टोरल डेमोक्रेसी में वोटर्स के हेड काउंट किए जाते हैं। जाहिर है, कोइ भी राजनीतिक दल ज्यादा वोट पाना चाहता है तो वह किसे ज्यादा तरजीह देगा? इसी सोच ने यूजीसी के नए नियमों को भी जन्म दिया था। मोदी सरकार के 12 साल के कार्यकाल के दौरान, यह पहला ऐसा मास्टर स्ट्रोक था कि या तो विपक्ष का मुंह बंद था या समर्थन में खुल रहे थे।

2016 में संसद में स्वर्गीय राम विलास पासवान ने बार एक मांग रखी थी कि "एक ऐसा क़ानून लेकर आएं, जिससे पिछड़ों, अति पिछड़ों, अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों को प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण का लाभ मिल सके।" जाहिर है, तब उस मांग पर किसी का ध्यान न जाना था, न गया। लेकिन, 21 दिसंबर 2021, प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो का एक प्रेस रिलीज कहता है कि निजी क्षेत्र में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए अफर्मेटिव एक्शन पर एक समन्वय समिति 2006 में प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा बनाई गयी थी। अब तक समन्वय समिति की 9 बैठकें हो चुकी हैं। पहली समन्वय समिति की बैठक में, यह कहा गया कि अफर्मेटिव एक्शन के मुद्दे बेहतर परिणाम पाने का सबसे अच्छा तरीका इंडस्ट्री द्वारा स्वैच्छिक कार्रवाई ही है। इस रिलीज के मुताबिक़, निजी क्षेत्र में आरक्षण के संदर्भ में, उद्योग प्रतिनिधियों का मानना है कि आरक्षण कोई समाधान नहीं है, लेकिन वे हाशिये पर खड़े वर्ग, विशेषकर एससी और एसटी के लिए वर्तमान भर्ती नीति को विस्तारित करने में सरकार और एजेंसियों के साथ साझेदारी करने के इच्छुक हैं और साथ ही कौशल विकास और प्रशिक्षण को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा, शीर्ष उद्योग संघों ने समावेशन के लिए अपनी सदस्य कंपनियों के लिए स्वैच्छिक आचार संहिता (वीसीसी) भी तैयार की है। बहरहाल, अभी तक सरकार या निजी क्षेत्र ने सीधे प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण को स्वीकार तो नहीं किया है, लेकिन इस दिशा में बात आगे बढ़ती दिख रही है। 2016 में जो मांग राम विलास पासवान ने रखी थी, वो मांग खत्म नहीं हुई है और न ही उसे पूरी तरह नकारा गया है। बल्कि उस मांग पर धीरे-धीरे ही सही, लेकिन सकारात्मक रूख के साथ बात आगे बढ़ रही हैं। 2029 से पहले, मौजूदा केंद्र सरकार का सबसे बड़ा मास्टर स्ट्रोक शायद निजी क्षेत्र में आरक्षण हो सकता है! तब जो आज यूजीसी नियमों में ओबीसी शामिल किए हैं, क्या वे तब अपनी हिस्सेदारी नहीं चाहेंगे? हालांकि, कॉरपोरेट सेक्टर आसानी से आरक्षण स्वीकार कर लेगा, इसमें शंका है। वो भी एक साथ 50 फीसदी आरक्षण लागू करवा पाना शायद थोड़ा मुश्किल हो। फिर भी सरकार 5 फीसदी या 10 फीसदी से शुरुआत तो करवा ही सकती है। जो कायदे से पहले एसटी, फिर एससी को निजी क्षेत्र में आरक्षण का लाभ मिलता, क्या यूजीसी नियमों में ओबीसी को शामिल किए जाने की वजह से ऐसा संभव हो पाएगा? क्या ओबीसी वर्ग के लोग यह दावा नहीं करेंगे कि उन्हें भी साथ ही में ये अवसर मिले। क्योंकि सरकार मान चुकी है कि भेदभाव तो ओबीसी के साथ भी होता आ रहा है, ठीक वैसे ही जैसे एससी/एसटी वर्ग के लोगों के साथ। केंद्र सरकार की नौकरियों में सालाना दर पर ओबीसी की हिस्सेदारी बढ़ी तो जरूर है, लेकिन यह महज कुछेक हजार के आसपास है। एक बहुत बड़ी आबादी यानी ओबीसी, दलितों की ऐसी है जिन्हें सरकारी नौकरियों में अकोमडेट कर पाना संभव नहीं दिख रहा है। जाहिर है कि निजी क्षेत्र आखिर आरक्षण से अछूता क्यों रहे, ऐसी मांग वर्षों से होती आ रही है और शायद अब उसके मुकम्मल हो जाने की भी संभावना बन जाए। फिर, संख्या जिसकी जितनी भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। ओबीसी आबादी सर्वाधिक है। राजनीतिक रूप से वे किसी भी दल के लिए अपरिहार्य है। अब, यूजीसी नियमों में एक ही दायरे में ओबीसी/एससी/एसटी वर्ग को शामिल किए जाने के बाद, निजी क्षेत्र में आरक्षण का लाभ जब मिलेगा, तब किसे भले ही अल्पकालिक लेकिन महत्वपूर्ण नुकसान होगा, इसका अंदाजा लगाना कोई मुश्किल काम नहीं है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकारहैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है



संकलित
दर्शन

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ऊं' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ऊं' में 'अ', 'उ' और 'म्' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म्' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म्' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थों के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

## मित्रता मुश्किल समय के लिए एक भरोसा है



संकलित
प्रेरणा

रामायण में हनुमान जी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवाई थी। पहली मुलाकात में श्रीराम ने सुग्रीव से कहा कि मैं मेरी पत्नी सीता को खोज में जंगल-जंगल भटक रहा हूं, लेकिन आप तो राजा हैं। आप जंगल में क्यों रह रहे हैं? पहले सब ठीक था, लेकिन एक दिन हमारे राज्य में एक राक्षस आ गया तो बालि उसे मारने गया। सुग्रीव ने श्रीराम से अपना सारा वृतांत बताया कि कैसे भाई को गलतफहमी हुई। श्रीराम ने सुग्रीव की पूरी बात सुनी और कहा कि ठीक है मैं आपकी मदद करूंगा। पहले तो सुग्रीव को श्रीराम पर भरोसा नहीं हुआ। वह सोचने लगा कि बालि तो इतना बलवान है, राम उसे कैसे मार सकते हैं? ये कैसे मेरी मदद कर पाएंगे? सुग्रीव के चेहरे पर संदेह देखकर श्रीराम ने कहा कि सुग्रीव, अब मैं तुम्हारा मित्र हूं। मित्र के छह गुण हैं। पहला, अपने दोस्त के दुख में दुखी होना। दूसरा, मित्र के दुख को दूर करने का प्रयास करना। तीसरा, मित्र को गलत रास्ते पर जाने से रोकना। चौथा, लेन-देन के समय शंका न करना। पांचवां, हमेशा दोस्त का भला करना और छठा गुण है, विपत्ति के समय दोस्त के साथ खड़े रहना। ये सभी अच्छे मित्र के लक्षण हैं और तुम मुझे अपना मित्र समझ सकते हो। श्रीराम की बातें सुनकर सुग्रीव को उनकी बातों पर भरोसा हो गया। इसके बाद सुग्रीव ने भी सीता की खोज में मदद करने का वचन दिया। दोनों मित्रों ने एक-दूसरे की परेशानी को हल करने का संकल्प लिया।

अंतर्मन




आज की पाती


### काबिल भारतीयों को देश निकाला

बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को बाहर निकालने की बातें करते-करते इस देश ने कब अपने ही सवर्ण समाज को देश से भगाने की नीति बना ली, इसका जवाब कौन देगा? आरक्षण के नाम पर योग्यता का खुलेआम कत्ल हुआ, और मेहनती, काबिल सवर्ण युवाओं को भारत में दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया गया। आज सच्चाई यह है कि भारत अपने सबसे तेज दिमागों को खुद धकेल-धकेल कर यूएसए, यूके और यूरोप भेज रहा है। जिस प्रतिभा पर भारत को खड़ा होना था, वही प्रतिभा आज विदेशों की कंपनियों, लैब्स और यूनिवर्सिटीज की रीढ़ बन चुकी है।यह ब्रेन ड्रेन नहीं बल्कि ब्रेन एक्साइल है। अगर यही चलता रहा, तो आने वाली पीढ़ियां इतिहास में पढ़ेंगी कि भारत को किसी विदेशी ताकत ने कमजोर नहीं किया, भारत ने खुद अपनी सबसे काबिल संतानों को देश से बाहर निकाल दिया। - **प्रदीप देशपांडे**, बिलासपुर

करंट अफेयर

## अमेरिका भारत को 3 प्राचीन कांस्य मूर्तियां लौटाएगा

अमेरिका भारत को तीन प्राचीन कांस्य मूर्तियां लौटाएगा जिन्हें देश के मंदिरों से अवैध रूप से हटा दिया गया था। वाशिंगटन डीसी स्थित स्मिथसोनियन नेशनल म्यूज़ियम ऑफ एशियन आर्ट ने कहा कि तीन मूर्तियां भारत सरकार को वापस की जाएंगी। गहन जांच के बाद इन मूर्तियों के स्त्रोत का पता लगाया गया और रिपोर्ट में यह कहा गया कि इन मूर्तियों को मंदिरों से अवैध रूप से हटाया गया था। संग्रहालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि भारत सरकार ने मूर्तियों में से एक को दीर्घकालिक ऋण पर देने पर सहमति व्यक्त की है। इस तरह की व्यवस्था के तहत संग्रहालय को वस्तु की उत्पत्ति, उन्हें हटाए जाने और वापसी की पूरी कहानी को सार्वजनिक रूप से साझा करने की अनुमति मिल जाएगी। ये मूर्तियां चोल काल (लगभग 990 ईस्वी) की 'शिव नटराज', चोल काल (12वीं शताब्दी) की 'सोमस्कंद' और विजयनगर काल (16वीं शताब्दी) की 'संत सुंदरार विद परवई' हैं। ये मूर्तियां 'दक्षिण भारतीय कांस्य ढलाई की समृद्ध कलात्मकता का उदाहरण हैं', जिन्हें पारंपरिक रूप से मंदिर की शोभायात्राओं में ले जाया जाता था। बयान में कहा गया है कि 'शिव नटराज' प्रतिमा को दीर्घकालिक ऋण पर रखा जाना है।



ऑफ बीट

## जिम की जगह खुद घर पर कर सकते हैं व्यायाम

जीवन यापन की बढ़ती लागत के साथ, जिम की सदस्यता और फिटनेस कक्षाएं तेजी से अप्रचलित होती जा रही हैं। लेकिन अच्छी खबर यह है कि आप घर पर भी खुद से व्यायाम करके उतनी ही प्रगति कर सकते हैं। हृदय सहनशक्ति, मांसपेशियों की ताकत और लचीलापन फिटनेस के सबसे महत्वपूर्ण घटक हैं। और प्रत्येक को बहुत कम या बिना किसी उपकरण के खुद से किया जा सकता है। हृदय सहनशक्ति व्यायाम हृदय और फेफड़ों को काम करने वाली मांसपेशियों को ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने के लिए मजबूर करता है। पैदल चलना, जॉगिंग और दौड़ना बढ़िया विकल्प हैं, वैसे ही साइकिल चलाना, रस्सी कूदना और तैराकी भी है।अगला है मांसपेशियों की ताकत, जिसे हम प्रतिरोध व्यायाम के माध्यम से प्रशिक्षित करते हैं। यह हड्डियों के स्वास्थ्य, संतुलन और चयापचय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर जब हमारी उम्र बढ़ती है और हमारी मांसपेशियों और ताकत में गिरावट आती है। स्क्वैट्स – कूल्हों, घुटनों और टखनों को मोड़कर खड़े होने से लेकर छाती को ऊपर रखते हुए कूल्हों, घुटनों और टखनों को सीधा करके खड़े होने तक। बेहतर लचीलापन आपकी गति की सीमा को बढ़ा सकता है और दैनिक जीवन को प्रबंधित करने की आपकी क्षमता में सुधार कर सकता है।



ट्रेंड

### बापू को नमन

महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर कोटिशः नमन। पूज्य बापू ने स्वदेशी, स्वाधीनता व स्वच्छता को एक सूत्र में बांधकर गौरवशाली भारत की कल्पना करने वाले महात्मा गाँधी के विचार हमें प्रेरित करते रहेंगे।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**



### प्रेम-सुंदर सम्मान

दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र के बच्चों को 'प्रेम-सुंदर सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। यह योजना इसी साल के दसवीं-बारहवीं के रिजल्ट से लागू होगी। मेरी अनंत शुभकामनाएं और आशीर्वाद।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**



### सूचना का अधिकार

आर्थिक सर्वेक्षण में सूचना के अधिकार अधिनियम की "पुनर्मूल्यांकन" की मांग की गई है। मोदी सरकार ने सूचना के अधिकार अधिनियम को व्यवस्थित रूप से कमजोर किया है।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**



### सोशल मीडिया

बच्चे खाना खाते समय सोशल मीडिया स्क्रॉल कर रहे हैं, माता-पिता अनजान बने हुए हैं, यह हमारा भविष्य नहीं हो सकता। 16 से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाना समय की मांग है।

**- सोनू सूद, फिल्म अभिनेता**



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# ट्रंप ने केविन वार्श को फेड का अगला चेयरमैन बनाने की घोषणा की

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को फेडरल रिजर्व के पूर्व गवर्नर केविन वार्श को अमेरिकी केंद्रीय बैंक का अगला चेयरमैन नामित करने की घोषणा की। अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट से इस नामांकन की मंजूरी मिल जाने की स्थिति में 55 वर्षीय वार्श अपना पद संभाल लेंगे।

- मौजूदा चेयरमैन पावेल का कार्यकाल मई में समाप्त होने वाला है

मौजूदा चेयरमैन जेरोम पावेल का कार्यकाल मई में समाप्त होने वाला है। वार्श इसके पहले भी फेडरल रिजर्व से जुड़े रह चुके हैं। वह 2006 से 2011 तक फेड रिजर्व के शासकीय मंडल में शामिल थे और 35 वर्ष की उम्र में इस पद पर नियुक्त होने वाले सबसे युवा गवर्नर बने थे।

## अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट से नामांकन को मंजूरी मिलनी बाकी

### सरकारी कर्ज पर ब्याज के बोझ में आएगी कमी

अमेरिकी राष्ट्रपति का मानना है कि ब्याज दरें कम होने से आर्थिक वृद्धि रफ्तार पकड़ेगी और 38 लाख करोड़ डॉलर के सरकारी कर्ज पर ब्याज के बोझ में कमी आएगी। हालांकि, वार्श की परंपरागत छवि एक 'हॉक' यानी मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिए अपेक्षाकृत ऊंची ब्याज दरों का समर्थन करने वाले विशेषज्ञ की रही है। उन्होंने 2008-09 की वैश्विक वित्तीय मंदी के दौरान अत्यधिक ढीली मौद्रिक नीति पर भी आपत्ति जताई थी।



### लंबे समय से ब्याज दरों में कटौती की वकालत

विश्लेषकों के मुताबिक, वार्श की नियुक्ति फेडरल रिजर्व की नीतिगत स्वतंत्रता को लेकर बहस को तेज कर सकती है। ट्रंप लंबे समय से ब्याज दरों में तेज कटौती की वकालत करते रहे हैं और इस बात पर उन्होंने मौजूदा चेयरमैन पावेल की सार्वजनिक रूप से आलोचना भी की है।

### वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा प्रभाव

फेड चेयरमैन का पद आर्थिक जगत में वैश्विक स्तर पर सबसे प्रभावशाली पदों में से एक माना जाता है। फेड की नीतियां अमेरिका में मुद्रास्फीति, रोजगार, बैंकिंग नियमन और कर्ज की लागत को प्रभावित करती हैं और इनका परोक्ष प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी देखने को मिलता है।

### वार्श दक्षिणपंथी रुझान वाले

वार्श इस समय दक्षिणपंथी रुझान वाले हूवर इंस्टिट्यूशन में फेलो हैं और स्टैनफोर्ड ग्रैजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस में पढ़ाते हैं। फिलहाल वार्श को फेडरल रिजर्व के शासकीय मंडल में शामिल किया जाएगा और सीनेट की मंजूरी मिलने के बाद ट्रंप मई में उन्हें केंद्रीय बैंक के चेयरमैन पद पर पदोन्नत कर देंगे।

### कम ब्याज दरों के समर्थन का दिया संकेत

हाल के वर्षों में वार्श ने अपने भाषणों और लेखों में कम ब्याज दरों के समर्थन के संकेत दिए हैं। जनवरी 2025 में 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' में प्रकाशित एक लेख में उन्होंने कहा था कि विनियमन में ढील और सरकारी खर्च में कटौती से मुद्रास्फीति का दबाव घटेगा, जिससे फेड रिजर्व को दरों में कटौती का अवसर मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### नालको का लाभ 2 फीसदी बढ़कर 1,595 करोड़ रुपए





**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी नालको का 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के दौरान एकीकृत लाभ 1.8 प्रतिशत बढ़कर 1,595.15 करोड़ रुपये रहा है। राजस्व में वृद्धि के चलते कंपनी के मुनाफे में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई है। नालको ने शुक्रवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी।

### एनआईआईटी के लाभ में 70 फीसदी की गिरावट




**नई दिल्ली।** कौशल और प्रतिभा विकास कंपनी एनआईआईटी का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 70.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3.9 करोड़ रुपये रहा है। गिरावट का मुख्य कारण नए श्रम कानूनों के कार्यान्वयन से जुड़ी लागत रही। एनआईआईटी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 13.3 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 8 अरब डॉलर की वृद्धि



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 8.05 अरब डॉलर बढ़कर 709.41 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले सप्ताह में कुल मुद्रा भंडार 14.16 अरब डॉलर बढ़कर 701.36 अरब डॉलर रहा था।

### फेसबुक इंडिया के मुनाफे में आया 28 फीसदी उछाल



**नई दिल्ली।** फेसबुक इंडिया ने मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में एकल आधार पर लगभग 647.45 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया, जो सालाना आधार पर 28 प्रतिशत अधिक है। टोफलर ने कंपनी द्वारा शेयर बाजार को दी सूचना के आधार पर यह जानकारी दी। फेसबुक इंडिया ने एक साल पहले 504.93 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया था।

### नेस्ले इंडिया का लाभ 45 प्रतिशत उछला




**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली प्रमुख कंपनी नेस्ले इंडिया का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 45.12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 998.42 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 688.01 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

### वेल्स्पन कॉर्प के लाभ में 33 फीसदी की गिरावट

WELSPUN

**नई दिल्ली।** वेल्स्पन कॉर्प का चालू वित्त वर्ष की 31 दिसंबर को समाप्त तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 33 प्रतिशत घटकर 456.36 करोड़ रुपये रहा है। खर्च बढ़ने के कारण कंपनी के मुनाफे में गिरावट आई है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 672.19 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी की कुल आय हालांकि बढ़कर 4,562.04 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 3,656.57 करोड़ रुपये थी।

## एक नए कंट्री पार्टनरशिर फ्रेमवर्क (सीपीएफ) की घोषणा की गई

# विश्व बैंक ने भारत में अगले 5 साल में 8 से 10 अरब डॉलर वित्तपोषण की जताई प्रतिबद्धता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विश्व बैंक समूह और भारत ने शुक्रवार को एक नए 'कंट्री पार्टनरशिप फ्रेमवर्क' (सीपीएफ) की घोषणा की। इसके तहत अगले पांच साल में सालाना आठ से 10 अरब अमेरिकी डॉलर का वित्तपोषण किया जाएगा। इसका उद्देश्य भारत की वृद्धि के अगले चरण को गति देना और एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के उसके दृष्टिकोण को साकार करना है।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने विश्व बैंक समूह के साथ इस नए सीपीएफ का स्वागत किया, जो भारत के 'विकसित भारत' दृष्टिकोण के अनुरूप है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा के नेतृत्व में आए दल से मुलाकात के बाद कहा कि सीपीएफ का उद्देश्य सार्वजनिक कोष को निजी पूंजी के साथ मिलाकर, ग्रामीण और शहरी भारत में अधिक रोजगार सृजित करना और विश्व बैंक समूह के वैश्विक ज्ञान से परियोजनाओं को समृद्ध बनाना है।

### विकसित भारत के समर्थन में विश्व बैंक

वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि दोनों ने भारत के दीर्घकालिक विकास दृष्टिकोण 'विकसित भारत' के समर्थन में भारत-विश्व बैंक सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा, /"सार्वजनिक कोष को निजी पूंजी के साथ मिलाकर, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अधिक रोजगार सृजित करना और बैंक समूह के वैश्विक ज्ञान से परियोजनाओं को समृद्ध बनाना गति और पैमाना दोनों स्तरों पर सतत प्रभाव सुनिश्चित करेगा।/




- वित्त मंत्री सीतारमण ने सीपीएफ का किया स्वागत
- विकसित अर्थव्यवस्था बनने के दृष्टिकोष को साकार करना है
- सीपीएफ का उद्देश्य सार्वजनिक कोष को निजी पूंजी से मिलाकर विकास करना

*रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी गई : यह नई रणनीतिक साझेदारी भारत और विश्व बैंक समूह के बीच एक वर्ष के सहयोग का परिणाम है। युवाओं और महिलाओं को हुनरमंद बनाने, लघु एवं मझोले उद्यमों के लिए बाधाओं को कम करने और अवसरों का विस्तार करने के माध्यम से निजी क्षेत्र के नेतृत्व में रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी गई है।*

### श्रम बाजार में प्रति वर्ष 1.2 करोड़ युवा प्रवेश कर रहे

इसमें कहा गया है कि इस नई साझेदारी के केंद्र में निजी क्षेत्र के नेतृत्व में रोजगार सृजन है। भारत के श्रम बाजार में प्रति वर्ष लगभग 1.2 करोड़ युवा प्रवेश कर रहे हैं, इसलिए रोजगार से समृद्ध क्षेत्रों में निजी निवेश को बढ़ावा देना देश की वृद्धि के अगले चरण के लिए प्राथमिकता है।

### बड़े पैमाने पर निजी क्षेत्र से पूंजी जुटाई जाएगी

वित्त मंत्री ने विकास साझेदारी के महत्व पर जोर दिया जो वित्तपोषण से परे जाकर ज्ञान साझा करने, तकनीकी सहायता और वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों के आदान-प्रदान को भी शामिल करती है। विश्व बैंक ने बयान में कहा कि भारत-विश्व बैंक समूह के बीच नई रणनीतिक साझेदारी देश में इस वैश्विक रोजगार रणनीति को लागू करती है और अगले पांच वर्षों में प्रतिवर्ष आठ से 10 अरब अमेरिकी डॉलर के वित्तपोषण के साथ इसका समर्थन करती है रोजगार सृजित किया जा सके और बड़े पैमाने पर निजी क्षेत्र की पूंजी जुटाई जा सके।

### भारत वैश्विक वृद्धि के प्रमुख इंजन

विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा, /"भारत आज वैश्विक वृद्धि के प्रमुख इंजन में से एक है। हमारी रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य 2047 तक विकसित भारत के रास्ते पर भारत को और भी तेजी से आगे बढ़ने में मदद करना है। उन्होंने कहा, /"अधिक रोजगार सृजन करना हमारे काम का मूल है। यह साझेदारी वित्तपोषण, सुधारों और निजी क्षेत्र के निवेश को एक साथ लाती है ताकि वृद्धि को लाखों भारतीयों के लिए अवसरों में बदला जा सके।/"

# हाइबिड संस्कृति से फर्जी डिग्री को लेकर नियोक्ताओं की चिंता बढ़ी

एजेंसी ⏭ मुंबई



- केवल एक बार होने वाली जांच अब काफी नहीं
- ऑनलाइन तरीके से होने वाली भर्तियों से बढ़ी चिंता

कार्यालय और घर दोनों जगह से काम करने (हाइब्रिड) की संस्कृति और अलग-अलग शहरों से हो रही भर्तियों के कारण, कर्मचारियों के ब्योरे की केवल एक बार होने वाली जांच अब काफी नहीं लग रही है।

शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, 74 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने फर्जी डिग्री और जाली दस्तावेजों को अपनी सबसे बड़ी चिंता बताया है। कार्यबल और मानव संसाधन (एचआर) समाधान प्रदाता कंपनी 'जीनियस एचआरटेक' की रिपोर्ट के अनुसार, अब जब कंपनियां दूरदराज के इलाकों से बड़े पैमाने पर भर्तियां कर रही हैं और घर से काम करने का मॉडल (हाइब्रिड) सामान्य हो गया है, तो कर्मचारी की केवल एक बार की जाने वाली शुरुआती जांच अब काफी नहीं मानी जा रही है।74 प्रतिशत से अधिक लोगों ने फर्जी डिग्री या जाली दस्तावेजों को सबसे बड़ा खतरा माना है। यह चिंता अन्य जोखिमों, जैसे कि कर्मचारियों के व्यवहार का विश्लेषण, अस्थायी तौर पर काम करने वाले (गिग वर्कफोर्स) की जांच या एक साथ दो जगह काम करने (मूनलाइटिंग) की तुलना में कहीं ज्यादा बड़ी है।/" जीनियस एचआरटेक की यह रिपोर्ट दिसंबर, 2025 में 1,316 पेशेवरों से प्राप्त जानकारी पर आधारित है। रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है कि सामग्री सृजित करने वाली कृत्रिम मेधा (जेनरेटिव एआई) में प्रगति के साथ पहचान संबंधी धोखाधड़ी की चिंताएं बढ़ रही हैं।

### जांच प्रणालियों में निवेश बढ़ाना होगा

जीनियस एचआरटेक के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक आर पी यादव ने कहा, /"कर्मचारियों की जांच अब केवल मानव संसाधन विभाग का एक सामान्य काम नहीं रह गया है, बल्कि यह कंपनियों के लिए जोखिम प्रबंधन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। जैसे-जैसे नियुक्तियां डिजिटल और वैश्विक हो रही हैं, संगठनों को सुरक्षित और आधुनिक तकनीक आधारित जांच प्रणालियों में निवेश करना चाहिए, ताकि नियोक्ता और कर्मचारी दोनों के हितों की रक्षा हो सके।"

# भारत में एफडीआई के लिए घरेलू निजी निवेश जरूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि जब तक भारत में घरेलू निजी निवेश नहीं बढ़ेगा, तब तक देश अपेक्षा के मुताबिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित नहीं कर पाएगा। राजन ने कहा कि भारत में कंपनियों के निवेश में सतत रूप से वृद्धि नहीं हो रही है।

- पूर्व आरबीआई गवर्नर राजन ने कहा, निजी क्षेत्र निवेश नहीं कर रहा

जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें यह अजीब नहीं लगता कि जिस देश में आर्थिक वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत (वित्त वर्ष 2025-26) है, जो दुनिया में किसी भी देश के मुकाबले सबसे अधिक है, वहां से पूंजी बाहर जा रही है, राजन ने कहा, ''अगर आपका निजी क्षेत्र भी निवेश कर रहा होता, तो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आता, लेकिन आपका निजी क्षेत्र निवेश नहीं कर रहा है। पूर्व गवर्नर ने कहा, ''इसलिए, यहां कुछ कमी है और हो सकता है, जैसा कि कुछ लोगों ने तर्क दिया है, यह नीतिगत अनिश्चितता के कारण हो। राजन ने यह भी कहा कि इन समस्याओं का समाधान संभव है और सरकार मजबूत वृद्धि दर हासिल करने के लिए आर्थिक सुधारों में रुचि दिखा रही है। क्योंकि एक बार जब हम घरेलू निवेश, यानी अपनी कंपनियों के निवेश को ठीक कर लेंगे, तो हम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को भी ठीक कर सकते हैं।

राजन ने कहा कि तमिलनाडु जैसे कुछ राज्य प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित कर रहे हैं। इसके साथ उन्होंने कहा कि यह जानना जरूरी है कि विदेशी पूंजी भारत से बाहर क्यों जा रही है। उन्होंने कहा, /"मुझे लगता है कि दूसरा कारण अमेरिका-भारत संबंधों में अनिश्चितता है। अगर 50 प्रतिशत शुल्क का यह दबाव हट जाता है, तो हम वास्तव में अधिक वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भाग ले सकेंगे और यह भारत के लिए बहुत फायदेमंद होगा।''

## एनटीपीसी के लाभ में आठ फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली।** बिजली क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एनटीपीसी का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज के साथ 5,597.05 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के अपने वित्त परिणामों की जानकारी दी। एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 5,169.69 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 10 रुपये अंकित मूल्य के साथ 2.75 रुपये प्रति शेयर के दूसरे अंतरिम लाभांश को भी मंजूरी दे दी।

# वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात में मजबूत वृद्धि रही : गोयल

- वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद निर्यात में मजबूती
- पिछले साल दिसंबर में देश का वस्तु निर्यात 1.87 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद इस साल 21 जनवरी तक देश से वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि, मंत्री ने इससे संबंधित आंकड़ों का खुलासा नहीं किया। ग्रेटर नोएडा में 'आईसीएआई वर्ल्ड फोरम ऑफ अकाउंटेंट्स' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा, ''भारत का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात इस साल 21 जनवरी तक लगातार बढ़ रहा है। मुझे विश्वास है कि कड़ी मेहनत और दृढ़ता के बल पर हम अपने ही रिकॉर्ड तोड़ना जारी रखेंगे और जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल दिसंबर में देश का वस्तु निर्यात 1.87 प्रतिशत बढ़कर 38.5 अरब डॉलर रहा था।

इस दौरान आयात 8.7 प्रतिशत बढ़कर 63.55 अरब डॉलर पर पहुंच गया। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान देश का वस्तु निर्यात 2.44 प्रतिशत बढ़कर 330.29 अरब डॉलर रहा।

# शेयर बाजार में तीन दिन से जारी तेजी थमी; सेंसेक्स 297 अंक टूटा



- आईटी, धातु शेयरों में बिकवाली से बाजार दबाव में
- बजट से पहले निवेशकों ने की मुनाफावसूली

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 297 अंक की गिरावट आई, जबकि एनएसई निफ्टी 98 अंक टूट गया। धातु, आईटी और अन्य जिंस शेयरों में बिकवाली दबाव के साथ एक फरवरी को पेश होने वाले बजट से पहले निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। हालांकि, कुछ प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से तेज गिरावट पर अंकुश लगा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 296.59 अंक टूटकर 82,269.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 625.34 अंक तक नीचे आ गया था। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 2,424 में तेजी रही जबकि 1,783 में गिरावट आई जबकि 160 के भाव में बदलाव नहीं आया।

### टाटा स्टील में सबसे अधिक गिरावट

सेंसेक्स के शेयरों में टाटा स्टील में सबसे ज्यादा 4.57 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा, आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस और कोटक महिंद्रा बैंक में भी गिरावट रही।

### इन शेयरों ने दर्ज किया लाभ

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं।

## निवेशकों को सेटलमेंट साइकिल का ध्यान रखना होगा

# आम बजट के दिन शेयर बाजार तो खुलेगा,पर सेटेलमेंट नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यूनियन बजट 2026 के दिन बाजार में उतार-चढ़ाव का फायदा उठाने के लिए अगर आप 30 जनवरी या 1 फरवरी को शेयर खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो पहले कैश सेटलमेंट के नियम समझना बेहद जरूरी है। इस बार रविवार को सेटलमेंट हॉलिडे होने की वजह से 30 जनवरी को खरीदे गए शेयरों को 1 फरवरी को स्क्वेयर ऑफ नहीं किया जा सकेगा, भले ही बजट के कारण उस दिन शेयर बाजार खुले रहेंगे।

- सेटलमेंट हॉलिडे में शेयर व पैसों का लेनदेन नहीं होता

इसका मतलब है कि निवेशकों को अपनी ट्रेडिंग स्ट्रैटेजी बनाते समय सेटलमेंट साइकिल का खास ध्यान रखना होगा, ताकि किसी तरह की असुविधा या अनचाहे जोखिम से बचा जा सके। यूनियन बजट 2026 के दौरान शेयर बाजार में ट्रेडिंग करने वाले निवेशकों के लिए सेटलमेंट नियम समझना बेहद जरूरी है।

### एफएमसीजी सेक्टर पर होगा फोकस

जेफरीज के मुताबिक रिन्यूएबल एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर भी बजट घोषणाओं के आधार पर फोकस में रहेंगे। सोलर इरिगेशन पंप के लिए ज्यादा आवंटन से रिन्यूएबल स्टॉक्स को सहारा मिल सकता है, जबकि पे-कमीशन से जुड़ी प्रोविजनिंग कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के लिए सकारात्मक हो सकती है। इसके अलावा, अगर बजट में पारंपरिक लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसियों के लिए टैक्स छूट की सीमा बढ़ाई जाती है, तो लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों के शेयरों में तेजी आ सकती है। बैंकिंग सेक्टर को डिपॉजिट ग्रोथ से जुड़े कदमों से फायदा मिलने की उम्मीद है, वहीं अफोर्डेबल हाउसिंग लेंडर्स को ब्याज सब्सिडी के दायरे में विस्तार से राहत मिल सकती है।



**निवेशकों को बजट से उम्मीदें :** बजट से जुड़ी उम्मीदों की बात करें, तो ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफरीज का मानना है कि सरकार का कैपेक्स करीब 10 फीसदी बढ़ सकता है और डिफेंस सेक्टर पर खास जोर रहेगा। डिफेंस कैपेक्स में 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी से डिफेंस पीएसयू और उनसे जुड़ी कंपनियों को फायदा हो सकता है।

### क्या होता है सेटलमेंट हॉलिडे का मतलब

अगर आप 1 फरवरी को शेयर खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो ध्यान रखें कि इन शेयरों को 2 फरवरी को नहीं बेचा जा सकेगा। इसकी वजह यह है कि 1 फरवरी को सेटलमेंट हॉलिडे रहेगा। सेटलमेंट हॉलिडे ऐसे दिन को कहा जाता है जब एनएसई और बीएसई पर ट्रेडिंग तो होती है, शेयर और पैसे का वास्तविक लेनदेन नहीं होता, क्योंकि बैंक, क्लियरिंग कॉरपोरेशन या डिपॉजिटरी (एनएसडीएल/ सीडीएसएल) बंद रहते हैं।



*जब तक यह साबित न हो कि ऐसा सार्वजनिक स्थान पर जानबूझकर अपमान और अपदस्थ करने की नीयत से हो*

# केवल किसी व्यक्ति की जाति का नाम लेना ही एससीएसटी अधिनियम के तहत अपराध नहीं बनता: हाईकोर्ट

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में स्पष्ट किया है कि केवल किसी व्यक्ति की जाति का नाम लेना ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत अपराध नहीं बनता, जब तक यह साबित न हो कि ऐसा सार्वजनिक स्थान पर जानबूझकर अपमान और अपदस्थ करने की नीयत से किया गया हो।

- **कोर्ट ने 16 साल पुराने प्रकरण में सत्र न्यायालय द्वारा दी गई सजा को निरस्त करते हुए आरोपी को बरी कर दिया**

कोर्ट ने 16 साल पुराने प्रकरण में सत्र न्यायालय द्वारा दी गई सजा को निरस्त करते हुए आरोपी को बरी कर दिया। यह फैसला न्यायमूर्ति रजनी दुबे ने सुनाया है।

## गवाहों ने अभियोजन का समर्थन नहीं किया



हाईकोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि, अभियोजन यह सिद्ध करने में असफल रहा है कि आरोपी द्वारा कथित रूप से बोले गए शब्द सार्वजनिक स्थान पर शिकायतकर्ता को जानबूझकर अपमानित या भयभीत करने के उद्देश्य से कहे गए हों। केवल जाति का उल्लेख करना, बिना अपमान या अपदस्थ करने की मंशा सिद्ध हुए, एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत अपराध नहीं बनता है। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि जब स्वतंत्र गवाहों ने अभियोजन का समर्थन नहीं किया और स्वयं ट्रायल कोर्ट ने आईपीसी की धाराओं में अपराध घटित न होना माना, तब एससी/एसटी अधिनियम के तहत दी गई सजा टिकाऊ नहीं है। हाईकोर्ट ने अपील स्वीकार करते हुए सत्र न्यायालय के निर्णय को निरस्त कर आरोपी मनोज पांडे को दोषमुक्त कर दिया है।

प्रकरण के मुताबिक 3 सितंबर 2008 को पथरिया स्थित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल सब-स्टेशन में पदस्थ जूनियर इंजीनियर उत्तरा कुमार धृतलहरे ने शिकायत दर्ज कराई थी कि दुर्गा पूजा के लिए 1000 रुपए चंदा मांगे जाने पर इनकार करने पर आरोपी मनोज पांडे ने कथित रूप से जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। पुलिस जांच के बाद मामला न्यायालय पहुंचा और सत्र न्यायालय ने 28 अगस्त 2010 को आरोपी को एससी/एसटी अधिनियम की धारा 3(1)(10) के तहत दोषी ठहराया था, जबकि सह-आरोपी कृष्णा साहू को उसी साक्ष्य पर बरी कर दिया गया था। हाईकोर्ट में दायर याचिका में अपीलकर्ता की ओर से दलील दी गई कि सभी स्वतंत्र गवाह अभियोजन के पक्ष में नहीं आए और उन्हें होस्टाइल घोषित किया गया। इसके बावजूद ट्रायल कोर्ट ने केवल शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर आरोपी को दोषी ठहरा दिया, जो कानूनन उचित नहीं है। यह भी तर्क दिया गया कि जब आईपीसी की सभी धाराओं 451, 384, 294 एवं 506 से आरोपी को बरी कर दिया गया, तब केवल एससी/एसटी एक्ट के तहत दोष सिद्धि टिकाऊ नहीं है।

# जिला अस्पतालों की छवि सुधारने का प्रयास हो, सरकारी डाक्टर नहीं लिखें प्राइवेट दवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला अस्पतालों की रेफरल सेंटर की छवि सुधारने के लिए उसे साधन संपन्न बनाने के साथ लगातार प्रयास किया जाए। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि सरकारी डाक्टर प्राइवेट (बाहरी दवा) लिखने से परहेज करें। ऐसा करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को मिशन मोड में सुदृढ़ करने और सुविधाओं के विस्तार का निर्देश भी दिया।

स्वास्थ्य मंत्री नवा रायपुर स्थित स्वास्थ्य भवन में आयोजित सीएमएचओ और सिविल सर्जन की समीक्षा बैठक में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बीते दो वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, किंतु सरकार की प्राथमिकता अब भी यह सुनिश्चित करना है कि दूरस्थ, वनांचल और जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचें। राज्य के दुर्गम क्षेत्रों में 57 मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से निरंतर सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को इन यूनिटों की नियमित समीक्षा करने और लाभार्थियों से फीडबैक लेना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आपातकालीन सेवाओं को लेकर मंत्री ने 102 महतारी एक्सप्रेस, 108 संजीवनी एक्सप्रेस तथा 1099 से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना सरकार का दायित्व है और इसके लिए सभी स्तरों पर मिशन मोड में कार्य किया जाना चाहिए। इसी क्रम में उन्होंने प्रदेश के 5 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप-स्वास्थ्य केंद्रों को पूरी तरह क्रियाशील करने, पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध कराने तथा अधोसंरचना सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### लैब टेक्निशियन की उपलब्धता पर जोर

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने डायग्नोस्टिक सेवाओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके लिए लैब टेक्नीशियन की उपलब्धता तथा जांचों की गुणवत्ता और सटीकता सुनिश्चित किया जाएगा। शीघ्र ही नए जांच उपकरणों की खरीदी कर सभी अस्पतालों में जांच सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। नए जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों और सिविल सर्जनों को भर्ती से संबंधित विज्ञापन एक सप्ताह के भीतर जारी करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम को एक महत्वाकांक्षी योजना बताते हुए उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर डायलिसिस यूनिट स्थापित करने तथा सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक जन औषधि केंद्रों के विस्तार पर विशेष जोर दिया।

### ब्लड बैंक की उपलब्धता पर जोर

स्वास्थ्य मंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश के शासकीय अस्पताल किसी भी दृष्टि से निजी अस्पतालों से कमतर नहीं हैं। शासकीय अस्पतालों की छवि को और अधिक सशक्त बनाने को सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी बताते हुए उन्होंने सभी जिला अस्पतालों में अनिवार्य रूप से ब्लड बैंक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। जिला अस्पतालों में बेहतर उपचार सुविधाओं के साथ-साथ उच्च स्तरीय स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। बैठक में स्वास्थ्य सेवा संचालनालय से जुड़े तमाम अधिकारी, जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन मौजूद थे।

# बालात्कार जैसे मामलों में देरी एफआईआर रद्द करने का आधार नहीं बन सकती

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और रविंद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने दुष्कर्म केस में महाराष्ट्र के डॉक्टर की याचिका को खारिज कर दिया है। डिवीजन बेंच ने आदेश पारित करते हुए एफआईआर, चार्जशीट और संज्ञान आदेश को रद्द करने से इनकार कर दिया है।

- **दुष्कर्म केस में महाराष्ट्र के डॉक्टर की याचिका खारिज**

महाराष्ट्र के लातूर जिले के रहने वाला डॉ विजय उमाकांत वाघमारे (33) एमएस ऑर्थोपेडिक सर्जन हैं। उसके खिलाफ भिलाई नगर, जिला दुर्ग में वर्ष 2018 में अपराध दर्ज किया गया था। आरोप है कि डॉक्टर ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ रेप किया था। इसके बाद आरोपी लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। जांच के बाद 3 अक्टूबर 2025 को धारा 376 आईपीसी के तहत चार्जशीट पेश की गई, जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, दुर्ग ने संज्ञान लिया। इसके खिलाफ आरोपी डॉक्टर ने बीएनएसएस की धारा 528 के तहत हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

**एफआईआर और चार्जशीट से संज्ञेय अपराध** -राज्य शासन की ओर से पैनल लॉयर ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए सभी मुद्दे तथ्यात्मक विवाद हैं, जिनका निर्णय ट्रायल के दौरान ही हो सकता है। ड्यूटी पर होने का दावा, कॉल रिकॉर्ड, देरी का कारण, सहमति जैसे सवाल साक्ष्य के विषय हैं। उन्होंने कहा कि रेप जैसे मामलों में देरी अपने आप में एफआईआर रद्द करने का आधार नहीं बन सकती। एफआईआर और चार्जशीट से संज्ञेय अपराध स्पष्ट रूप से बनता है। हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के कुछ मामलों का हवाला देते हुए कहा कि एफआईआर या चार्जशीट को रद्द करने की शक्ति अत्यंत सीमित और दुर्लभ मामलों में ही प्रयोग की जानी चाहिए। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि, इस स्तर पर सबूतों की जांच या मिनी ट्रायल नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी और कहा कि याचिकाकर्ता को ट्रायल कोर्ट में अपना बचाव प्रस्तुत करने का पूरा अवसर मिलेगा।

### झूठे मामले में फंसाने का आरोप

याचिकाकर्ता की ओर से झूठे मामले में फंसाने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि कथित घटनाक्रम के समय याचिकाकर्ता पुणे के ससून जनरल अस्पताल में रेजिडेंट डॉक्टर के रूप में पदस्थ थे और अस्पताल की प्रमाणित उपस्थिति रजिस्टर से यह सिद्ध होता है कि वे लगातार ड्यूटी पर थे। यह भी कहा गया कि मार्च 2017 में भिलाई जाने का आरोप असंभव है, क्योंकि उस दौरान वे पुणे में ड्यूटी पर थे। 12 अप्रैल 2017 को भी अस्पताल रिकॉर्ड से स्पष्ट है कि वे ड्यूटी पर मौजूद थे। शिकायतकर्ता की मां शादी के लिए दबाव बना रही थी। 19 महीने की देरी से एफआईआर दर्ज की गई, जो संदेह पैदा करती है। कथित संबंध यदि माना भी जाए तो वे सहमति से थे।

# कोर्ट कर्मचारी रेगुलर स्टूडेंट की तरह नहीं कर सकेंगे पढ़ाई, अनुमति निरस्त

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने कहा है कि, अदालतों में कार्यरत कोई भी कर्मचारी सेवा में रहते हुए नियमित छात्र की तरह शैक्षणिक डिग्री हासिल नहीं कर सकता। नियमित छात्र के तौर पर पढ़ाई करने से कार्यालय के कामकाज और प्रशासनिक अनुशासन पर सीधा असर पड़ता है। इसके साथ ही डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश को रद्द कर दिया है। इससे पहले सिंगल बेंच ने एक कर्मचारी को नियमित छात्र के तौर पर एलएलबी फाइनल ईयर की पढ़ाई करने की अनुमति दे दी थी।

- **हाईकोर्ट बोला- इससे कामकाज और प्रशासनिक अनुशासन पर पड़ेगा असर**

रायपुर जिला कोर्ट में असिस्टेंट ग्रेड-3 के पद पर कार्यरत अजीत चौबेलाल गोहर ने अपनी परिवीक्षा अवधि के दौरान एलएलबी की पढ़ाई शुरू की थी। उसे प्रथम और द्वितीय वर्ष की अनुमति दी गई थी। लेकिन, सत्र 2025-26) में विभाग ने तीसरे वर्ष की पढ़ाई करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। विभाग का कहना था कि नए नियमों के तहत नियमित छात्र के तौर पर पढ़ाई की अनुमति नहीं दी जा सकती। कर्मचारी ने विभाग से अनुमति नहीं देने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस पर सिंगल बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा था कि चूंकि उसने दो साल की पढ़ाई पूरी कर ली है, इसलिए तीसरे वर्ष की अनुमति मिलनी चाहिए। जिसके बाद हाईकोर्ट प्रशासन ने रजिस्ट्रार जनरल के माध्यम से इस फैसले के खिलाफ डिवीजन बेंच में अपील की थी।

### निजी या पत्राचार के माध्यम से ही पढ़ाई

हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने नए नियमों का हवाला देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ जिला न्यायपालिका स्थापना नियम 2023 के नियम 11 के तहत कोई भी कर्मचारी नियमित उम्मीदवार के रूप में परीक्षा में शामिल नहीं हो सकता। केवल निजी या पत्राचार के माध्यम से ही पढ़ाई की जा सकती है। डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के 10 दिसंबर 2025 के आदेश को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही विभाग द्वारा 4 सितंबर 2025 को कर्मचारी को अनुमति देने से इनकार करने के आदेश को बरकरार रखा है। हाईकोर्ट ने पाया कि, सिंगल बेंच पीठ ने विभाग को अपना पक्ष रखने का उचित अवसर दिए बिना ही पहली सुनवाई में आदेश जारी कर दिया था। यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों और न्यायिक अनुशासन के खिलाफ है। कहा कि नियमित छात्र के तौर पर पढ़ाई करने से कार्यालय के कामकाज और प्रशासनिक अनुशासन पर सीधा असर पड़ता है।

**पत्रकारिता विवि का मामला, बीते 11 माह से रिक्त है कुलपति का पद**

# दो बार विज्ञापन रद्द, नया नियम लागू अब तीन का चयन साक्षात्कार के लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि को 11 महीने बाद भी अपना कुलपति नहीं मिल पाया है। यहां कुलपति चयन के लिए जारी किया गया विज्ञापन दो बार रद्द किया गया। कुलपति चयन के पुराने नियमों में बदलाव भी किया गया।

- **नई दिल्ली और हरियाणा के प्रोफेसर हैं दौड़ में, नए सत्र से पहले घोषणा**

पुराने नियमों के अनुसार पत्रकारिता विवि का कुलपति बनने पत्रकारिता क्षेत्र में 20 वर्ष का अनुभव अनिवार्य किया गया था। इसमें बदलाव कर उक्त प्रावधान को समाप्त कर दिया गया है। इन सबके बाद भी विद्यार्थियों को स्थायी कुलपति नहीं मिल सका है। विकास संबंधित कार्य भी अटके हुए हैं। विज्ञापन जारी किए जाने के महीनों बाद यहां कुलपति चयन के लिए फिर से हलचल शुरू हो गई है। कुलपति चयन के लिए अंतिम प्रक्रिया साक्षात्कार होती है। इसके बाद ही अंतिम नाम पर मुहर लगती है। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, तीन नामों का चयन इसके लिए किया गया है। इसमें आईआईएमसी, नई दिल्ली के वीरेंद्र कुमार भारती, आशुतोष मिश्रा और हरियाणा के मनोज दयाल के नाम शामिल हैं। तीनों सदस्यों को फरवरी माह में साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है। तत्पश्चात मार्च अंत तक पत्रकारिता विवि के नए कुलपति की घोषणा हो जाएगा। शैक्षणिक सत्र 2025-26 का अधिकतर समय बगैर कुलपति के ही गुजर गया। अब उम्मीद की जा रही है कि नए सत्र 2026-27 से पहले विद्यार्थियों को नया कुलपति मिल जाएगा।

वर्तमान में पत्रकारिता विवि के कुलपति का दायित्व संभागायुक्त महादेव कांवरे संभाल रहे हैं।

### तीन सदस्यी पैनल नियुक्त

राजभवन द्वारा कुलपति चयन प्रक्रिया पूर्ण करने तीन सदस्यी पैनल नियुक्त कर दिया गया है। रविवि के कुलपति प्रो. सच्चिदानन्द शुक्ल को इस पैनल का अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि केंद्रीय संस्कृत विवि नई दिल्ली के कुलपति प्रो.श्रीनिवास वरखेड़ी को विवि अनुदान आयोग अर्थात यूजीसी द्वारा नियुक्त किया गया है। विवि कार्यपरिषद द्वारा पाच्चजन्य के राष्ट्रीय संपादक हितेश शंकर को नामांकित किया गया है। 30 दिसंबर को यह आदेश जारी किया गया था। पैनल को 6 सप्ताह की अवधि में राज्यापाल को अंतिम नामों का पैनल सौंपने निर्देशित किया गया है। 6 सप्ताह की यह अवधि फरवरी माह के दूसरे पखवाड़े में समाप्त हो जाएगी।

### केवल परीक्षा कार्य ही

स्थायी कुलपति ना होने के कारण यहां विकास संबंधित सभी कार्यों पर रोक लग गई है। केवल परीक्षा व प्रवेश संबंधित आवश्यक कार्यों पर ही प्रभारी कुलपति द्वारा हस्ताक्षर किए जा रहे हैं। पत्रकारिता विवि की स्थापना पश्चात पहली बार इस तरह की स्थिति निर्मित हुई है, जब इतनी लंबी अवधि तक कुलपति का पद रिक्त है। छात्रों में भी इसे लेकर रोष है।

# आ रही गर्मी... अंबिकापुर में रात का पारा 12 के करीब, रायपुर 18 के पार

**रायपुर।** ठंड का प्रभाव खत्म होने के साथ प्रदेश में गर्मी धीमे-धीमे अपना प्रभाव दिखाने लगी है। पिछले चौबीस घंटे में अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 11.9 तक पहुंच गया, वहीं रायपुर का पारा 18.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। अभी पश्चिमी विक्षोभ भी लगातार असर दिखा रहा है, जिसके प्रभाव से 3 फरवरी को बारिश भी होने की संभावना है।


जनवरी के अंतिम दिनों में आए पश्चिमी विक्षोभ ने ठंड बढ़ने के सिलसिले को रोक दिया था। विक्षोभ की लगातार सक्रियता की वजह से तापमान में गिरावट का दौर रुक गया और धीरे-धीरे गर्मी अपना असर दिखाने लगी है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक भले ही मौसम में मामूली बदलाव हो, मगर अब ठंड का दायरा सिमटता जाएगा। अभी इसका प्रभाव सुबह के वक्त महसूस हो रहा है और आने वाले दिनों में इसका असर भी कम हो जाएगा।

पिछले चौबीस घंटे में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दिखी है। अंबिकापुर का सामान्य से 2 डिग्री अधिक तथा रायपुर का पारा 3.8 डिग्री अधिक रहा। वहीं दिन का अधिकतम तापमान उत्तरी इलाकों को छोड़कर शेष क्षेत्रों में सामान्य से अधिक हो चुका है। अभी एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पूर्व ईरान के ऊपर 4.5 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दो नया पश्चिमी विक्षोभ 2 और 5 फरवरी को उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा।

# वन विभाग का कारनामा, शिकारियों से जख्मी टाइगर सफारी में बंधक, हाईकोर्ट से छिपाई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शिकारियों द्वारा शिकार किए गए बाघ सहित अन्य वन्यजीवों के प्रबंधन में वन विभाग के अफसरों द्वारा गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप लगते आ रहे हैं। ऐसे ही एक प्रकरण में शिकारियों के जाल में फंसकर गंभीर रूप से घायल बाघ का उपचार करने के बाद स्वस्थ्य होने के बाद उसे जंगल में छोड़ना था, जिसे जंगल सफारी प्रबंधन ने बंधक बनाकर रखा है। ऐसा करना सीजेडए की गाइड लाइन का साफ तौर पर उल्लंघन है। हद तो तब हो गई जब हाईकोर्ट ने बाघों के शिकार को लेकर स्वतः संज्ञान लेकर पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ से जानकारी मांगी, तो विभागीय अफसरों ने सफारी में बंधक बाघ की जानकारी हाईकोर्ट को नहीं दी।



कोरिया वनमंडल में वर्ष 2025 के अक्टूबर-नवंबर में एक बाघ का शिकार किया गया। हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए बाघों के शिकार के बारे में वन विभाग से जानकारी मांगी। तब वन विभाग के अफसरों ने अप्रैल 2025 में बीजापुर वनमंडल में टाइगर का शिकारियों के जाल में फंसकर गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी छिपा दी।

### यह है सीजेडए की गाइड लाइन

सीजेडए की गाइड लाइन के अनुसार जू में केवल उन्हीं वन्यजीवों को रखा जा सकता है, जो जंगल में शिकार करते हुए गंभीर रूप से घायल हो गया है। मेडिकल ट्रीटमेंट के बाद मांसाहारी वन्यजीवों का कैनाइन टीथ टूट गया हो या फिर वन्यजीव शिकार करने योग्य न हो, ऐसे वन्यजीवों को जू में रखने का नियम है। इसके अलावा जंगल में लावारिश हालत में मिले वन्यजीवों के शावक जिसका खुले में शिकार होने की आशंका रहती है, ऐसे वन्यजीवों को जू में रखने का नियम है। अन्य घायल वन्यजीव उपचार के बाद पूरी तरह से ठीक हो जाए, उस वन्यजीव के स्वस्थ होने के एक माह बाद प्राकृतिक रहवास में छोड़े जाने का नियम है।

### लोहे के क्लच वायर में फंसकर घायल हुआ था बाघ

बीजापुर में शिकारियों ने वन्यजीवों का शिकार करने फंदा लगाया था। इस दौरान बाघ का एक पैर लोहे के क्लच वायर में फंस गया। क्लच वायर फंसे होने के बाद भी बाघ 20 दिनों तक जंगल में भटकता रहा। तब वन विभाग के अफसरों को बाघ के पैर में क्लच वायर फंसे होने की जानकारी मिली। इसके बाद बाघ को रेस्क्यू कर उपचार कराने जंगल सफारी लाया गया।

### रेडियो कालर लगाकर रिलीज कर देना चाहिए

घायल बाघ को वन्यजीव चिकित्सकों ने जब पूरी तरह से स्वस्थ घोषित कर दिया है, ऐसे में विभागीय अफसरों को बाघ को रेडियो कॉलर लगाकर उसके उचित रहवास क्षेत्र में सॉफ्ट रिलीज कर देना चाहिए।

\- नितिन सिंघवी
वन्यजीव प्रेमी

**OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVERNMENT ENGINEERING COLLEGE, BILASPUR (C.G.) 495009**
**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, बिलासपुर (छ. ग.) 495009**
Phone: 07752-260289, Email:- principalgecbilaspur@gmail.com
Website:- www.gecbsp.ac.in

क्रमांक/स्था-2/2026/358 बिलासपुर, दिनांक 29|1|26

**Walk in Interview for Part Time Lecturer**

शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, बिलासपुर में सत्र 2025-26 सम सेमेस्टर हेतु माईनिंग इंजीनियरिंग विभाग के लिए अंशकालीन व्याख्याता (प्रति पिरियड रू. 800/- की दर से अधिकतम रू. 56100/- प्रतिमाह) की आवश्यकता है। इच्छुक उम्मीद्वार दिनांक 11.02.2026. को अपने मूल दस्तावेजों एवं एक सेट सत्यापित फोटो कापी सहित विभागाध्यक्ष माइनिंग इंजीनियरिंग कार्यालय में प्रातः 11:00 बजे साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते है। दस्तावेजो में पैन कार्ड व आधार कार्ड की फोटोप्रति भी संलग्न करें। इन पदों के लिए शैक्षणिक अर्हताएं ए.आई.सी.टी.ई. मापदण्डों के अनुसार होगी।

विज्ञापन महाविद्यालय की वेबसाइट www.gecbsp.ac.in पर देखी जा सकती है।

प्राचार्य,
शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय
बिलासपुर छ.ग.

जी. 252606372/2

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**
E-mail id - nagarpalikakatghora@gmail.com

क्रमांक/191/प्र.मं.आ.यो. 2.0/न.पा.प./2025 कटघोरा, दिनांक 23/01/2026

**दावा आपत्ति आमंत्रण सूचना**

अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य शहरी विकास अभिकरण, छत्तीसगढ़ इन्द्रावती भवन अटल नगर नवा रायपुर के पत्र कमांक/9/ सूडा/PMAY-U 2.0/2024-25/8794 दिनांक 13/03/2025 के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 सबके लिए आवास मिशन BLC घटक अंतर्गत स्वयं की भूमि पर काबिज हितग्राहियों को निर्धारित दिशा-निर्देश अनुसार कट-आफ तिथि दिनांक 31 अगस्त 2024 के पूर्व काबिज हितग्राहियों के आवेदन पत्रों पर नगर पालिका परिषद कटघोरा द्वारा हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर सर्वेकर्ता द्वारा सत्यापन किया जाकर डी.पी.आर. पट्टाधारी का कुल 77 हितग्राहियों की सातवी सूची तैयार की गई है। उक्त हितग्राहियों का काबिज विवाद मुक्त होने पर उक्त हितग्राहियों का आवास स्वीकृति किया जाना है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति को प्रकाशित सूची में किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर नगर पालिका परिषद कटघोरा कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में दस्तावेज आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। उक्त तिथि उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी।

सूचना जाने

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कटघोरा

**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

क्रमांक / निर्माण / 2025-26/ 8460 कोरबा दिनाँक 29/01/26

**// द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना//**

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी अनुसूची दर पुस्तिका छ.ग. शासन रायपुर दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील दर पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर नीचे लिखे कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी अंतिम तिथि 16.02.2026 है।

| क्र. | कार्य का नाम | वि.ख. | निविदा राशि (लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | प्री.मै. अनुसूचित जाति बालक छात्रावास करतला का भवन निर्माण कार्य | करतला | 152.76 | 1,14,570/- |
| | | योग:- | 152.76 | |

नोट:-
1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह (वर्षा ऋतु सहित)
2. ठेकेदार की श्रेणी "सी" क्लास या उससे उपर। टीप:- निविदा की शर्ते व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in/ में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कोरबा

जी. 252606385/6

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र./निर्माण/2025 दिनांक 29.01.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रं. 54 अंतर्गत कुमगरी मुख्य चौक से पण्डाल होते हुए प्राथमिक शाला कुम्हारी तक सड़क डामरीकरण कार्य (अधोसंरचना मद) (प्रथम निविदा) | 40.00 | 18.02.2026 (T.No. 184239) |
| 2 | वार्ड क्र. 52 अंतर्गत अयोध्यापुरी मुख्यमार्ग बस स्टॉप से होते हुए पाईप लाईन तक सड़क डामरीकरण कार्य (अधोसंरचना मद)) (प्रथम निविदा) | 32.00 | 18.02.2026 (T.No. 184241) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)

**कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, रायपुर परिक्षेत्र रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से प्रपत्र "ए" में प्रतिशत दर पर निम्नानुसार 08 समूह जल प्रदाय योजनाओं के कार्य हेतु Risk and cost पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्रं. | निविदा आमंत्रण क्रं/दिनांक/सिस्टम नं. | जिला | समूह जल प्रदाय योजनाओं का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 327/29-01-2026 184601 | एम.सी.बी. | बरदर | 3124.93 |
| 2 | 328/29-01-2026 184603 | एम.सी.बी. | घुटरा | 1960.41 |
| 3 | 329/29-01-2026 184604 | कोरिया | नरकेली | 1676.85 |
| 4 | 330/29-01-2026 184605 | कोरिया | तामड़ांड | 3422.04 |
| 5 | 331/29-01-2026 184607 | कोरिया | कटघोड़ी | 2771.79 |
| 6 | 332/29-01-2026 184608 | सूरजपुर | रूनियाडीह | 2464.98 |
| 7 | 333/29-01-2026 184609 | सूरजपुर | दुग्गा-बतरा | 2067.90 |
| 8 | 334/29-01-2026 184610 | सूरजपुर | झिलमिली | 5024.48 |

Important Events and Time Schedule Bid Start Date 31-01-2026, Pre Bid meeting date 09-02-2026, Bid Due Date 23-02-2026, PHY Doc. Submission last Date 25-02-2026, PQ Document Download Date 26-02-2026.

नोट :- 1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तों, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में उक्त निविदा दिनांक 30.01.2026 से देखी जा सकती है। 2. विभाग द्वारा कालीसूची में डाले गये ठेकेदार भाग नहीं लेंगे।

कार्यपालन अभियता (निविदा प्रकोष्ठ)
कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,
रायपुर परिक्षेत्र रायपुर (छ.ग.)

जी. 252606380/8

महतारी वंदन योजना की 24वीं किस्त जारी

# महतारी वंदन योजना से महिला सशक्तिकरण को मिला नया आयाम



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा आज जिला नारायणपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से छत्तीसगढ़ शासन की महतारी वंदन योजना की 24वीं किस्त की राशि जारी किया गया। इस अवसर पर प्रदेश की 68 लाख 39 हजार 592 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 641 करोड़ 34 लाख रुपए की राशि का अंतरण किया गया। मुख्यमंत्री शसाय ने राशि का अंतरण करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना से छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण को नया आयाम मिला है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना का शुभारंभ 1 मार्च 2024 को किया गया था। इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत 21 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु की विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें। योजना के शुभारंभ से अब तक 23 किस्तों के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को कुल 14 हजार 954.42 करोड़ रुपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जा चुकी है। यह व्यवस्था वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी पहल सिद्ध हो रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा 24वीं किस्त के रूप में 641.34 करोड़ रुपए की राशि जारी किए जाने के पश्चात महतारी वंदन योजना के अंतर्गत कुल वितरित राशि बढ़कर 15 हजार 595.77 करोड़ रुपए हो जाएगी।

## एसआईआर में शिकायत के आधार पर नाम काटने की साजिश का आरोप, सीईओ को कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के कुछ वार्डों में केवल शिकायत के आधार पर मतदाताओं के नाम सूची से काटे जाने पर साजिश का आरोप लगाते हुए इस मामले की शिकायत मुख्य निर्वाचन अधिकारी से की गई है। कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि प्रशासन द्वारा एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) की कार्यवाही करते हुए मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है, जिसमें मतदाताओं द्वारा समस्त आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए जा रहे हैं। कई स्थानों से यह जानकारी प्राप्त हो रही है कि दावा-आपत्ति प्रक्रिया के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय, पंजीकरण अधिकारी के पास अज्ञात व्यक्तियों या किसी विशेष राजनीतिक दल के बीएलए 2 द्वारा एक साथ सैकड़ों (फार्म-7) आवेदन एक वर्ग विशेष व कांग्रेसी विचारधारा के मतदाताओं के नाम काटने के लिए जमा किए जा रहे हैं, इस तरह की शिकायतें रायपुर के संतोषी नगर, बैरन बाजार, राजातालाब, संजय नगर, बैजनाथपारा व मौदहापारा इलाकों से बड़ी संख्या में प्राप्त हो रही है, जो कि पूरी तरह से गलत एवं आपत्तिजनक है। शिकायत के आधार पर बिना सत्यापन किए मतदाताओं के नाम काटने की प्रक्रिया लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। यदि इस पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई तो बड़ी संख्या में वास्तविक एवं वैच मतदाताओं के नाम सूची से हाए जाने की आशंका है।

### वैध मतदाताओं के नाम न काटे जाएं

ज्ञापन में मांग की गई है कि अज्ञात शिकायतकर्ता के आधार पर किसी भी वैद्य मतदाता का नाम नहीं काटा जाए। सभी आपत्तिकर्ताओं का नाम सार्वजनिक किया जाए यदि शिकायत फर्जी है तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही किया जाए। रायपुर में निगम जोन कार्यालयों से बड़ी संख्या में बीएओ के पास 7 नं. फार्म भेजे जा रहे है। इसमें जोन के अधिकारियों कि भूमिका भी जांच किया जाए। मतदाता सूची से नाम हटाने के पूर्व स्वल सत्यापन एवं उचित जांच अनिवार्य किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस नेता शारिक रईस खान, कामरान अंसारी, नरेश गड़वाल, इदरीश गांधी, नरेंद्र ठाकुर, फैजान कुरैशी, फहीम शेख, सहित अन्य लोगों के नाम शामिल है।

## 14 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी, ट्रेडिंग कंपनी का संचालक गिरफ्तार

**रायपुर।** डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) की टीम ने एक कारोबारी समूह के संचालक को 14 करोड़ रुपए टैक्स चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। कारोबारी ने अपने बेटे के नाम से फर्म संचालित कर बड़े पैमाने पर बोगस बिलिंग कर 80 करोड़ रुपए का बिल काट कर टैक्स चोरी की थी। डीजीजीआई की रायपुर जोनल यूनिट ने मेसर्स विजय लक्ष्मी ट्रेड कंपनी के संचालक संतोष वाधवानी को गिरफ्तार किया है, जो अपने बेटे के नाम पर फर्म का संचालन कर रहा था। संतोष को डीजीजीआई ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। इस मामले में इनवॉइस का मूल्य लगभग 80 करोड़ रुपए है और कर चोरी 14 करोड़ रुपए है। आरोपी को बिना माल या सेवाओं की आपूर्ति के फर्जी इनवॉइस के माध्यम से धोखाधड़ी से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाते हुए पाया गया, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान हुआ।

### जांच में सामने आया टैक्स चोरी

कारोबारी की ट्रेडिंग कंपनी की डीजीजीआई ने खुफिया जानकारी और डेटा एनालिटिक्स के आधार पर जांच की, जिसमें आपूर्तिकर्ताओं के बैंक स्टेटमेंट और करदाता के ई-वे बिल डेटा और अन्य वित्तीय लेनदेन की जांच की। जांच में निष्कर्ष निकाला गया कि कारोबारी फर्जी इनवॉइस के आधार पर फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाने में लिप्त था। इनपुट टैक्स क्रेडिट की राशि 5 करोड़ से अधिक होने पर डीजीजीआई ने कारोबारी को सीजीएसटी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है। डीजीजीआई ने कारोबारी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर शुक्रवार को जेल दाखिल कर दिया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### बैन के बाद भी बिक रहा है ...

आसानी से बेची जा रही हैं। 15 रुपए में पेपर रोल आसानी से मिल रहा है। आदेश का डर दिखाई नहीं दे रहा है। पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए दुकानदारों ने नया तरीका निकाल लिया है। वे अब यह सामान केवल अपने रेगुलर कस्टमर्स को ही चोरी-छिपे उपलब्ध करा रहे हैं। हालांकि, शहर के बाहरी क्षेत्रों में इस आदेश का मिला-जुला असर देखने को मिला है, जहां कुछ दुकानों से ये सामान गायब दिखे।

**आउटडोर स्टेडियम बना नशेड़ियों का अड्डा**-आउटडोर स्टेडियम अब गांजा पीने वालों की सुरक्षित अड्डा बन चुका है। यहां की दर्शक दीर्घा की ओर 100 से अधिक रोलिंग पेपर बिखरे पड़े हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि यहां रोजाना दर्जनों लोग गांजा और चरस जैसे सूखे नशे का सेवन कर रहे हैं। पुलिस की गश्त से बचने के लिए असामाजिक तत्वों ने इसे अपना मुख्य अड्डा बना लिया है। शाम को अंधेरा होते ही यहां नशेड़ियों का जमावड़ा शुरू हो जाता है, जो देर रात तक बेखौफ जारी रहता है। स्टेडियम के पिछले हिस्से, सीढ़ियों के नीचे और दर्शक दीर्घा के चारों ओर रोलिंग पेपर के खाली डिब्बे देखे जा सकते हैं। पुलिस की सख्त कार्रवाई न होने के कारण यहां नशेड़ियों के हौसले बुलंद हैं और वे खुलेआम नशा करने पहुंच रहे हैं।

### भीतर आता है 10...

बना हुआ है। पुलिस कमिश्नर के सख्त आदेश के बावजूद, शहर के बीच दर्जनों दुकानों पर यह प्रतिबंधित सामग्री उपलब्ध है।

### भिलाई का हाल...

रोल शहर की पान दुकानों, किराना दुकानों, पब, कैफे जैसे स्थानों पर बिकने लगा है। हरिभूमि ने रोलिंग पेपर खरीदा। पान ठेला संचालक ने बिना किसी हिचक के टीम हरिभूमि को यह दे दिया। रोलिंग पेपर बेचने वाले पान ठेला संचालक से बातचीत (हरिभूमि स्टिंग)

रिपोर्टर : भैया, कितने का आता है ये रोलिंग पेपर?

संचालकः रोलिंग पेपर की कीमत 10 रुपए है, इसे बढ़ाकर भी बेचते हैं।

रिपोर्टरः इसे कौन खरीदने पहुंचते हैं?

संचालकः युवक-युवतियां और अधेड़ भी कई बार खरीदकर ले जाते हैं।

रिपोर्टर : प्रतिदिन कितना बेचते होंगे भैया?

संचालकः रोज दर्जन भर से अधिक बिकता है। स्कूल, कॉलेज वाले अधिकांश खरीदते हैं।

रिपोर्टरः कितने पान ठेले वाले जो यह बेचते हैं?

संचालकः भैया, हर पान ठेला वाला आजकल इसे रखना शुरू कर दिया है। अच्छी कमाई होती है।

हरिभूमिः पुलिस का क्या रोल है, इसमें कार्रवाई नहीं होती क्या?

संचालकः पुलिस कार्रवाई करती है लेकिन छिपकर बेचना पड़ता है, नहीं तो कार्रवाई हो जाएगी।

लगातार चल रहा है अभियान

नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार चल रहा है। विश्वास अभियान के तहत कई कार्रवाई पुलिस ने किया है। इससे जुड़े लोगों पर भी पुलिस ने शिकंजा कसा है।

विजय अग्रवाल, एसएसपी दुर्ग

### 50 से अधिक जगहों पर ...

सामान जब्त किए गए हैं।

गौरतलब है कि पहले गांजा चिलम से पिया जाता था, जिसमें नशेड़ियों को परेशानी होती थी। गोगो आने के बाद यह आसान हो गया, जिससे इसकी मांग तेजी से बढ़ी। वर्तमान में कई थोक पान मसाला कारोबारी रोजाना 1000 पीस तक गोगो बेच रहे हैं। छोटे शहरों और गांव से पढ़ने आए छात्र सस्ता और आसानी से मिल जाने के कारण सबसे ज्यादा गांजे का नशा कर रहे हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि शहर के कई इलाकों में 'गोगो/रोलिंग पेपर' और चिलम की बिक्री हो रही थी, जिनका इस्तेमाल गांजा की सिगरेट (जॉइंट) बनाने में किया जाता है।**एक लाख के रोलिंग पेपर जब्त**-शिकायतों के बाद पुलिस ने गांजा सेवन में इस्तेमाल होने वाले 'गोगो पेपर' और हुक्का सामग्री की अवैध बिक्री करने वाले दुकानदारों पर शिकंजा कसा है। कार्रवाई में करीब एक लाख रुपए के रोलिंग पेपर जब्त किए गए हैं, वहीं कोटपा एक्ट के तहत भी दुकानों पर कार्रवाई की गई है। एसएसपी रजनेश सिंह के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया गया। जांच के दौरान ऐसे पान ठेले और गुमटियों को चिन्हित किया गया, जहां युवाओं को नशे के लिए इस्तेमाल होने वाली सामग्री खुलेआम बेची जा रही थी। पुलिस के अनुसार इन रोलिंग पेपर्स में टाइटेनियम ऑक्साइड, पोटेशियम नाइट्रेट और क्लोरीन ब्लीच जैसे घातक केमिकल पाए जाते हैं, जो फेफड़ों और दिमाग पर बुरा असर डालते हैं। पुलिस का मानना है कि इनकी आसान उपलब्धता नाबालिगों को अपराध की ओर धकेल रही है।

**एक किलो गांजे से 2500 पीस गोगो**-पुलिस के मुताबिक यदि एक दुकानदार 50 पीस के गोगो का पैकेट 3 से 4 दिन में बेचता है। एक गोगो में 0.3 से 0.5 ग्राम तक गांजा भरा जाता है। यानी एक किलो गांजे से 2000 से 2500 गोगो की खपत होती है। गांजे का सेवन चिलम से भी किया जाता है और शहर में गांजे की रोजाना खपत 10 से 15 किलो तक होती है।

***इन क्षेत्रों में ...***

*बोदरी और सिरगिट्टी क्षेत्र में थोक और चिल्हर में बिक्री की जा रही है।*

### दो बच्चों की मां पर '...

पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत लाटा अटल आवास में निवासरत अरुण सिंह 43 वर्ष अपनी पत्नी बंटी बाई व 13 वर्षीय पुत्र अजित व 9 वर्षीय पुत्री दीप्ति के साथ निवास करता था। बताया जाता है कि अरुण सिंह का पिछले एक साल से तबीयत खराब थी और इसके पहले 27 जनवरी को बंटी बाई ने अपने पुत्र से खेत में कीटनाशक डालने के लिए दवा मंगाई थी। 28 जनवरी की रात बंटी बाई ने अपने पति अरुण सिंह को जहर दे दिया था। देर रात करीब 1:30 बजे पति उल्टियां करने लगा लेकिन उसे अस्पताल लेकर पत्नी नहीं पहुंची बल्कि बच्चों द्वारा बोलने पर थोड़ी देर में ले जाएंगे कहती रही। बाद में उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान 29 जनवरी की देर रात को अरुण सिंह की मौत हो गई। जिसके बाद अरुण सिंह के बच्चों ने अपनी मां के काले कारनामे के पोल खोलने के लिए पुलिस के वरिष्ठ अफसरों के पास जा पहुंचे और बंटी बाई के द्वारा की गई हरकत के बारे में अफसरों को जानकारी दी गई और बच्चों ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि उसकी मां ने ही उसके पिता को जहर घोलकर पिलाई है। इसे लेकर कई बार अपनी पति को जहर देने की बात कही थी। बच्चों द्वारा दी गई जानकारी के बाद पुलिस ने मामले में अपने ही पति अरुण सिंह की जहर देकर हत्या करने वाली बंटी बाई के खिलाफ पुलिस ने धारा 103 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### डेढ़ साल से पति था ...

यह साजिश रची है। हालांकि पुलिस जांच में ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा। पुलिस ने महिला के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### खरीदी का आज अंतिम ...

राज्य में 15 नवंबर 2025 से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत हुई थी, जो 31 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी।। इसके बाद खरीदी के अंतिम आंकड़े भी सामने आ जाएंगे।**सबसे अधिक घुसपैठ इन जिलों से**-हालांकि राज्य के सभी जिलों में अवैध धान परिवहन पकड़ा गया है। अवैध धान बरामदगी को 3 हजार 140 केस बने हैं। इन मामलों में धान परिवहन करने वाले 155 वाहनों को भी जब्त किया गया है। खास बात ये है कि छत्तीसगढ़ की सीमा से लगने वाले कई जिलों में बड़ी मात्रा में धान की बरामदगी की गई है। इनमें सबसे अधिक धान महासमुंद, बिलासपुर, रायगढ़, जांजगीर- चांपा, मनेंद्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर, धमतरी, सारंगढ़-बिलाईगढ़, कवर्धा आदि जिलों में बरामद किया गया है। **एक नजर पिछले और इस सीजन में खरीदी पर**-राज्य में वर्ष 2024-25 में कुल मिलाकर 27 लाख 79 हजार 95 किसानों का पंजीयन किया गया था। इनमें से 25 लाख 49 हजार 606 किसानों ने धान बेचा था। इस हिसाब से धान बचने वाले किसानों की प्रतिशत 91.74 प्रतिशत रहा था। सीजन 2025-26 के लिए 27 लाख 53 हजार 7 किसानों का पंजीयन समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए किया गया था। इनमें से अब तक (30 जनवरी) 25 लाख 328 किसानों ने धान बेचा है। इस हिसाब से धान बेचने वाले किसानों की संख्या 90.82 प्रतिशत रही है। मोटे तौर पर देखा जाए तो धान बेचने वाले किसानों का प्रतिशत लगभग पिछले सीजन जितना ही है।

**धान के अवैध परिवहन पर रहा अंकुश**-राज्य में हर साल धान खरीदी के सीजन में दूसरे राज्यों से अवैध रुप से धान परिवहन कर लाने की कोशिश होती है। इस साल भी यही करने का प्रयास किया जाता रहा है। लेकिन मुख्यमंत्री सचिवालय ने इस बार खास तौर पर अवैध धान की बिक्री पर जमकर शिकंजा कसा है। इस अवैध कारोबार को रोकने के लिए राज्य के सीमावर्ती इलाकों में जबरदस्त नाकेबंदी की गई और कड़ाई से जांच पड़ताल की जाती रही। नतीजा ये सामने आया कि 1 नवंबर 2025 से लेकर 30 जनवरी 2026 के बीच करीब साढ़े 9 लाख क्विंटल धान बरामद किया गया है। जानकारों का मानना है कि राज्य में अवैध धान की यह बरामदगी रिकॉर्डतोड़ है।

**छत्तीसगढ़ संवाद**

(छत्तीसगढ़ शासन, जनसंपर्क विभाग की सहयोगी संस्था)

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर फोन नं. 0771-2512536

क्रमांक/4747/छ.ग.सं/स्थापना/2026 नवा रायपुर, दिनांक: 30/01/2026

**हाउसकीपिंग (साफ-सफाई), गार्डनिंग, विद्युत एवं प्लम्बिंग कार्य से संबंधित मेन्टनेन्स एवं सिक्युरिटी गार्ड हेतु प्लेसमेंट एजेंसी की सेवा बाबत ऑनलाइन ई-निविदा सूचना**

छत्तीसगढ़ संवाद नवा रायपुर, अटल नगर, सेक्टर-19 के कार्यालय भवन की हाउसकीपिंग (साफ-सफाई), गार्डनिंग, विद्युत-प्लम्बिंग कार्य मेन्टनेंस एवं सिक्युरिटी गार्ड की सेवा हेतु वार्षिक अनुबंध पर प्लेसमेंट एजेंसी से लिए जाने हेतु ऑनलाइन ई-निविदा Gem Portal के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। अमानत राशि, निविदा प्रपत्र जमा करने एवं खोलने की तिथि निम्नानुसार है :-

| | |
|---|---|
| अमानत राशि | रु. 1,00,000/- (बिना ब्याज के वापसी योग्य) |
| बिड संख्या | GEM/2026/B/7171118 Date 30/01/2026 |
| प्रि-बिड की तिथि | 04/02/2026, अपरान्ह 03:00 बजे |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 20/02/2026, अपरान्ह 03:00 बजे |
| तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 20/02/2026, अपरान्ह 03:30 बजे |
| वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | तकनीकी निविदा में योग्य पाए गए फ़र्मो का |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ संवाद
नवा रायपुर अटल नगर

संवाद-

**NAGAR PANCHAYAT BARAMKELA**
**Distt.- Sarangarh- Bilaigarh (C.G.)**

**E-Procurement Tender Notice (1rst Call)**

क्र./1244//न.पं./ लो.नि./2025-26 बरमकेला, दिनांक 30.01.2026

Online Tender Are Invited From Competent category registered contractors under Integrated Registration System For the Following, The Last Date for 23.02.2026 at 17.30 Hours.

| Sl. No | Description | ST No. | Amount of the Estimate/EMD Amount |
|---|---|---|---|
| 1 | 1. Construction of cc road From Hari das Home to Kabir chauk at ward no.14<br>2. Construction of cc road From Thakur Ram Home to Ratthu Chauhan Home at ward no.14 | 184639 | (1) 09.04 Lac.<br>(2) 9000/- |

The details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in From 23.02.2026 at 17:30 Hours. (IST) onwards.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत बरमकेला (छ.ग.)

**TENDER NOTICE**

**The Society for Action in Community Health (SACH), on behalf of the State Health Systems Resource Centre (SHSRC), Chhattisgarh,** invites open tenders from eligible Manufacturers, Firms, Companies, Distributors, and Authorized Dealers for the supply, installation, and commissioning of IT Equipment, Software, and Networking Infrastructure.

**Tender documents can be downloaded from www.sachindia.org/tenders**
**Last date for bid submission: 22 February 2026**

Executive Director
SHSRC-Chhattisgarh, Budhapara Bijli Office Chowk Near Kalibadi, Raipur, Chhattisgarh-492001 | E-mail: contact@shsrc-cg.in | Phone: 0771-4531246

**OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT PAMGARH**
**DISTIRCT - JANJGIR-CHAMPA (C.G.)**

**E-procurement Tender Notice (1ST) Main Portal: https://cgeprocurement.gov.in**

NIT. No. 143 Pamgarh/Date- 30/01/2026

Online bids are invited for followings works up to 23/02/2026

| Sr. No. | System Tender no. | Name of work | Probable Amount of Contract (In Lakh) | Earnest Money (In Rs.) | Class of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 184654 | Construction of CC Road and Drain from Dr. Joshi House to Jaikumar House Via Purushottam Yadav House at Ward No. 09, Pamgarh | 13.21 | 10000.00 | D & Above Class |
| 2 | 184656 | Construction of CC Road and Drain from Jaikumar House to Dronacharya School at Ward No. 09, Pamgarh | 12.38 | 9500.00 | |
| 3 | 184659 | Construction of CC Road and Drain from Dronacharya School to Anjali Kirana Store at Ward No. 09, Pamgarh | 13.08 | 10000.00 | |

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 30/01/2026 at 17:30 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**Chief Municipal Officer**
**Nagar Panchayat Pamgarh**

**SAINIK SCHOOL AMBIKAPUR (CHHATTISGARH)**
**(Under the aegis of Sainik Schools Society, New Delhi and Affiliated to Central Board of Secondary Education) (Phone No-07774-261609, E-Mail: ssambikapur@sainikschoolsociety.in)**

**RECRUITMENT OF STAFF**

(NOTE: THIS IS NOT A STATE OR CENTRAL GOVERNMENT JOB)

1. Applications are invited from the eligible candidates for the following Posts purely on contractual basis:-

| Sl No | Posts | No of Post Category | Essential Qualification |
|---|---|---|---|
| (a) | **Post Graduate Teacher (PGT) Mathematics** | 01 (UR) | Integrated Post Graduate course from NCTE recognized university, in the concerned Subject with at least 50% marks in aggregate including B.Ed components (OR) Master Degree from a recognised university with at least 50% marks in aggregate in the concerned subject or any specialization in concerned subject. Provided the candidate has Studied Concerned Subject at Graduation level also. AND B.Ed Degree from NCTE recognized university with at least 50%, marks (OR) Three years integrated B.Ed - M.Ed from NCTE recognized Institution with at least 50% marks (OR) Four years integrated degree with at least 50% marks from NCTE recognized university including B.Ed Component. |
| | **Date of Selection Test** 26 February 2026 | | |
| (b) | **Post Graduate Teacher (PGT) English** | 01 (UR) | |
| | **Date of Selection Test** 27 February 2026 | | |
| | **Age** 21-40 years as on 01 Mar 26 | | |
| | **Monthly Remuneration** Rs 75,208/- (Consolidated) | | |

2. Rent-free accommodation (subject to availability) and free meals with cadets in cadets' Mess during session only will be provided. No other allowances are applicable. 3. Appointment is purely on contractual basis for one year from the date of appointment. Vacation pay will not be applicable for all posts. 4. For further details please visit the school website www.sainikschoolambikapur.org.in. Application forms downloaded from the school website with registration fees of 300 (non-refundable) through RTGS/NEFT/digital mode only (SBI Bank Account Number 37923027067, IFSC Code SBIN0000310) and self-attested certificates/testimonials must be submitted within 21 days from the date of publication of this advertisement. 5. The school will not be responsible for any postal delay. The school reserves the right to cancel or reject any application without notice.

**PRINCIPAL**

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कंपनी)

आम सूचना

विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 61, 62 एवं 86(1) एवं उनके अंतर्गत अधिसूचित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (बहुवर्षीय टैरिफ के निर्धारण हेतु निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2025 के प्रावधानों के परिपालन में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (CSPTCL) द्वारा नियंत्रण वर्ष 2026-27 से वर्ष 2029-30 हेतु पूंजी निवेश योजना के अनुमोदन हेतु याचिका छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष प्रस्तुत की गई है। इय याचिका को याचिका क्रमांक 06/2026 के रूप में पंजीकृत किया गया है।

CSPTCL द्वारा प्रस्तुत उक्त याचिका में पूंजी निवेश योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 से वित्तीय वर्ष 2029-30 के लिए कुल रू. 15367.95 करोड़ की कार्ययोजना के अनुमोदन प्रस्तावित है।

उपरोक्त याचिका की प्रति छततीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के कार्यालय एंव कार्यपालक निदेशक (योजना वाणिज्य एवं नियामक मामले) छ.ग.राज्य.वि.पारे.कं.मर्या., रायपुर के कार्यालय में उपलब्ध है। जिन्हें रूपये 100/- के भुगतान कर किसी भी कार्यालयीन दिवस पर प्राप्त किया जा सकता है। उक्त भुगतान के साथ डाक व्यय हेतु रूपये 50/- के अतिरिक्त भुगतान पर उक्त कार्यालय से डाक द्वारा भी प्राप्त की जा सकती है। यह सूचना एवं याचिका आयोग की वेबसाइट www.cserc.gov.in पर भी उपलब्ध है।

उपरोक्त याचिका पर इच्छुक व्यक्ति/संस्था अपने आपत्तियां/सुझाव, निम्नलिखित पते पर इस आम सूचना के प्रकाशित होने की तिथि से 21 दिनों की समयसीमा के भीतर व्यक्तिगत रूप से अथवा डाक द्वारा सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, सिंचाई कॉलोनी, शांति नगर, रायपुर पिन-492001, E-mail:cserc.sec.cg@nic.in एवं/या कार्यपालक निदेशक (योजना वाणिज्य एवं नियामक मामले) छ.ग.राज्य.वि. पारे.कं.मर्या. विद्युत सेवा भवन, डंगनिया, रायपुर पिन-492013 के पते पर प्रेशित कर सकते हैं। आयोग द्वारा उपरोक्त याचिका पर जनसुनवाई हेतु स्थान, दिनांक एवं समय पृथक से सामाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित किया जाएगा।

कार्यपालक निदेशक (योजना वाणिज्य एवं नियामक मामले)
छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारे.कं.मर्या.रायपुर

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

**NO.021-10/PUBLICATION/454** **Korba West, dtd. 29.01.2026**

e-Bidding TENDER NOTICE No. 1389/2026.

**Online tenders** are invited from Experienced & Prospective Firms for the following Work/Supply:

| S. No | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date of submission & opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **Rfx No. 8100049170** | Deployment of One No. Vehicle Cat-SUV for LDCC System HTPS, Korba West. | **590/-** | **10,578/-** | **18.02.2026** |
| 2. | **Rfx No. 8100049172** | Work for Assistance service in office Computer Work for Various Circle of O/o Addl. C.E. (T&SS), HTPS, Korba West. | **590/-** | **9,581/-** | **19.02.2026** |

NOTE: - 1. Payment of Tender Cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website - **https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.** 2. Quantity as per tender schedule. 3. Any Extension/ Corrigendum / Amendments if required, shall be displayed on our websites only.

SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

**SUPERINTENDING ENGINEER ©**
**O / o THE ADDL. CE (S&P) HTPS, CSPGCL, KORBA WEST**

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) CIN-U40108CT2003SGC015820 GST No. - 22AADCC5773E1ZX
छत्तीसगढ़ राज्य भार प्रेषण केन्द्र, रायपुर
दूरभाष PHONE: 0771- 2574172, फैक्स FAX NO. 0771-2574174 Website:www.sldccg.com email:ra.csldc@saldccg.com

आम-सूचना

विद्युत अधिनियम, 2003, की धारा 62 व 64 एवं उनके अन्तर्गत अधिसूचित छत्तीसगढ राज्य विद्युत नियामक आयोग (छराविनिआ) (बहुवर्षीय टैरिफ सिद्धांतों के अनुरूप टैरिफ के निर्धारण और टैरिफ एवं प्रभारों से अनुमानित राजस्व के अवधारण हेतु अपनायी जाने वाली कार्य प्रणाली एवं प्रक्रिया तथा निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2021 तथा छराविनिआ (बहुवर्षीय टैरिफ के निर्धारण हेतु निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2025, के प्रावधानों के परिपालन में छत्तीसगढ़ राज्य भार प्रेषण केन्द्र के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के वास्तविक वार्षिक राजस्व आवश्यकता (ट्रू-अप) एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 से वित्तीय वर्ष 2029-30 के नियंत्रण अवधि के लिए वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) के अनुमोदन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष याचिका प्रस्तुत किया गया है। इस याचिका को याचिका क्रमांक 08/2026 के रूप में पंजीकृत किया गया है। याचिका के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य भार प्रेषण केन्द्र के वित्तीय वर्ष 2024-25 के वास्तविक वार्षिक राजस्व आवश्यकता (ट्रू-अप) एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 से वित्तीय वर्ष 2029-30 के एसएलडीसी शुल्क एवं प्रभार का विवरण निम्नानुसार हैः-

छत्तीसगढ़ राज्य भार प्रेषण केन्द्र
वर्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर)
(सभी राशि करोड़ रूपये में)

| क्रमांक | विवरण | सत्र 2026-27 | सत्र 2027-28 | सत्र 2028-29 | सत्र 2029-30 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वित्तीय वर्ष 2025-2026 हेतु प्रस्तावित वार्षिक राजस्व आवश्यकता | 36-74 | 57-87 | 65-99 | 66-91 |
| 2 | वित्तिय वर्ष 2024-25 का केरिंग कॉस्ट सहित राजस्व (आधिक्य)/हानि का समायोजन (वित्तीय वर्ष 2025-26 तक) | (5.23) | | | |
| 3 | वित्तिय वर्ष 2025-26 के लिए समायोजित वार्षिक राजस्व आवश्यकता-A | 31-51 | 57-87 | 65-99 | 66-91 |
| 4 | तंत्र संचालन शुल्क-B | 25-21 | 46-30 | 52-79 | 53-53 |
| 5 | अंतर्राज्यीय बाजार संचालन शुल्क-C | 6-03 | 11-57 | 13-20 | 13-38 |
| 6 | कुल भार प्रेषण शुल्क-A=(B+C) | 31-51 | 57-87 | 65-99 | 66-91 |

उपरोक्त याचिका की प्रति छत्तीसगढ़ विद्युत नियामक आयोग, शांति नगर, रायपुर के कार्यालय एवं छत्तीसगढ़ राज्य भार प्रेषण केन्द्र, डंगनिया, रायपुर के मुख्यालय में उपलब्ध है। याचिका की मुद्रित प्रति कार्यालयीन दिवस में रू.100/- का भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। याचिका की प्रति रू.50/- (डाक व्यय) का अतिरिक्त भुगतान कर डाक द्वारा भी प्राप्त की जा सकती है। याचिका की प्रति वेबसाईट **www.sldccg.com** तथा **www.cserc.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

उक्त याचिका पर आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत करने हेतु इच्छुक पक्षकार अपनी आपत्ति/सुझाव इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 21 दिनों के भीतर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, सिंचाई कॉलोनी, शांति नगर, रायपुर, पिन-492001 **(E-mail: cserc.sec.cg@nic.in)** एवं/या मुख्य अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य भार प्रेषण केन्द्र, डंगनिया, रायपुर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। विद्युत नियामक आयोग द्वारा उपरोक्त याचिका पर जनसुनवाई हेतु स्थान, दिनांक एवं समय पृथक से समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित किया जाएगा।

मुख्य अभियन्ता राज्य भार प्रेषण केन्द्र
छ.ग.रा.वि.ट्रासं.कं.लि.,रायपुर

मैड्रिड। पैंक्रियाटिक कैंसर को दुनिया के सबसे खतरनाक और जानलेवा कैंसरों में गिना जाता है। इसकी पहचान अक्सर देर से होती है और दवाइयों का असर भी बहुत सीमित रहता है। लेकिन अब स्पेन के वैज्ञानिकों ने इसके इलाज का रास्ता खोज लिया है। स्पेन के स्पैनिश नेशनल कैंसर रिसर्च सेंटर (सीएनआईओ) के वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि उन्होंने एक ऐसा इलाज विकसित किया है, जिसने प्रयोगशाला में चूहों में पैंक्रियाटिक कैंसर को पूरी तरह खत्म कर दिया। यह रिसर्च वैज्ञानिक मारियानो बार्बासिद के नेतृत्व में की गई है।

**6 साल से चल रहा था चूहों पर शोध, मिली कामयाबी**


# स्पेन के वैज्ञानिकों का पैंक्रियाटिक कैंसर का इलाज खोजने का दावा!

**खास बातें**

- पैंक्रियाटिक कैंसर से गई थी एपल सीईओ जॉब्स की जान
- 'प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज' जर्नल में प्रकाशित हुए शोध

**ये नया इलाज :** यह इलाज तीन दवाओं (ट्रिपल-ड्रग थेरेपी) का संयोजन है। आमतौर पर कैंसर के इलाज में एक दवा या एक रास्ते को निशाना बनाया जाता है, लेकिन पैंक्रियाटिक कैंसर बहुत चालाक होता है। वह दवाओं के खिलाफ खुद को ढाल लेता है और दोबारा बढ़ने लगता है। इस नई थेरेपी में वैज्ञानिकों ने कैंसर के तीन अलग-अलग जीवन रक्षक रास्तों को एक साथ बंद कर दिया। इससे कैंसर कोशिकाओं को बचने या खुद को बदलने का मौका नहीं मिला।

**चूहों पर क्या नतीजे मिले? :** रिसर्च के दौरान जिन चूहों को यह इलाज दिया गया उनमें ट्यूमर पूरी तरह खत्म हो गया, इलाज के बाद दोबारा कैंसर नहीं लौटा, साइड इफेक्ट बहुत कम देखे गए।



लंबे समय तक निगरानी के बावजूद ट्यूमर के वापस आने के कोई संकेत नहीं मिले. यह पैंक्रियाटिक कैंसर रिसर्च में बहुत ही दुर्लभ और अहम बात मानी जा रही है। ये स्टडी पीएनएएस में प्रकाशित हुआ है।

**यह कहते हैं एक्सपर्ट :** वैज्ञानिक साफ कहते हैं कि अभी इसे इंसानों के लिए 'कैंसर का इलाज' कहना जल्दबाजी होगी। लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि यह रिसर्च अब तक के सबसे मजबूत संकेतों में से एक है कि पैंक्रियाटिक कैंसर को कंबाइंड मेडिसिन से हराया जा सकता है। यह रिसर्च 'नेशनल कैंसर रिसर्च सेंटर' के वैज्ञानिक 'मारियानो बार्बासिड' की अगुवाई में की गई। इसके नतीजे 27 जनवरी को 'प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज' जर्नल में प्रकाशित हुए।

### 10% मरीज ही 5 साल तक रह पाते हैं जिंदा

पैंक्रियाटिक डक्टल एडेनोकार्सिनोमा, जो पैंक्रियाटिक कैंसर का सबसे आम और आक्रामक रूप है। क्योंकि ये जल्दी पकड़ में नहीं आता, इलाज के प्रति जल्दी प्रतिरोधक बन जाता है। यह सबसे खतरनाक कैंसरों में माना जाता है, क्योंकि इसके लक्षण बहुत देर से सामने आते हैं। ज्यादातर मामलों में बीमारी तब पकड़ में आती है, जब वह काफी बढ़ चुकी होती है। इसी वजह से इसके सिर्फ 10% मरीज ही 5 साल तक जिंदा रह पाते हैं। एपल के सीईओ स्टीव जॉब्स की 2011 में इसी से मौत हुई थी।

**पैंक्रियाटिक कैंसर क्या है? :** हमारे पेट के पिछले हिस्से में एक मछली जैसा ऑर्गन होता है। खास बात ये है कि ये ऑर्गन और ग्लैंड दोनों है। ये ऐसे एंजाइम और हॉर्मोन रिलीज करता है, जिससे हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। पैंक्रियाज की सेल्स शरीर की सभी सेल्स की तरह एक निश्चित पैटर्न में बढ़ती और नष्ट होती हैं। डेड सेल्स को हेल्दी सेल्स खाकर खत्म कर देती हैं। कैंसर होने पर ये पैटर्न को तोड़कर कहीं ज्यादा तेजी से बढ़ने लगती हैं और मल्टीप्लाई होने लगती हैं। यही पैंक्रियाटिक कैंसर है।पैंक्रियाटिक कैंसर का सबसे खतरनाक पहलू ये है कि इसमें शुरुआती स्टेज में कोई लक्षण नजर नहीं आता है। इसके लक्षण आमतौर पर तब सामने आते हैं, जब ट्यूमर पाचन तंत्र के दूसरे अंगों को भी प्रभावित करना शुरू कर देता है।

---

**महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी सीएम की मौत से मची है राजनीतिक उथल-पुथल**

# सुनेत्रा ही होंगी एनसीपी की नई बॉस, भुजबल ने दिया संकेत

## डिप्टी सीएम बनाने के लिए भाजपा हाईकमान से होगी बात

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

महाराष्ट्र की सियासत में इस नए साल पर तब भूचाल आ गया, जब डिप्टी सीएम अजित पवार की एक प्लेन क्रैश में मौत हो गई। लंबे समय से राजनीति में अपना वर्चस्व बनाए रखने वाले अजित पवार के जाने के बाद उनकी पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में माहौल गमगीन है और साथ ही पार्टी में उथल-पुथल मची हुई है। पार्टी नेताओं के बीच अब यह चर्चाएं हो रही हैं कि उनके पद पर किसे बैठाया जाए। इस मुद्दे पर एनसीपी के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने एक चैनल से बातचीत में कहा कि अजित पवार के जाने के बाद जो कुछ हुआ, वह सबके सामने है और इससे पार्टी कार्यकर्ता प्रभावित हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जीवन आगे बढ़ता है और अब पार्टी और सरकार चलाने की जिम्मेदारी किसी न किसी को निभानी होगी।

**विधायकों की बैठक जल्द**

भुजबल ने बताया कि उन्होंने सभी एनसीपी विधायकों और विधान परिषद सदस्यों की बैठक बुलाएंगे, जिसमें कांग्रेस लेजिस्लेटिव पार्टी (सीएलपी) नेता के पद पर सुनेत्रा पवार के नाम का ऐलान करेंगे। यह पद पहले अजित पवार के पास था, जो अब खाली है। भुजबल ने कहा कि इसमें कुछ गलत नहीं है, लेकिन फैसला बैठक में ही होगा। कुछ टेक्निकल पहलुओं पर प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे से बातचीत करनी है।



### उपमुख्यमंत्री पद और महत्वपूर्ण विभागों पर दावा

एनसीपी ने उपमुख्यमंत्री पद को भरने पर जोर दिया है। भुजबल सहित प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और धनंजय मुंडे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उनके 'वर्षा' बंगले पर मुलाकात की, जहां अजित पवार के वित्त, राज्य उत्पाद शुल्क और खेल जैसे भारी-भरकम विभागों को एनसीपी कोटे में रखने की मांग उठाई गई। पार्टी का तर्क है कि इससे गठबंधन में शक्ति संतुलन बना रहेगा। सुनेत्रा पवार को उपमुख्यमंत्री बनाने का प्रस्ताव भी मजबूत है, हालांकि वित्त मंत्रालय दिलीप वाल्से पाटिल को मिल सकता है।

**गुटों के विलय पर भुजबल की चुप्पी :** एनसीपी के दोनों गुटों (अजित गुट और शरद पवार गुट) के गठबंधन पर चल रही चर्चाओं पर भुजबल ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने साफ किया कि आने वाले दिनों में होने वाली बैठक ख़ासतौर से से सीएलपी नेता चयन। पार्टी में प्रफुल्ल पटेल को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की भी मांग उठी है। भुजबल ने कहा कि यदि सभी की सहमति बनती है, तो उसके बाद ही तुरंत शपथ ग्रहण हो सकता है। आगे का फैसला पार्टी सदस्य बैठक में लेंगे।

एनसीपी के 41 विधायकों की ताकत गठबंधन के लिए महत्वपूर्ण है, जो महायुति सरकार को स्थिर रखे हुए है।

**यह कहा भाजपा ने**

*सवाल यह भी उठ रहा है कि अब एनसीपी की कमान कौन संभालेगा? महाराष्ट्र के एक बीजेपी नेता ने इस बारे में जानकारी दी है। भाजपा नेता राम कदम ने कहा, 'अजित पवार का अचानक निधन उनकी पार्टी और महाराष्ट्र राज्य दोनों के लिए एक बड़ी क्षति है। उनके बाद उपमुख्यमंत्री कौन बनेगा, यह उनकी पार्टी का निजी मामला है। हालांकि, खबरों के मुताबिक, सुनेत्रा पवार (अजित पवार की पत्नी) के नाम पर विचार किया जा रहा है। वह सिर्फ एक गृहिणी नहीं हैं, वह वर्तमान में सांसद हैं और अगर उन्हें उपमुख्यमंत्री चुना जाता है तो यह फैसला उनकी पार्टी करेगी। मेरा मानना है कि यह अजित पवार को उनकी पार्टी की ओर से एक उचित श्रद्धांजलि होगी।'*

---

**बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ ले लिया बड़ा फैसला**

# स्पेशल इकोनॉमिक जोन किया रद्द, चीन को दी यह जमीन

**दिल्ली में शेख हसीना के भाषण से भड़का**



एजेंसी ▸▸| ढाका

बांग्लादेश ने एक बड़ा फैसला लेते हुए चटगांव में भारत को दिया गया स्पेशल इकोनॉमिक जोन रद्द कर दिया है। यह जमीन अब चीन को ड्रोन फैक्ट्री बनाने के लिए दे दी गई है। इसके साथ ही बांग्लादेश ने चीन से 20 आधुनिक जे-10सीई फाइटर जेट खरीदने की डील भी की है। इन दोनों फैसलों को क्षेत्रीय राजनीति और सुरक्षा संतुलन के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि यह फैसला पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के नई दिल्ली में मीडिया को दिए गए वर्चुअल संबोधन के बाद लिया गया। इस फैसले से भारत-बांग्लादेश संबंधों में और खटास आ सकती है। करीब 850 एकड़ में फैली यह जमीन चटगांव के मीरसाराई इलाके में है, जो भारतीय सीमा से लगभग 100 किलोमीटर दूर है। इस जमीन पर चीन की मदद से ड्रोन निर्माण संयंत्र लगाया जा रहा है, जहां इस साल के अंत तक उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। चीन यहां मीडियम रेंज और वर्टिकल टेक-ऑफ ड्रोन बनाएगा और ड्रोन टेक्नोलॉजी का ट्रांसफर भी करेगा। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत और पाकिस्तान के बाद तीसरा ड्रोन निर्माता देश बन जाएगा। **10 साल पहले हुआ था भारत-बांग्लादेश समझौता-** भारत और बांग्लादेश के बीच 2015 में समझौता हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ढाका यात्रा के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ यह तय हुआ था कि बांग्लादेश में इंडियन इकोनॉमिक जोन (आईईजेड) बनाया जाएगा। यह परियोजना गवर्नमेंट-टू-गवर्नमेंट (जी2जी) फ्रेमवर्क पर आधारित थी और भारत की लाइन ऑफ क्रेडिट (एलओसी) से फंडिंग होनी थी। 2019 में बीईजेडए और अदाणी पोर्ट्स एंड सेज के बीच एमओयू भी साइन हुआ था।

**यह होगा भारत को नुकसान**

भारतीय कंपनियों को टैक्स छूट और सस्ती उत्पादन सुविधा मिलती। भारत का निर्यात बढ़ता। हजारों नौकरियां पैदा होतीं। भारत का क्षेत्रीय प्रभाव मजबूत होता। उत्तर-पूर्व भारत को बेहतर कनेक्टिविटी मिलती। परियोजना रद्द होने से भारत को आर्थिक और रणनीतिक दोनों स्तरों पर झटका लगा है।

---

**सैमसंग एआई आधारित एयर कंडीशनर करेगी पेश**

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी सैमसंग इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि वह 'विंडफ्री' एयर कंडीशनर (एसी) की एक नयी श्रृंखला पेश करेगी, जो कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी से लैस होगी। कंपनी का दावा है कि इससे उपभोक्ताओं को 30 प्रतिशत तक बिजली बचाने में मदद मिलेगी। सैमसंग अपने पूरे रूम एयर-कंडीशनर (आरएसी) पोर्टफोलियो में एआई प्रौद्योगिकी को शामिल करने वाली देश की पहली कंपनी बन जाएगी।वर्ष 2026 के इस नए संग्रह में 'विंडफ्री' एसी के 23 मॉडल शामिल होंगे। ये मॉडल सैमसंग की 'बीस्पोक एआई' प्रौद्योगिकी से लैस होंगे, जिसका उपयोग कंपनी वर्तमान में अपने प्रीमियम रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन और ड्रायर जैसे उपकरणों में कर रही है।बीस्पोक एआई 'बिक्सबी' के माध्यम से ध्वनि निर्देश और उन्नत मशीनी शिक्षण का उपयोग कर उपभोक्ताओं को व्यक्तिगत सुविधा, बिजली की बचत में मदद करता है।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

---

**सीबीआई की चार्जशीट में बड़ा खुलासा**

# तिरुपति प्रसाद विवाद: लड्डू में नहीं था गोमांस वाला घी

एजेंसी ▸▸| तिरुपति

तिरुपति मंदिर में प्रसाद के तौर पर दिए जाने वाले लड्डुओं में मिलावट का दावा आंध्र प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की राजनीति में भी एक अहम मुद्दा बन गया था। अब सीबीआई के नेतृत्व में जांच कर रही एसआईटी की टीम ने अपनी फाइनल चार्जशीट दायर कर दी है। इस चार्जशीट में कहा गया कि 2019 से 2024 के बीच लड्डू वाला प्रसाद बनाने में इस्तेमाल किए गए घी में गोमांस की चर्बी या लार्ड नहीं था। बता दें कि नेल्लोर स्थित भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो की अदालत में 23 जनवरी को आरोप पत्र दाखिल किया गया था। 16 महीने पहले 2024 में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और उनके उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने यह आरोप लगाकर एक विवाद खड़ा कर दिया था कि पवित्र तिरुपति लड्डू में 'पशु वसा' की मिलावट की गई है। अक्टूबर 2024 में सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद इस मामले की जांच के लिए सीबीआई की एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया था।



### एस्टर की मिलावट

आरोप पत्र के अनुसार लड्डू बनाने में इस्तेमाल होने वाले घी में वनस्पति तेलों और डेयरी मानकों की रासायनिक नकल करने के लिए प्रयोगशाला में तैयार किए गए एस्टर की मिलावट पाई गई। इसमें पशु वसा का उपयोग नहीं पाया गया। चार्जशीट से पता चलता है कि उत्तराखंड के भगवानपुर स्थित प्रमुख आपूर्तिकर्ता भोले बाबा ऑर्गेनिक डेयरी एक ऐसी उत्पादन इकाई चला रही थी जिसे जांचकर्ताओं ने 'आभासी' उत्पादन इकाई बताया है।

---

**बोले- घुड़सवारी करते दिखीं तो पसंद आ गईं**

# पत्नी खूबसूरत लगी तो ट्रम्प ने पति को बना दिया मंत्री

एजेंसी ▸▸| वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को एक असामान्य और विवादित वजह बताई कि उन्होंने डॉग बर्गम को यूएस इंटरियर सेक्रेटरी क्यों नियुक्त किया. ट्रंप का कहना था कि उन्होंने बर्गम को इस पद पर इसलिए चुना क्योंकि उन्हें बर्गम की पत्नी कैथ्रिन बर्गम बहुत आकर्षक लगीं, जब उन्होंने दोनों का घुड़सवारी करते हुए वीडियो देखा। यह घटना व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में हुई, जहां ट्रंप ने ड्रग एडिक्शन से निपटने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए. इस मौके पर डॉग बर्गम और उनकी पत्नी कैथ्रिन बर्गम मौजूद थे, जिन्होंने अपने नशे से उबरने के अनुभव साझा किए और इस पहल का समर्थन किया।



**घुड़सवारी वाला वीडियो बना निर्णायक-** ट्रंप ने बताया, 'मैंने उन्हें एक वीडियो में घुड़सवारी करते देखा और मैंने कहा, 'यह कौन हैं?' मैं उनके बारे में नहीं, उनकी पत्नी के बारे में बात कर रहा था." ट्रंप ने कहा कि बाद में उनके सहकर्मियों ने समझाया कि यह जोड़ी कौन है और यही उन्हें प्रभावित करने के लिए काफी था. उन्होंने कहा, 'उन्होंने समझाया, और मैंने कहा, 'मैं उन्हें नियुक्त करने वाला हूं,' क्योंकि कोई भी ऐसा व्यक्ति जिसकी पत्नी जैसी शानदार हो, उसके साथ होना एक अद्भुत बात है।

**बर्गम की सफलता और पत्नी का योगदान-** हालांकि ट्रंप ने बर्गम के करियर और उपलब्धियों की भी तारीफ की, उन्हें सफल व्यवसायी और नॉर्थ डकोटा के दो कार्यकाल वाले मजबूत गवर्नर के रूप में पेश किया. लेकिन बार-बार उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी कैथ्रिन बर्गम इस सफलता में बड़ा योगदान रखती हैं. ट्रंप ने कहा, 'यह एक शानदार जोड़ी है, और कैथ्रिन इस सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा हैं. वह इसे और बेहतर बनाती हैं।

### मंशा और लहजे पर उठे सवाल

*हालांकि, ट्रम्प की इन टिप्पणियों पर तुरंत आलोचना शुरू हो गई। कई लोगों ने इसकी मंशा और लहजे पर सवाल उठाए कि उन्होंने एक कैबिनेट नियुक्ति के लिए किसी महिला की शक्ल-सूरत पर इतना जोर क्यों दिया। ट्रम्प का महिलाओं के बारे में ऐसे बयान देने का पुराना इतिहास रहा है। उन पर अक्सर यह आरोप लगता रहा है कि वह महिलाओं की काबिलियत के बजाय उनके रूप-रंग पर ज्यादा ध्यान देते हैं।*

---

## शब्द पहेली - 6124

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | | ■ | | ■ | ■ | |
| 11 | | 12 | | ■ | ■ | 13 | ■ | 14 | 15 | |
| | ■ | | ■ | 16 | | | | ■ | | ■ |
| ■ | 17 | | ■ | | ■ | | ■ | 18 | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | | ■ | | ■ | 20 |
| 21 | | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | | |
| | ■ | ■ | 23 | ■ | 24 | | | ■ | ■ | |
| 25 | 26 | ■ | 27 | | | ■ | | ■ | 28 | |
| ■ | 29 | | | ■ | ■ | 30 | | | | |

**बाएँ से दाए**

1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह,टीस,लालसा-3
6. हानि,आपत्ति-2
7. दुश्मनी,बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश,आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत,मुसीबत-2
19. शैतानी,बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा,लालसा-4
24. कवि,गजलकार-3
25. जरा,थोड़ा-2
27. मुलायम,नाजुक-3
28. गुफा,खोह-2
29. प्रियतम,सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह.शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा,गंजा-4
4. पंक्ति,लाइन-3
5. लड़की, पुत्री,बेटी -2
7. वहम,संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा,कसम -3
13. गंगा का पानी -4
15. तीखा,तीक्ष्ण-3
16. आतुर,धैर्यहीन -4
17. संभवतः-3
18. मर्कट,कपि-3
20. गोविंदा,खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र- 3
22. मनोकामना -4
23. साजन,प्रेमी-3
24. संध्या,सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना,मास-2

**शब्द पहेली- 6123 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | प | रा | या | प | न | ■ | म | च | ल | ना |
| सां | ग | ■ | च | ■ | का | ली | न | ■ | त | ट |
| व | ■ | त | क | रा | र | ■ | का | ल | ■ | की |
| ला | चा | र | ■ | ■ | दे | श | ■ | त | न | य |
| प | ■ | ती | ■ | पा | ना | ■ | गा | ■ | क | ■ |
| न | क | ब | ज | न | ■ | चा | ल | च | ल | न |
| ■ | हा | ■ | मा | ■ | च | र | ■ | ह | ■ | म |
| म | र | ना | ■ | द | म | ■ | ■ | क | स | क |
| र | ■ | श | क | ■ | क | रा | ह | ना | ■ | या |
| दू | ब | ■ | ल | बा | दा | ■ | रा | ■ | या | त्रा |
| द | या | क | र | ■ | र | च | ना | का | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6134

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6133 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

# पांचवां टी20 : सैमसन की फॉर्म में वापसी और अक्षर की फिटनेस पर होगी नजर

## भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज शाम 7 बजे से मुकाबला

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

खिताब का प्रबल दावेदार भारत टी20 विश्व कप से पहले शनिवार को जब न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलने के लिए उतरेगा तो उसे उम्मीद रहेगी कि संजू सैमसन अपने घरेलू दर्शकों के सामने फॉर्म में वापसी करने और अक्षर पटेल फिटनेस हासिल करने में सफल रहेंगे।

विशाखापत्तनम में खेले गए चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत ने प्रयोग करते हुए पांच मुख्य गेंदबाजों को ही खिलाया तथा ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे से गेंदबाजी नहीं करवाई। भारत यह मैच हार गया था लेकिन इससे श्रृंखला के परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि भारतीय टीम पहले ही इसे अपने नाम कर चुकी थी।

### ईशान के रूप में सैमसन का मजबूत विकल्प

ईशान किशन के रूप में भारतीय टीम के पास सैमसन का मजबूत विकल्प मौजूद है। उन्होंने इस श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन इस विकेटकीपर बल्लेबाज को अज्ञात चोट के कारण पिछले मैच से बाहर बैठना पड़ा था। ऑलराउंडर अक्षर भी नागपुर में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उंगली में चोट लगने के बाद से नहीं खेले हैं। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने विशाखापत्तनम में खेले गए चौथे मैच से पहले नेट पर गेंदबाजी की थी।



### न्यूजीलैंड टीम में तेज गेंदबाज फर्ग्यूसन शामिल

न्यूजीलैंड की टीम हालांकि गेंदबाजी में सुधार की उम्मीद कर रही होगी। उसके प्रमुख तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन टीम में शामिल है लेकिन वह अंतिम एकादश में जगह बना पाते हैं या नहीं, यह उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा।

### भारत कर सकता है गेंदबाजी में फेरबदल

जैसा कि श्रृंखला के पिछले मैचों में देखा गया, भारत अपने गेंदबाजी विभाग में एक बार फिर फेरबदल कर सकता है। भारतीय टीम प्रबंधन पिछले दो मैचों में आराम देने के बाद मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को मौका दे सकता है। बल्लेबाजी विभाग में शायद ज्यादा बदलाव न हों, लेकिन टीम प्रबंधन सैमसन पर नजर रखेगा। अपनी निर्भीक बल्लेबाजी के लिए मशहूर सैमसन इस श्रृंखला में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। उनकी फॉर्म के बजाय उनकी तकनीकी कमजोरी चिंता का विषय है, जिससे उनका आत्मविश्वास भी डगमगा गया है। वह सात फरवरी से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे। सैमसन अब अपनी गृह नगर में खेलेंगे और यहां के अपने समर्थकों के सामने शायद वह अपनी खोई हुई लय को फिर से प्राप्त कर लें।

### टीमें इस प्रकार

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उप-कप्तान), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, ईशान किशन (विकेटकीपर), रवि बिश्नोई।

**न्यूजीलैंडः** मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रैसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), जैकब डफी, जैक फाक्स, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, ईश सोढ़ी, लॉकी फर्ग्यूसन।

## खबर संक्षेप



### स्क्वाश : क्वार्टर फाइनल में चोटरानी और अनाहत

**नई दिल्ली।** भारत के वीर चोटरानी ने पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में फ्रांस के विश्व में 19वें नंबर के खिलाड़ी बैपटिस्ट मासोटी को हराकर वाशिंगटन में चल रहे स्क्वाश ऑन फायर ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन उनके हमवतन वेलवन सेंथिलकुमार मैक्सिको के दूसरी वरीयता प्राप्त लियोनेल कार्डेनास से हार गए। विश्व में 49वें नंबर के खिलाड़ी चोटरानी ने चौथी वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी खिलाड़ी को 11-6, 7-11, 8-11, 11-1, 11-9 से हराया। इस पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला इंग्लैंड के छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डेक्लान जेम्स से होगा। महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त अनाहत सिंह ने दूसरे दौर में दक्षिण अफ्रीका की हेले वार्ड को 11-5, 11-8, 12-14, 11-5 से हराया। वह क्वार्टर फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त सना इब्राहिम से भिड़ेंगी।

### भुवनेश्वर में आज से अस्मिता रग्बी लीग



**भुवनेश्वर।** भारत के 24 टीमों के 300 से अधिक खिलाड़ी शनिवार से शुरू होने वाली दो दिवसीय अस्मिता रग्बी महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगे। यह टूर्नामेंट भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की 'अस्मिता' पहल के तहत आयोजित किया जा रहा है, जो महिला खेलों के लिए 'खेलो इंडिया' योजना का एक प्रमुख कार्यक्रम है। भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ, ओडिशा सरकार के खेल एवं युवा सेवा विभाग (डीएसवाईएस) और ओडिशा रग्बी फुटबॉल संघ के सहयोग से इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। इसका लक्ष्य भारत में महिला रग्बी को बढ़ावा देना है। साइ ने कहा कि इस प्रतियोगिता में कुल मिलाकर 24 टीमें भाग लेंगी, जिनमें 336 खिलाड़ी और टीम अधिकारी शामिल हैं। इससे यह देश में आयोजित होने वाले सबसे बड़ा महिला रग्बी टूर्नामेंट में से एक बन गया है।

### अभिषेक को दबाव में रखना हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण

**तिरुवनंतपुरम।** अभिषेक शर्मा भले ही दुनिया भर के गेंदबाजों के लिए बुरे सपने की तरह हों, लेकिन न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी के पास इस भारतीय सलामी



बल्लेबाज के लिए एक सरल रणनीति है, लगातार सटीक गेंदबाजी करके उन्हें दबाव में रखना। विशाखापत्तनम में चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हेनरी ने अभिषेक को गोल्डन डक (पहली गेंद पर आउट) कर दिया था, जिससे कीवी टीम को यह मैच 50 रन से जीतने में मदद मिली थी। हेनरी ने कहा, 'पिछले दो वर्षों से वह शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बल्कि आईपीएल में भी गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना कर रहे हैं।

---

**ऑस्ट्रेलियन ओपनः** चारों ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने कार्लोस

# अल्काराज ने पहली बार फाइनल में बनाई जगह, 5 सेटों में एलेक्जेंडर को हराया

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में जगह बनाई।

इस तरह से 22 साल के अल्काराज चारों ग्रैंड स्लैम पर प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। अब उनका लक्ष्य करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनना होगा। अल्काराज को पांव में ऐंठन और खिंचाव के कारण पिछले साल के उपविजेता ज्वेरेव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन आखिर में वह पांच घंटे 27 मिनट में 6-4, 7-6 (5), 6-7 (3), 6-7 (4), 7-5 से जीत हासिल करने में सफल रहे।




### फाइनल में मुकाबला जोकोविच से

स्पेन के खिलाड़ी अल्काराज ने अच्छी शुरुआत की लेकिन पहले दो सेट जीतने के बाद वह अगले दो सेट में टाइब्रेकर में हार गए। ज्वेरेव पांचवें और निर्णायक सेट में एक समय मैच के लिए सर्विस कर रहे थे लेकिन अल्काराज ने ब्रेक प्वाइंट लेकर वापसी की और फिर इसके बाद जर्मनी के अपने प्रतिद्वंद्वी को मौका नहीं दिया। अल्काराज का फाइनल में मुकाबला 10 बार के ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता नोवाक जोकोविच से होगा, जो 25वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं।

### तीसरे सेट में लंगड़ाने लगे अल्काराज

अल्काराज ने जिस तरह से शुरुआत की थी उससे लग रहा था कि वह आसानी से जीत हासिल कर लेंगे लेकिन तीसरे सेट के नौवें गेम में वह लंगड़ाने लगे और ऐसा लग रहा था कि उन्हें दाहिने पैर के ऊपरी हिस्से में कोई समस्या है। जब अपने प्रतिद्वंद्वी को इलाज के लिए तीन मिनट का ब्रेक दिया गया, तो ज्वेरेव स्पष्ट रूप से परेशान दिखे। तब तीसरी वरीयता प्राप्त यह खिलाड़ी टूर्नामेंट के एक अधिकारी से बात कर रहा था। अल्काराज ने इसके बाद 6-5 से बढ़त बना दी, जिसके बाद उन्हें फिर से अपने पांव की मालिश करवानी पड़ी। ज्वेरेव हालांकि इस सेट को टाइब्रेकर तक खींचने में सफल रहे, जिसमें उन्होंने जीत दर्ज की।

### दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला

चौथे सेट में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला लेकिन ज्वेरेव टाइब्रेकर में फिर से कामयाब रहे और इस तरह से उन्होंने मैच को बराबरी पर ला दिया। चार घंटे से अधिक का समय बीतने के बाद मैच पांचवें सेट में पहुंचा। अल्काराज ने पांचवें सेट के पहले गेम में अपनी सर्विस गंवा दी। इस सेट के छठे गेम में रोमांच तब चरम पर पहुंच गया जब अल्काराज ने ड्रॉप शॉट को लेने के लिए दौड़ लगाई और पूरी गति से स्लाइड करते हुए फोरहैंड विनर शॉट लगाया। इससे दर्शक खुशी से झूम उठे। अल्काराज ने आखिर में पांचवें सेट में 5-4 पर ज्वेरेव की सर्विस तोड़ी और फिर पहले मैच प्वाइंट को भुनाकर फाइनल में प्रवेश किया।

---

**रणजी ट्रॉफी**

# दिल्ली पर मुंबई का पलड़ा भारी सिद्धेश ने लगाया पांचवां शतक



एजेंसी ▶▶| मुंबई

संकटमोचक सिद्धेश लाड के सत्र के पांचवें शतक की मदद से मुंबई ने दिल्ली के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के आखिरी लीग मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को पहली पारी में बढ़त बना ली। तैंतीस वर्ष के लाड ने 178 गेंद में 12 चौकों की मदद से नाबाद 102 रन बनाए।

यह रणजी ट्रॉफी में उनका लगातार चौथा शतक है, जिसकी मदद से मुंबई ने पांच विकेट पर 266 रन बना लिए हैं। लाड ने सुवेद पारकर (नाबाद 53) के साथ छठे विकेट की अटूट साझेदारी में 130 रन जोड़ लिए हैं। इससे पहले दिल्ली ने पहली पारी में 221 रन बनाए थे। लाड ने मुंबई के लिए रणजी के एक सत्र में कम से कम पांच शतक लगाने वाले सचिन तेंदुलकर और रूसी मोदी की बराबरी की । सरफराज खान 24 रन पर आउट हो गए जबकि उनके भाई मुशीर ने 57 रन बनाए । मुंबई के पांच विकेट 136 रन पर गिर गए थे, जिसके बाद लाड और पारकर ने पारी को संभाला।

### हैदराबाद ने छत्तीसगढ के खिलाफ बनाई बढ़त

एक अन्य मैच में हैदराबाद ने छत्तीसगढ के खिलाफ चार विकेट पर 415 रन बनाकर 132 रन की बढत ले ली । अभिरथ रेड्डी (121) और हिमातेजा कोडिमेला (नाबाद 125) ने शतक लगाए जबकि अमन राव ने 52 और प्रज्ञनय रेड्डी ने नाबाद 52 रन की पारी खेली। वहीं पुडुच्चेरी ने सलामी बल्लेबाज नयन कंगायन (120) और अमन खान (118) के शतकों की मदद से 349 रन बनाकर राजस्थान पर पहली पारी में 181 रन की बढत ले ली। राजस्थान ने 168 रन बनाए थे। दूसरी पारी में राजस्थान ने दो विकेट पर 77 रन बना लिए हैं। नादौन में जम्मू कश्मीर ने हिमाचल प्रदेश पर पहली पारी में 219 रन की बढत कर ली है। हिमाचल को 168 रन पर आउट करने के बाद जम्मू कश्मीर ने पांच विकेट पर 387 रन बना लिए हैं। शुभम पुंडीर ने 165 रन का योगदान दिया।

---

**टाटा स्टील मास्टर्स**

# डी गुकेश 11वें दौर में करेंगे हमवतन चिदंबरम का सामना



एजेंसी ▶▶| विज्क आन जी

विश्व चैंपियन डी गुकेश तुर्की के यागिज कान एर्दोगमस पर जीत के बाद टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में हमवतन अरविंद चिदंबरम का सामना करेंगे। साल के पहले सुपर टूर्नामेंट में अब केवल तीन दौर का खेल बाकी हैं।

दस दौर का खेल होने के बाद उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव 6.5 अंकों के साथ आगे चल रहे हैं। उनके साथी खिलाड़ी जावोखिर सिंदारोव, जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम और स्थानीय स्टार जॉर्डन वैन फोरस्ट उनसे आधे अंक पीछे हैं। अमेरिका के हंस मोके नीमन और एर्दोगमस 5.5 अंकों के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश, जर्मनी के विंसेंट कीमर और स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव के पांच-पांच अंक हैं।

### एरिगैसी से आगे प्रज्ञाननंदा

भारत के आर प्रज्ञाननंदा और अनीश गिरी 4.5 अंकों के साथ अर्जुन एरिगैसी से आधे अंक आगे हैं। अरविंद 3.5 अंकों के साथ चेक ग्रैंडमास्टर थाई दाई वान गुयेन से आधे अंक आगे हैं। विश्व चैंपियन बनने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी गुकेश 12वें दौर में नीमन और अंतिम दौर में कीमर से भिड़ेंगे। इस साल के अंत में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले भारत के एकमात्र खिलाड़ी प्रज्ञाननंदा ने शुरुआती दो मैचों में हार के बाद अभी तक अपनी लय हासिल नहीं की है। उनका अगला मुकाबला कीमर से होगा। एरिगैसी और चिदंबरम का प्रदर्शन इस टूर्नामेंट में निराशाजनक रहा है और उन्हें सम्मानजनक स्थिति में पहुंचने के लिए बाकी बचे तीनों मुकाबले जीतने होंगे।



---

# टेनिस टूर्नामेंट : गाडेकी-पीयर्स ने लगातार दूसरे साल जीता मिश्रित युगल का खिताब

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ओलिविया गाडेकी और जॉन पीयर्स 1989 के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार दूसरे साल मिश्रित युगल का खिताब जीतने वाली पहली जोड़ी बन गई है। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली गाडेकी और पीयर्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने फाइनल में क्रिस्टीना म्लाडेनोविक और मैनुअल गिनार्ड की फ्रांसीसी जोड़ी को 4-6, 6-3, 10-8 से हराया।

फाइनल सेट के टाईब्रेकर में गाडेकी और पीयर्स की जोड़ी 7-5 से पिछड़ गई, लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की और 9-7 की बढ़त बना ली। मैच प्वाइंट पर गिनार्ड ने बैकहैंड शॉट नेट में मार दिया, जिससे रॉड लेवर एरिना में ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी अपना खिताब बचाने में सफल रही। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में इससे पहले जिम पुघ और याना नोवोत्ना ने 1988 और 1989 में लगातार खिताब जीते थे।



### देविका थाईलैंड मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचीं

**बैंकॉक।** भारत की देविका सिहाग ने थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में घरेलू प्रबल दावेदार और शीर्ष वरीय सुपानिडा काटेथोंग को सीधे गेम में हराकर बड़ा उलटफेर करते हुए महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारत की 20 वर्षीय गैर वरीय खिलाड़ी ने संयम से खेलते हुए 40 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में सुपानिडा पर 21-19, 21-18 की जीत हासिल की। देविका ने पिछले साल मलेशिया इंटरनेशनल में पहला बीडब्ल्यूएफ अंतरराष्ट्रीय चैलेंज खिताब जीता था। विश्व रैंकिंग में 63वें नंबर की खिलाड़ी देविका अब अगले दौर में चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त ह्वांग यू-सुन से भिड़ेंगी। देविका ने अगस्त 2025 में मलेशिया इंटरनेशनल के फाइनल में हमवतन इशारानी बरुआ को हराया था। वह उस भारतीय मिश्रित टीम का भी हिस्सा थीं जिसने 2025 विश्व विश्वविद्यालय खेलों में कांस्य पदक जीता था। पिछले सत्र में देविका इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 100 की उप विजेता रहीं और 2024 में चार फाइनल में पहुंचीं।

---

**डीकॉक ने अपने 100वें टी20 मैच में लगाया शतक**

# दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज से जीती सीरीज

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

क्विंटन डीकॉक ने अपने 100वें टी20 मैच में शतक जड़ा, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल की।

वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर चार विकेट पर 221 रन बनाए। उसकी तरफ से शिमरोन हेटमायर (77) और ब्रेंडन किंग (49) ने दूसरे विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी की जबकि शेरफेन रदरफोर्ड ने 24 गेंद पर नाबाद 57 रन की तूफानी पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका ने हालांकि डीकॉक की 49 गेंदों में 115 रन की मदद से 17.3 ओवर तीन विकेट पर 225 रन बनाकर 15 गेंद शेष रहते ही जीत हासिल कर ली।



### डीकॉक ने लगाए 10 छक्के

डीकॉक ने डेवाल्ड ब्रेविस से उधार लिए बल्ले से खेलते हुए अपनी पारी में छह चौके और 10 छक्के लगाए। यह उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। रयान रिकेल्टन ने भी अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। उन्होंने 36 गेंदों में 77 रन की पारी खेली, जिसमें नौ चौके और तीन छक्के शामिल हैं।

### रिकेल्टन के साथ 162 रन की साझेदारी

कप्तान एडन मार्क्रम (15) के जल्दी आउट हो जाने के बाद डीकॉक और रिकेल्टन ने दूसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी की। श्रृंखला का तीसरा मैच शनिवार को खेला जाएगा, जिसके बाद दोनों टीमें अगले सप्ताह भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए रवाना होंगी।

## महापुरुषों की प्रतिमाओं की होगी पूछपरख, हर सप्ताह सफाई

रायपुर। नगर निगम का संस्कृति विभाग शहर के प्रमुख स्थानों पर स्थापित महापुरुषों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की आदमकद प्रतिमा की नियमित देखरेख की व्यवस्था करेगा। इसके लिए विभाग की ओर से एक प्रस्ताव बनाया गया है। इसमें प्रति सप्ताह इन महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई से लेकर प्रतिमा में जमी धूल की परत हटाने धुलाई और पुरानी फूलमाला को बदलकर नई फूलमाला बदलने का कार्य प्रमुखता से किया जाएगा। इसके लिए निगम का संस्कृति विभाग जल्द टेंडर कर एजेंसी तय करेगा। इस कार्य में एक वर्ष में 4 लाख रुपए का खर्च अनुमानित है।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शराब दुकानें खोलने का कांग्रेस ने किया विरोध




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर राज्य की शराब दुकानों को खोले जाने पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताते हुए इसका विरोध किया। इसके विरोध में शहर कांग्रेस ने राजधानी रायपुर में शराब दुकानों के सामने जमकर प्रदर्शन किया।

शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शराब दुकानों के खुलने का विरोध किया। शहर की कई शराब दुकानों के सामने कांग्रेस नेताओं ने जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने हाथों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर लेकर रघुपति राघव राजा राम भजन का सामूहिक गायन कर सरकार के निर्णय के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से शराब दुकान के बोर्ड पर कालिख पोतकर उसे जलाया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि सरकार तत्काल इस निर्णय को वापस ले और महापुरुषों की स्मृति व जनभावनाओं का सम्मान करे। इस प्रदर्शन में शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, प्रमोद दुबे, विकास उपाध्याय, श्रीनिवास बंशी कन्नौजे, प्रशांत ठेंगड़ी, सुयश शर्मा, विनोद ठाकुर, योगेश दीक्षित सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इधर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, शराब की काली कमाई के मोह में भाजपा सरकार ने गांधी जी की पुण्यतिथि पर शराब बिकवाई। गांधी जयंती, पुण्यतिथि और कुछ विशेष धार्मिक, सामाजिक अवसरों पर शराब बिक्री पूर्णतः बंद रखने की परंपरा रही है। भाजपा सरकार ने गांधी जी की पुण्यतिथि पर शराब बिक्री करवा कर गांधी जी का अपमान किया है। गांधी जी और उनके सिद्धांतों का विरोध करते-करते भाजपा अब शराब की समर्थक बन गई है।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान आज रायपुर में मुख्यमंत्री, मंत्रियों के साथ करेंगे बैठक



**प्रदेश के किसानों से सीधा संवाद भी करेंगे**

रायपुर। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ जाएंगे।

राजधानी रायपुर, दुर्ग एवं नया रायपुर में होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से वे किसानों से सीधा संवाद करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्रियों सहित राज्य सरकार के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार प्रातः 8.45 बजे रायपुर पहुंचेंगे। रायपुर में थोड़े समय रुकने के बाद सीधे गांवों और किसानों के बीच जाएंगे। श्री चौहान सुबह 10 बजे रायपुर से गिरहोला, खपरी (जिला दुर्ग) के लिए प्रस्थान करेंगे और लगभग 11 बजे ग्राम गिरहोला पहुंचेंगे। 11 बजे से 12 बजे तक वे ग्राम गिरहोला एवं ग्राम खपरी में खेत भ्रमण और पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लेकर किसानों से सीधा संवाद करेंगे। यहां वे केंद्र की प्रमुख कृषि योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्राकृतिक खेती एवं सूक्ष्म सिंचाई आदि के लाभों पर भी चर्चा करेंगे।

### नया रायपुर में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

श्री चौहान नया रायपुर स्थित महानदी भवन में दोपहर दो बजे से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और राज्य के कृषि मंत्री एवं ग्रामीण विकास मंत्री के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कृषि एवं ग्रामीण विकास से संबंधित केंद्रीय एवं राज्य योजनाओं की प्रगति का आकलन करेंगे। बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों के निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास स्वीकृति एवं निर्माण की स्थिति, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण, साथ ही प्रधानमंत्री कृषि धन-धान्य योजना, जैविक एवं प्राकृतिक खेती के विस्तार, बीज एवं खाद की उपलब्धता, क्रेडिट सुविधा, एग्री-इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड आदि विषयों की समीक्षा की जाएगी।

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362 कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** अनुभवी डेंटल असिस्टेंट (महिला) एवं वार्ड ब्वॉय की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मार्क अस्पताल, गीता मैरिज हॉल के पास चांटीडीह रोड, सरकंडा, बिलासपुर 9827174705 (39797)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर में वर्ड एक्सेल, टैली, बिलिंग के लिए कर्मचारी एवं कोरबा विद्युत सबस्टेशन में ऑपरेटर कार्य हेतु सुपरवाईजर की आवश्यकता है। स्थानीय को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9754373800 (39802)

**आवश्यकता है-** पुस्तकों के मार्केटिंग हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए उम्र का कोई बंधन नहीं वेतन 8000 से 10000+ कमिशन पता- आदर्श लॉ हाउस डीपी कॉलेज के सामने पुराना हाईकोर्ट रोड बिलासपुर 9827079947 (39800)

**आवश्यकता है-** विनोबा नगर में ऑटोमेटिक SUV कार हेतु अनुभवी ड्राइवर एवं महिला की देखभाल 24घंटे साथ में रहकर बिलासपुर में और बाहर भी जाने हेतु नर्स युवती चाहिए सम्पर्क करें- 7804000314 (39803)

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित संस्थान में पढ़े लिखे अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है । वेतन - 15,000/- लाइसेंस के साथ संपर्क करें - 97558-49255, 9406211101 (39804)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर की Pvt. Ltd. कम्पनी को Manager, Service Manager, Marketing Manager, Counselor, Telecaller, वेल्डर, हेल्फर, फिल्ड ऑफिसर, सर्वेयर, ड्राइवर, ऑफिस ब्वाय (प्यून) की आवश्यकता है। वेतन 10000 - 35000 सम्पर्क करें- नारायण प्लाजा, बिलासपुर 9755990933, 62692 22003 (39799)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए सेल्समैन लड़का एवं सेल्स गर्ल लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अमित थ्रेड गोल बाजार बिलासपुर 9827923507 (39772)

**आवश्यकता हैं**
**आया बाई** (हॉस्पिटल एवं घरेलु कार्य हेतु)
**नर्सिंग स्टॉफ**
**काउन्टर स्टॉफ**
अग्रवाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल मगरपारा रोड, बिलासपुर
संपर्क करेः- सुबह 11 से 01 बजे तक 07752-226296, 402543

**आवश्यकता है-** OCEAN कम्पनी में ऑफिस हेतु लड़के/ लड़कियां चाहिए योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट, उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 एवं रहना खाना, पता- न्यू बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर 8818877406, 96444 33021, 07752337082 (39783)

**आवश्यकता है-** मकान में प्लास्टर मिस्त्री, टाइल्स लगाने हेतु मिस्त्री, बिजली ठेकेदार, छोटा हाथी चलाने हेतु ड्राइवर, दुकान कार्य हेतु मेहनती लड़का। पता- पारस सेल्स, मारुति शोरूम के पास, मोपका, बिलासपुर 9300350334 (39789)

**आवश्यकता है-** बेरोजगार युवा आज ही नौकरी पाइये पद- सिक्योरिटी गार्ड योग्यता-5वी से 12वीं पास,ग्रेजुएट भी मान्य सुविधा- रहने व खाने की व्यवस्था उपलब्ध वेतन - 9,500 से 18,000 प्रति माह लोकेशन- नया रायपुर,रायपुर, रायगढ़, आज ही कॉल करें और नौकरी पक्की करें 92019 58117, 9201958118 (6547)

**आवश्यकता है-** रोजगार सूचना LIC एजेन्ट बनें शुरू करें स्वतंत्र केरियर असीमित आय, रॉयल्टी इनकम, गृह ऋण विदेश यात्रा आफिस अलाउन्स पार्ट/ फुल टाइम ग्रेजयुटी सुविधा 10वीं पास सम्पर्क अजयकुमार सिंह 98933 11075 (39794)

**आवश्यकता है-** सेल्स एसोसिएट– 4पद (पुरुष/ महिला), ट्रेनी सेल्स एसोसिएट– 3पद, (पुरुष/ महिला), पैंट्री हेल्पर– 1पद (महिला) बिलिंग डिपार्टमेंट- 1पद (पुरुष) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। पता- शैल वस्त्रालय मसानगंज बिलासपुर 9238107105 (39774)

**आवश्यकता है-** पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु ,रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता है रूम बिजली की सुविधा फ्री है पता बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर 78287 35534 (39785)

**आवश्यकता है TVS**
सेल्स एक्जीक्यूटिव मैनेजर- 4पद
सर्विस एडवाइजर मैनेजर- 4पद
कम्प्यूटर आपरेटर (आरटीओ)- 2पद
टेलीकॉलर- 2पद
मेकेनिक- 2पद
- सम्पर्क करें - दोपहर 1 से 3 बजे तक
नूतन चौक सरकंडा बिलासपुर 9039167202

**आवश्यकता है-** ज्वैलरी शोरूम में कार्य करने हेतु स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- सराफ मनसुखलाल ज्वेलर्स, सदर बाजार बिलासपुर 99932 51234, 9827108605 (39796)

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं ग्राफिक डिजाइनर की अतिशीघ्र आवश्यकता है हिन्दी टाइपिंग अनिवार्य है। सम्पर्क करें- गगन फ्लैक्स 27 खोली चौक बिलासपुर 96399 68650, 9425535104 (39776)

**आवश्यकता है-** घर के सभी काम सफाई, घर की देखरेख हेतु एक ईमानदार मेहनती लड़का चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार पता- हंसा विहार कॉलोनी मैग्नेटो मॉल के पास श्रीकांत वर्मा मार्ग बिलासपुर 7974460190 (39780)

**आवश्यकता है-** बुक पब्लिशिंग एवं डिजिटल मार्केटिंग से संबंधित कार्य हेतु MS Office (Word, Excel, Power Point) में अनुभवी तथा सेल्स मैनेजमेंट हेतु अंग्रेजी में संवाद करने में सक्षम महिला कर्मचारी की आवश्यकता है अनुभव, रचनात्मक सोच एवं टीम वर्क की क्षमता रखने वाली इच्छुक उम्मीदवार शीघ्र सम्पर्क करें- Astitva Prakashan, Near GGU, Koni, Bilaspur 7898160321, 8109883496 (39773)

**आवश्यकता है- प्लाईवुड शोरूम में सेल्स एंड मार्केटिंग पर्सन, ऑफिस कार्य हेतु टेलीकॉलर शिक्षित, लड़के, लड़कियां चाहिए। वेतन 10000 से 50000+ बोनस+ कमीशन+ पेट्रोल, बाइक अनिवार्य। रिज्यूम व्हाट्स एप्प करें 9608777772, अनुभवी उम्मीदवार ही सम्पर्क करें- एस.एस. प्लाईवुड महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर (561)**

**आवश्यकता है-** फील्ड कार्य हेतु अनुभवी, ग्रेजुएट युवकों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार अनुभवी बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- जाजोदिया टाइल्स, होटल ग्रैंड अम्बा के सामने, पुराना बस स्टैण्ड के पास, बिलासपुर 9009658882 (39781)

**आवश्यकता है-** मेडिकल फील्ड में अनुभवी और कम्प्यूटर टाइपिंग में प्रशिक्षित फीमेल स्टाफ की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अर्पण शुगर क्लीनिक, होमगार्ड ऑफिस के सामने बिलासपुर 98274 92030, 8435360206 (39784)

**आवश्यकता है-** चश्मा शोरूम में काम करने हेतु सेल्समेन चाहिए वेतन 8000 से 15000 योग्यतानुसार आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- गुरुनानक चश्मा राजीव प्लाजा जिला चिकित्सालय के सामने पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर (39779)

**आवश्यकता है-** एकाउंट कार्य हेतु अनुभवी एकाउंटेंट एवं दुकान हेतु लड़के, लड़की, सफाई लड़का/ लड़की/ महिला चाहिए पता- श्रीबजाज ट्रेडर्स सेनेटरी एण्ड बाथरूम फिटिंग्स सीएलसी प्लाजा के सामने मंगला चौक बिलासपुर 7000727385 (39782)

**आवश्यकता है-** शीघ्र आवश्यकता जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए।. आयु 18से 30 बर्ष वेतन 9000 + कमीशन + बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया + कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें-, 8085189675 89620 00161 (528)

**आवश्यकता है-** ज्वेलरी शॉप में कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता। बायोडाटा सहित शीघ्र सम्पर्क करें- शाह जेठालाल जादवजी ज्वेलर्स, सिम्स के पास, सदर बाजार बिलासपुर 91118 88556 (1486)

**आवश्यकता है-** विज्ञापन एजेन्सी में दो ग्राफिक डिजाइनर चाहिए जिन्हें कोरलड्रॉ, फोटोशॉप, सोशल मीडिया ऑपरेट करना आता हो। वेतन 5अंकों में+ अच्छा काम करने पर इंसेंटिव सम्पर्क करें- गोल बाजार बिलासपुर 91311 55033, 9827180896 (39775)

**आवश्यकता है-** थोक दवा दुकान में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है कार्य दवाई निकालना, पैकिंग, माल भेजने का कार्य। सम्पर्क करें– मेलाराम हेमन्त कुमार, शॉप नं.-54, मेडिकल कॉम्प्लेक्स, तेलीपारा, बिलासपुर 79999 34599 (39769)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर की रियल एस्टेट कंपनी में Office Executive की आवश्यकता है। योग्यता (1) किसी भी विषय में स्नातक (2) रीयल एस्टेट में अनुभवी को प्राथमिकता (3) अच्छी कम्युनिकेशन स्किल्स, वेतन योग्य उम्मीदवार हेतु कोई सीमा नहीं। 9630023355 (1868)

**आवश्यकता है-** सुरक्षा गार्ड वेतन 13000/- सुपरवाइजर वेतन 15000/- फील्ड अधिकारी वेतन 15000/- आवास मुफ्त, योग्यतानुसार वेतन सम्पर्क करें-अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7747000016, 77460 00016, 7746000019. (348)

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ से बाहर ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र आवश्यकता है योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन -12000+ कमिशन (रहना फ्री) ट्रेनिंग के बाद कमाए 20-25 हजार नोट - नशेड़ी फ़ोन न करें मो.9982589693 (527)

**आवश्यकता है-**आफिस, कम्प्यूटर कार्य हेतु अनुभवी आपरेटर, बागवानी कार्य हेतु मैनेजर, कार ड्राइवर, कुक, घरेलू कार्य, किराए के घर की देखभाल हेतु मैनेजर कोर्ट कचहरी हेतु मुंशी चाहिए मो- 8078280001 (3961)

**आवश्यकता है-** न्यू हाईकोर्ट के पीछे छतौना के प्लॉट में वर्कशॉप में ही रहकर परिवार वाले व्यक्ति की चौकीदारी करने के लिए आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9669211111, 9827175811 (3181)

**आवश्यकता है-**नल, सेनेटरी पाइप फिटिंग दुकान में अनुभवी फील्ड सेल्समैन, अनुभवी सुपरवाइजर, दुकान में कार्य हेतु लड़को की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। सम्पर्क करें- गीता ट्रेडर्स रायपुर रोड तिफरा 9752317779, 91790 17779 (39763)

**आवश्यकता है-**सुरक्षागार्ड, गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई। वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री। पता- श्रीसांई सिक्युरिटी सर्विस, सांई निवास कॉम्प्लेक्स, जेजे हॉस्पिटल के बाजू में तोरवा बिलासपुर 9301186703, 8253010291 (39669)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है, उम्र 18 से 35 वर्ष, वेतन 5000 +कमीशन +बोनस सम्पर्क करें- पताः आशीष डेंटल हॉस्पिटल के पास मंगला चौक 78059 32585 (500)

**आवश्यकता है-** नर्सिंग होम में कार्य करने हेतु ट्रेण्ड नर्स एवं बीएससी नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जय अम्बे नर्सिंग होम महाराणा प्रताप चौक रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर 9981970853 (39765)

**आवश्यकता है-**रायपुर, बलौदाबाजार, जांजगीरचांपा, कोरबा, रायगढ़ हेतु वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, गार्ड, हेल्पर, कटरफिटर, कम्पयूटर ऑपरेटर ड्राइवर, चपरासी स्टोरकीपर, सुपरवाईजर 5वीं-ग्रेजुएट वेतन 11000 से 30000 रहना फ्री नया पता बस स्टैण्ड बिलासपुर 7898973405 (39659)

**आवश्यकता है-** Sopy India Services को 10 टेलीकॉलर की आवश्यकता है वेतन 10000 (पार्ट टाईम), 15000 (फुल टाईम) 10वीं पास लड़के लड़कियां चाहिए, उम्र 18 से 40वर्ष। आवेदन करें- 7558393950 (राहुल सर) (39767)

**आवश्यकता है-** चायपत्ती के आफिस के एकाउटेट की एवं सेल्समेन व ड्राईवर की आवश्यकता है। संपर्क करे - जैन ट्रेडर्स नियर SBF ATM आकृति विहार अमलीडीह 9753674707, 0771-4075490 (6548)

**आवश्यकता है-** दुकान कार्य हेतु लड़के एवं लॉज में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है। रहने की सुविधा। आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- विनय ऑटो गांधी चौक, किरण लॉज गांधी चौक बिलासपुर (1866)

## बेचना है

**बेचना है-** बिलासपुर नगर निगम सकरी में टाऊन एण्ड कन्ट्री एप्रूव्ड विकसित प्लॉट मात्र 1290/- रूपए प्रति वर्गफुट 90% फाईनेंस। शर्तें लागू। साइट विजिट फ्री। सम्पर्क करें- 7987374690, 9770468361 (39791)

**बेचना है-** जूना बिलासपुर मेन रोड में बालाजी सेल्स एवं रमेश थ्रेड के बीच में 215 वर्गफुट डबल स्टोरी स्वतंत्र दुकान बेचना है। सम्पर्क करें- प्रिन्स नावेल्टी गोल बाजार बिलासपुर 98271 68452, 9300625174, 9827466134 (1872)

**बेचना है-** बिलासपुर दोमुहानी नगर निगम वार्ड 43 आवासपारा के पास 25×45 1125 वर्गफुट चारों तरफ बाउंड्रीवॉल से घिरा सर्वसुविधायुक्त डायवर्टेड प्लाट बेचना है कीमत 760/- वर्गफुट खरीददार ही सम्पर्क करें 9827150471 (39788)

**बेचना है-** विकसित T&C एप्रूव्ड आवासीय कॉलोनी आर.के. रेसीडेन्सी तिफरा में स्वतंत्र 3BHK मकान 80 लाख में बेचना है, 1900/1350 प्लाट/ बिल्टअप एरिया। सम्पर्क करें- 9300635493 (39752)

Medicare Specialists
गुप्त रोगी स्वयं मिले
शादी से घबराहट गुप्त रोग
■ शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
■ शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
■ लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
■ लिंग में टेढ़ापन
■ वीर्य में शुक्राणु की कमी
■ बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
■ पेशाब में धातु जाना
■ शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

**बेचना है-** रामा लाइफ कॉलोनी सकरी बिलासपुर में स्थित 40×80= 3200 वर्गफुट का डायवर्टेड प्लॉट तत्काल बेचना है सम्पर्क करें- 9630 990940 (1485)

**बेचना है-** श्यामा विहार कालोनी बोदरी परसदा नया बस स्टैण्ड के पास 22x50=1100 वर्गफीट डायवर्टेड प्लाट प्राईम लोकेशन में तत्काल बेचना है संपर्क करें 8839278711 (39798)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |

### एमपी, यूपी, उत्तराखंड और केंद्र के अफसर हुए शामिल

# छग के सिंगल विंडो सिस्टम का प्रेजेंटेशन चार राज्यों के अफसरों ने किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवा रायपुर में हुई मध्य क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की 17वीं बैठक में छत्तीसगढ़ की ओर से राज्य में लागू सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 का प्रेजेंटेशन दिया गया। इस बैठक में परिषद के सदस्य राज्य एमपी, यूपी, उत्तराखंड के अफसरों समेत केंद्र सरकार के अधिकारी शामिल हुए।

छत्तीसगढ़ द्वारा वन क्लिक सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 की प्रस्तुति दी गई, जिसे जुलाई 2025 में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा लॉन्च किया गया है। यह उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म 16 विभागों की 136 से अधिक सेवाओं को एकीकृत करता है, जिससे औद्योगिक निवेश, भूमि प्रबंधन, पर्यावरणीय स्वीकृति और सब्सिडी प्रक्रिया में उल्लेखनीय तेजी आई है। इसके साथ ही दंतेवाड़ा मॉडल के तहत ब्लॉक-चेन आधारित सुरक्षित भूमि अभिलेख प्रणाली और एआई-आधारित विद्या समीक्षा केंद्र को शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर की अभिनव पहल के रूप में प्रस्तुत किया गया।




**17वीं बैठक में 50 बिंदुओं पर चर्चा**

मध्य क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की 17 वीं बैठक में परिषद के सदस्य राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच चारों राज्यों में सामाजिक- आर्थिक विकास, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, लंबित विषयों के निराकरण और बेहतर समन्वय के लिए 50 बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान मध्य क्षेत्र के इन चारों राज्यों से संबंधित प्रशासनिक, आर्थिक एवं सामाजिक मुद्दों का समाधान निकालने तथा राज्यों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया। बैठक में मौजूद अधिकारी चारों राज्यों के नवाचारों और बेस्ट प्रेक्टिसेस से भी रू-ब-रू हुए।

### इसलिए खास है परिषद की यह बैठक

मध्य क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की इस बैठक का विशेष महत्व है क्योंकि इसमें मध्य क्षेत्रीय परिषद की मुख्य बैठक से पहले एजेंडे को अंतिम रूप दिया जाता है, इसमें लिए गए निर्णय और सिफारिशें परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत किए जाते हैं। बैठक में परिषद के सदस्य राज्यों के लंबित अंतर्राज्यीय मामलों के समाधान, नीतिगत समन्वय को सुदृढ़ करने तथा विकास परियोजनाओं में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों को दूर किया जाता है।

### बैठक में शामिल हुए ये अफसर

मध्य क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव विकासशील, केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्राज्यीय परिषद सचिवालय के सचिव आशीष श्रीवास्तव, अतिरिक्त सचिव शुभा ठाकुर, मध्यप्रदेश की अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शामी, उत्तरप्रदेश के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा और उत्तराखंड के प्रमुख सचिव रमेश कुमार सुंधाशु सहित केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी तथा चारों राज्यों के संबंधित विभागों के अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

### सीएस ने बैठक को बताया उपयोगी

मुख्य सचिव विकास शील ने मध्य क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की बैठक में कहा कि आज चारों राज्यों एवं केंद्र सरकार के अधिकारियों के बीच राज्य सरकारों और भारत सरकार से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर रचनात्मक और उपयोगी चर्चा हुई है। निरंतर संवाद और अंतर्राज्यीय सहयोग के जरिए मध्य क्षेत्र के राज्यों के साझा हितों को प्रभावी रूप से सुनिश्चित किया जाएगा। केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्राज्यीय परिषद सचिवालय के सचिव श्री आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि आज हुई चर्चा के निष्कर्षों के अनुरूप चारों राज्य तत्काल कार्यवाही प्रारंभ करें। उन्होंने कहा कि चारों राज्यों और केंद्र सरकार के बीच विचार-विमर्श से आपसी संवाद बेहतर होंगे। केंद्र सरकार एवं मध्य क्षेत्रों के राज्यों की साझा समस्याओं के समाधान के लिए ठोस व व्यावहारिक निर्णय लेने में इससे मदद मिलेगी।

### इन राज्यों ने भी दिया प्रेजेंटेशन

इस बैठक में अन्य तीन राज्यों के अफसरों ने भी प्रेजेंटेशन दिया। मध्यप्रदेश ने ग्रामीण पर्यटन विकास को अपनी प्रमुख बेस्ट प्रैक्टिस के रूप में प्रस्तुत किया। इसके तहत 125 गांवों में होम-स्टे और स्थानीय संस्कृति आधारित पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। उत्तराखंड द्वारा किसान-से- आईटीबीपी आपूर्ति श्रृंखला योजना के माध्यम से सीमावर्ती किसानों की आय वृद्धि, डिजिटल डिपॉजिट रिफंड सिस्टम से प्लास्टिक कचरा प्रबंधन तथा स्प्रिंग एंड रिवर रिजुवेनेशन अथॉरिटी द्वारा जल स्रोतों के पुनर्जीवन की पहलों का प्रस्तुतीकरण किया गया। उत्तरप्रदेश के अधिकारियों ने शहरी क्षेत्रों में आवासीय सुधारों की नई पहलों, श्रम न्याय सेतु पोर्टल तथा सेवा मित्र जैसे नवाचारों पर प्रस्तुतिकरण दिया।

# भाजयुमो के 13 जिलाध्यक्षों के साथ महामंत्रियों का भी ऐलान

- बड़ी मशक्कत के बाद नामों पर सहमति बनी, साथ में महामंत्रियों के नामों की भी करनी पड़ी घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता युवा मोर्चा के बचे 13 जिलाध्यक्षों को लेकर बड़ी मशक्कत के बाद अब जाकर सहमति बनी और इनके नामों का ऐलान किया गया है। जिलों के बड़े नेताओं में किसी नेता के समर्थक को जहां अध्यक्ष बनाया गया है, वहीं किसी नेता के समर्थक को महामंत्री बनाकर उनको संतुष्ट करने का काम किया गया है। कई जिलों में दो महामंत्रियों के नाम का भी घोषित करने पड़े हैं। इसी के साथ कुछ और मोर्चा के भी बचे जिलाध्यक्षों के नाम घोषित किए गए हैं।

भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी के साथ ही जिलाध्यक्षों के नामों का ऐलान बीते माह किया गया था। जिलाध्यक्षों में 23 जिलों के अध्यक्ष ही घोषित किए गए थे, क्योंकि बाकी जिलों को लेकर पेंच फंसा हुआ था। अब जाकर उस पेंच को सुलझाकर शुक्रवार को बचे 13 जिलाध्यक्षों के नामों का ऐलान किया गया है।

### ये बने अध्यक्ष और महामंत्री

जो जिले बचे थे उसमें रायपुर शहर भी था। अब रायपुर शहर का अध्यक्ष जहां अर्पित सूर्यवंशी को बनाया गया है, वहीं शंकर साहू महामंत्री बने हैं। इसी तरह से बस्तर में अध्यक्ष अभिलाष यादव, महामंत्री सत्यम झा और रामप्रसाद मोर्य, नारायणपुर में अध्यक्ष परमानंद नाग, महामंत्री दीपेंद्र मोयर, बस्सू दत्ता, राजनांदगांव में अध्यक्ष चिंटू सोनकर, महामंत्री नोमेश वर्मा, आशुतोष सिंह राजपूत, बेमेतरा अध्यक्ष विजय वर्मा, महामंत्री आयुष शर्मा, गौरव यदु, कवर्धा में अध्यक्ष उमंग पांडे, महामंत्री अमित चंद्रवंशी, थानेश्वर जायसवाल, जशपुर में अध्यक्ष विजय आदित्य सिंह, महामंत्री गोपाल कश्यप, राजा सोनी, मुंगेली में अध्यक्ष राकेश साहू, खैरागढ़-छुईखदान में आयश सिंह बोनी, महामंत्री विक्रांत चंद्राकर, कोरबा में अध्यक्ष वैभव शर्मा, महामंत्री मोंटी पटेल, धमतरी में अध्यक्ष शुभांक मिश्रा, महासमुंद में अध्यक्ष अमन वर्मा, महामंत्री प्रखर अग्रवाल और गौरेला पेंड्रा मरवाही में अध्यक्ष सिद्धार्थ दुबे और महामंत्री अमर गुप्ता बनाए गए हैं।

### इन इन मोर्चा में भी नियुक्ति

इसी के साथ ओबीसी मोर्चा में भिलाई दिनेश देवांगन और सक्ती का प्रेम पटेल को अध्यक्ष बनाया गया है। किसान मोर्चा में जशपुर का अध्यक्ष दिनेश कुमार चौधरी को बनाया गया है। अनुसूचित जन जाति मोर्चा में रायपुर शहर का अध्यक्ष पंकज जगत, भिलाई का खगेस कोसरिया, कोंडागांव का झुमुक नाग, बस्तर का विनय सोना और बीजापुर का हितेंद्र नाग को बनाया गया है।

# डकैती की प्लानिंग करते आधा दर्जन गिरफ्तार




### राजधानी के आउटर क्षेत्र में डकैती डालने की थी योजना

### गिरफ्तार बदमाशों में तीन का पुलिस रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डकैती की योजना बना रहे आधा दर्जन बदमाशों को पुलिस ने तलवार, हॉकी तथा लाठी के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। गोबरा नवापारा से बदमाश स्कार्पियो में सवार होकर डकैती डालने रायपुर पहुंचे थे। गिरफ्तार बदमाशों में से तीन के खिलाफ गोबरा नवापारा में मारपीट, चोरी, छेड़खानी तथा चाकूबाजी के केस दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार बदमाश कैनल लिंक रोड, दुर्गा नगर जाने वाले मार्ग पर गाड़ी खड़ी कर डकैती की योजना बना रहे थे। बदमाश आपस में चर्चा कर रहे थे कि चिन्हित मकान में तीन लोग मकान के अंदर प्रवेश करते, दो बदमाश घर के बाहर निगरानी करते तथा एक बदमाश गाड़ी में बैठा रहता। मकान के अंदर डकैती डालने जाने वाले बदमाश अपना मोबाइल बंद रखते। बदमाश जब आपस में डकैती की योजना बना रहे थे, इस दौरान पास से गुजर रहे एक व्यक्ति ने डकैतों की योजना सुन ली और उसने बगैर देर किए पुलिस को संदिग्धों के बारे में जानकारी दी। डकैती डालने के बाद बदमाशों की तत्काल रायपुर छोड़ने की योजना थी। पुलिस ने बदमाशों को गुरुवार शाम पांच बजे के करीब डकैती की योजना बनाते गिरफ्तार किया है।

### इन तीन बदमाशों के खिलाफ अपराध दर्ज

गिरफ्तार बदमाश एक दूसरे की रिश्तेदारी में आते हैं और एक दूसरे के पड़ोस में रहते हैं। जिन छह बदमाशों को पुलिस ने डकैती की योजना बनाते गिरफ्तार किया है, उनमें से आलोक, नितेश तथा शुभम मारपीट, चाकूबाजी, छेड़खानी तथा मारपीट के आरोप में जेल जा चुके हैं। पूछताछ करने पर बदमाशों ने पुलिस को बताया है कि जिस घर में वे डकैती डालने जाते, मकान मालिक द्वारा विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करने की योजना थी। बदमाशों की प्लानिंग थी कि किसी एक के साथ मारपीट करने पर परिजन सरेंडर कर देते। इसके बाद बदमाश उस मकान में रहने वाले लोगों को बंधक बनाकर डकैती डालने के बाद निकल जाते।

### आउटर में डकैती की थी योजना

पूछताछ में बदमाशों ने पुलिस को बताया है कि उन लोगों ने डकैती डालने के लिए पहले से किसी तरह प्लानिंग नहीं की थी। रायपुर पहुंचने के बाद डकैती डालने की योजना बना रहे थे। कैनल रोड सूनसान होने की वजह से बदमाश एक जगह गाड़ी पार्क कर डकैती डालने योजना बना रहे थे। पूछताछ में बदमाशों ने पुलिस को बताया है कि उनकी योजना शहर के आउटर मकान में डकैती डालने की थी। सूत्रों के मुताबिक बदमाश रायपुर ग्रामीण, विधानसभा थाना क्षेत्र में डकैती डाल कर बिलासपुर, बलौदाबाजार जिला की ओर भागने की फिराक में थे।

### डकैती की योजना बनाते इन बदमाशों की गिरफ्तारी

- टिकेश शेन्द्रे उर्फ बिल्ला (30)
- आलोक साहनी (23)
- नितेश उर्फ छोटू साहनी (24)
- शुभम साहनी (19)
- इंद्र कुमार उर्फ सुमित निषाद (25)
- कुंदन साहनी (26)

# प्रदेशाध्यक्ष के पार्टी छोड़ने के 24 घंटे बाद आप ने नियुक्त किए दो नए कार्यकारी अध्यक्ष

- अब तीन कार्यकारी अध्यक्ष संभालेंगे जिम्मेदारी
- देवलाल नरेटी और अभिषेक मिश्रा का नियुक्ति आदेश जारी

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष द्वारा पद छोड़ने सहित प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दिए जाने के सिर्फ 4 घंटे के भीतर पार्टी ने दो नए कार्यकारी प्रदेशाध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। इस फैसले के तहत उत्तम जायसवाल के साथ देवलाल नरेटी और अभिषेक मिश्रा को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब आम आदमी पार्टी की कमान प्रदेश के तीन अध्यक्ष संभालेंगे। आम आदमी पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा यह आदेश जारी किया गया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, आने वाले दिनों में उत्तम जायसवाल का राजनीतिक कद और अधिकार क्षेत्र और बढ़ सकता है। उन्हें मुखिया बनाया जाएगा, जबकि अन्य दो कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष उनके अधीन रहेंगे। पार्टी ने कहा है, यह कदम पार्टी के भीतर संतुलन बनाने और अलग-अलग क्षेत्रों में संगठन को मजबूती देने की रणनीति का हिस्सा है। इससे न केवल संगठन का दायरा बढ़ेगा, बल्कि आगामी चुनावों को लेकर आप की तैयारियों को भी गति मिलेगी।

### अंदरूनी लड़ाई से इनकार

वहीं आम आदमी पार्टी ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि यह फैसला सिर्फ पदों की अदला-बदली नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की राजनीति में लंबी लड़ाई की तैयारी का हिस्सा है। प्रदेशभर में पार्टी द्वारा जनमुद्दों को लेकर चलाई जा रही मुहिम, जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता और लगातार बढ़ते जनसंपर्क कार्यक्रमों को देखते हुए केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य इकाई पर भरोसा जताया है। महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों की समस्याएं और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को लेकर आप ने हाल के महीनों में प्रदेशभर में प्रदर्शन, जनसंवाद और संगठनात्मक बैठकें तेज की हैं। पार्टी का दावा है कि उसकी राजनीति का केंद्र जनता की रोजमर्रा की समस्याएं हैं और आने वाले समय में इन मुद्दों को लेकर सरकार पर दबाव और तेज किया जाएगा। वहीं, दो साल के भीतर दो प्रदेशाध्यक्षों द्वारा पद सहित पार्टी छोड़े जाने के बाद भी सदस्य अंदरूनी लड़ाई से इनकार कर रहे हैं।

**एल-2 ट्रामा का अब तक शुरू नहीं हुआ काम**

# जनरल वार्ड ही नहीं, इमरजेंसी में भी मरीजों के बेड की मारामारी

- डीके हास्पिटल में भारी भीड़

**रायपुर।** जरूरत के हिसाब से काफी छोटे हो चुके आंबेडकर अस्पताल के जनरल वार्ड ही नहीं, इमरजेंसी विभाग में भी मरीजों को किल्लत हो रही है। आपात उपचार व्यवस्था के विस्तार के लिए सालों पहले एल-2 ट्रामा निर्माण अब तक शुरू नहीं हो पाया है। अभी भी इमरजेंसी यूनिट के लगभग तीस बेड के भरोसे रोजाना आने वाले औसतन सौ मरीजों का इलाज करना पड़ रहा है। कई बार योजना में बदलाव और जद्दोजहद के बाद निर्माण के लिए स्थल चयन तो किया गया है, मगर काम अब तक कागजों से आगे नहीं बढ़ पाया है।

आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने के लिए नए बड़े भवन की योजना सालभर बीतने के बाद भी टेंडर प्रक्रिया से बाहर नहीं आ पाई है। यहां के कई विभाग के डाक्टर एक बेड में दो मरीज भर्ती कर इलाज कर रहे हैं। कुछ ऐसा ही हाल यहां आपात उपचार की जरूरत लेकर आने वाले मरीजों के साथ भी हो रहा है। इन मरीजों के लिए बनाए गए इमरजेंसी विभाग में भी अक्सर बेड की मारामारी होती है। वहां के ड्यूटीरत डाक्टर इलाज की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्ट्रेचर में लिटाकर मरीजों का इलाज करते हैं। सूत्रों के अनुसार इमरजेंसी के मरीजों को सही तरीके से उपचार की सुविधा देने के लिए एल-2 ट्रामा की योजना सालों पहले बनाई गई थी। बार-बार जमीन को लेकर होने वाले बदलाव के कारण यह योजना अब तक कागजों से बाहर नहीं आ पाई है।

### 6 साल पहले मिला था फंड

गंभीर मरीजों के त्वरित उपचार की सुविधा के विस्तार के लिए वर्ष 2020 में आंबेडकर अस्पताल का चयन किया गया था। इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा 1.10 करोड़ रुपए दिए गए थे, निर्माण के दौरान आने वाले शेष खर्च को राज्य शासन को शेयर करना था। कई साल तक योजना ठंडे बस्ते में पड़ी रही। इसके बाद निर्माण के लिए इमरजेंसी गेट की ओर काम शुरू हुआ और बंद हो गया। इसके बाद कोरानाकाल की वजह से मामला ठंडा पड़ गया। फिर कई दौर में काम शुरू होने और बंद होने का दौर जारी रहा और मामला ठंडे बस्ते में सिमटकर रह गया।

### इमरजेंसी के ऊपर क्रिटिकल केयर यूनिट

इमरजेंसी यूनिट के लिए बनाए जाने वाले एल-2 ट्रामा के ऊपर क्रिटिकल केयर यूनिट बनाने की योजना भी जोड़ा गया है। इसके लिए प्रस्तावित भवन को पांच मंजिला किए जाने की योजना है। कुछ समय पहले स्वास्थ्य सचिव और तात्कालीन चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने अस्पताल पहुंचकर इस बारे में जानकारी ली थी। उस दौरान भवन के निर्माण के लिए एक बार फिर नए स्थल का निरीक्षण किया गया था। इस आधार पर विभागीय स्तर ड्राइंग डिजाइन बनाने का दौर जारी है। अपग्रेडेशन के बाद बेड की संख्या बढ़जाएगी। इससे मरीजों का इलाज स्ट्रेचर के बजाय बेड पर होने लगेगा।

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संभाग - महासमुंद**

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

विज्ञापन क्रमाक- 100

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संभाग महासमुंद अंतर्गत निक्षेप कार्य के तहत जिला महासमुंद में पुस्तकालय भवन में फर्नीचर, ए.सी., कम्प्युटर सप्लाई व इन्स्टालेशन एवं स्टोन क्रिट कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारो से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग-महासमुंद के मोबाईल नं. 9993233629 पर संपर्क करें।

संवाद- कार्यपालन अभियंता

# आप प्रदेशाध्यक्ष सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- गुरुवार को ही नियुक्त किया गया था पार्टी का प्रदेशाध्यक्ष

आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल गुरुवार देर रात एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा कोंडागांव-उमरकोट (ओडिशा) मार्ग पर कलेक्टर कार्यालय से कुछ दूरी पर स्थित नाका के पास हुआ। जायसवाल कोंडागांव जिले के किसान आंदोलन में शामिल होने आए हुए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उत्तम जायसवाल अपने पड़ोसी बंटी शर्मा के साथ सड़क किनारे खड़े थे, तभी बिना लाइट के तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात बाइक चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उत्तम जायसवाल के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल कोंडागांव लाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है, लेकिन चोटें गंभीर होने के कारण उन्हें रायपुर रेफर कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को ही प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल कोंडागांव में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेशभर में धान खरीदी में फैली अव्यवस्था और किसानों के हित में खरीदी अवधि बढ़ाने की मांग को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ किए गए विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए थे। पार्टी नेताओं ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। पुलिस द्वारा अज्ञात बाइक चालक की तलाश की जा रही है।

**भारत सरकार, रेल मंत्रालय**
**रेल भर्ती बोर्ड**

**7वीं सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल 1 में विभिन्न पदों के लिए भर्ती**

**(संकेतात्मक सूचना)**

नीचे दी गई तालिका के अनुसार विभिन्न पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 02.03.2026 है। पूर्ण रूप से भरे हुए सभी आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से (https://www.rrbapply.gov.in) ही जमा किए जाने चाहिए।

आवेदन प्रारंभ होने की तिथि : 31.01.2026
आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 02.03.2026 (23:59 बजे)

| पद | प्रारंभिक वेतन (₹) | पदानुसार शैक्षणिक योग्यता एवं चिकित्सा मानक | आयु (01.01.2026 को) | संभावित रिक्तियां (सभी आरआरबी) |
|---|---|---|---|---|
| 7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल1 में विभिन्न पद | 18000/– | विस्तृत सीईएन के अनुसार | 18–33 वर्ष | 22000 (लगभग) |

नोटः–
1. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरते समय अपनी मूल जानकारी को 'आधार' से सत्यापित करें। यदि आवेदन 'आधार' से सत्यापित नहीं होगा, तो भर्ती की प्रक्रिया में हर चरण पर अतिरिक्त जांच के कारण ज्यादा समय लगेगा और असुविधा होगी।
2. 'आधार' के माध्यम से सफल सत्यापन सुनिश्चित करने हेतु, 'आधार' में अंकित नाम एवं जन्मतिथि को 10वीं कक्षा उत्तीर्ण प्रमाणपत्र में उपलब्ध पूर्ण नाम एवं जन्मतिथि से शत–प्रतिशत मेल खाना आवश्यक है। इसी प्रकार, ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व 'आधार' में नवीनतम फोटो तथा नवीनतम बायोमेट्रिक्स (फिंगरप्रिंट एवं आइरिस) अद्यतन होना चाहिए।
3. यह सूचना केवल सांकेतिक स्वरूप में जारी की गई है, जिसका उद्देश्य संभावित उम्मीदवारों को आगामी केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना के संबंध में अवगत कराना तथा आवेदन हेतु आवश्यक प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों के साथ तैयार रहने के लिए है। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि भर्ती से संबंधित सभी नियम, शर्तें, पात्रता मानदंड, प्रक्रियाएँ एवं अन्य आवश्यकताएँ विस्तृत केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना संख्या 09/2025 (साथ ही समय–समय पर जारी किए जाने वाले किसी भी परिशिष्ट) के अनुसार ही होंगी, जो केवल नीचे सूचीबद्ध रेलवे भर्ती बोर्डों की आधिकारिक वेबसाइटों पर प्रकाशित की जाएंगी।

| आरआरबी और रेलवे का नाम | वेबसाइट | आरआरबी और रेलवे का नाम | वेबसाइट |
|---|---|---|---|
| अहमदाबाद (डब्लू.आर.) | www.rrbahmedabad.gov.in | गोरखपुर (एन.ई.आर.) | www.rrbgkp.gov.in |
| अजमेर (एन.डब्ल्यू.आर.) | www.rrbajmer.gov.in | गुवाहाटी (एन.एफ.आर.) | www.rrbguwahati.gov.in |
| बेंगलुरु (एस.डब्ल्यू.आर.) | www.rrbbnc.gov.in | कोलकाता (ई.आर.) | www.rrbkolkata.gov.in |
| भोपाल (डब्ल्यू.सी.आर.) | www.rrbbhopal.gov.in | मुंबई (सी.आर.) | www.rrbmumbai.gov.in |
| भुवनेश्वर (ई.सी.ओ.आर.) | www.rrbbbs.gov.in | पटना (ई.सी.आर.) | www.rrbpatna.gov.in |
| बिलासपुर (एस.ई.सी.आर.) | www.rrbbilaspur.gov.in | प्रयागराज (एन.सी.आर.) | www.rrbpryj.gov.in |
| चंडीगढ़ (एन.आर.) | www.rrbcdg.gov.in | रांची (एस.ई.आर.) | www.rrbranchi.gov.in |
| चेन्नई (एस.आर.) | www.rrbchennai.gov.in | सिकंदराबाद (एस.सी.आर.) | www.rrbsecunderabad.gov.in |

सं. आरआरबी/भोपाल/विज्ञापन/सीईएन–09/2025
दिनांक : 30.01.2026

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड

"दलालों, बिचौलियों और नौकरी का झांसा देने वालों से सावधान रहें"

**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Company of CSEB) CIN: U40108CT2003SGC015822
Office:- Superintending Engineer, Circle,CSPDCL, Korba

No. 11-03/CW/2025-26/Tr.No.459-461/3753 /Korba Date –23.01.2026

**NOTICE FOR INVITE E-TENDER**

Online bids are invited through CSPDCL e-bidding system (SAP SRM) from Eligible Electrical Contractors registered in the O/o EE (PROJECT), CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following works. **Please note that rates quoted shall be exclusive of GST (in both material and service portions) and rates are based on SOR 2025-26.**

| Tender No/ Rfx no. | Name of work | Tender amount (in Rs.) | Completion period | Eligible class for bidding | Tender fee including GST @18% (Not refundable) | Time/Due date of submission |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Tr.no 459 dt. 23.01.2026 RFx-8100049164 | Estimate for 01 no.43KW NDLF connection for CHIEF EXECUTIVE OFFICER CEWRL, RAIPUR at Place - JAWALI, KATGHORA,RURAL dc under KATGHORA SUB DN of OnM Dn Katghora..BP No. 1010253407 | 6,70,948.00 | 60 Days from date of handing over of site excl. rainy season | Class-III-C and Above | Rs. 2000/- | 12.00 noon 12.02.2026 |
| Tr.no 460 dt. 23.01.2026 RFx-8100049165 | Estimate for P/s to 01 nos 31kw LV2 Connection to MUKHY KARYPALAN ADHIKARI CEWRL, RAIPUR, at village - SENDURGARH (RAILWAY STATION) under PASAN D/C of Bango Sub Division under OnM Division CSPDCL Katghora.BP No. 1010184679 | 5,60,824.00 | 60 Days from date of handing over of site excl. rainy season | Class-III-C and Above | Rs. 2000/- | 12.00 noon 12.02.2026 |
| Tr.no 461 dt. 23.01.2026 RFx-8100049167 | Estimate for External Electrification of Putipakhana Railway Station applied by Chief Executive Officer CEWRL, RAIPUR, at village - Putipakhna under Pasan D/C of Bango Sub Division under OnM Division CSPDCL Katghora. PR NO. 10070373 Estt. No. B767603525.0004 Dt. 01.12.2025 | 9,27,680.00 | 60 Days from date of handing over of site excl. rainy season | Class-III-C and Above | Rs. 2000/- | 12.00 noon 12.02.2026 |

Note: -1.Time/Due date of opening- Bids will be opened on the due date of submission at 12.05 pm onward.2.For details visit http://www. cspdcl.co.in ->CSPDCL>O&Mt-> e-bidding portal3.For e-bidding CSPDCL Helpline no. 0771-2576672/ 73 (EITC, CSPDCL)4.ALL ANNEXURES AND NEW ANNEXURE-F MUST BE FILLED PROPERLY AS PER PQR OTHERWISE BIDS MAY BE REJECTED.5.Contractors must attach a list of their pending works.

SAVE ELECTRICITY

Superintending Engineer (CIRCLE), CSPDCL KORBA




# दुनिया के कुछ होनहार और बुद्धिमान कुत्ते, जिनके नाम दर्ज हैं गिनीज विश्व रिकॉर्ड

**लॉस एंजिलस।** कुत्ते सबसे समझदार पालतू जानवरों में से एक होते हैं, जो अपनी वफादारी के लिए जाने जाते हैं। ये सही प्रशिक्षण के साथ न केवल अनुशासित जीवन जीते हैं, बल्कि कुछ हैरतअंगेह कारनामे भी कर दिखाते हैं। आज के लेख में हम आपको कुछ ऐसे कुत्तों के बारे में बताएंगे, जिन्होंनें विश्व रिकॉर्ड कायम किए हैं। ये सभी रिकॉर्ड उनके कौशल या फिर अनोखे रूप के चलते उनके नाम किए गए हैं।

## स्केटबोर्डिंग करने वाला कुत्ता




आपने शायद ही किसी ऐसे कुत्ते के बारे में सुना होगा, जो स्केटबोर्डिंग कर लेता हो। हालांकि, पेरू का एक बुलडॉग अपने नन्हें-नन्हें पंजों से स्केटबोर्ड पर कमाल के करतब किया करता था। उसने 2015 में स्केटबोर्ड पर सवार हो कर गई सबसे लंबी मनुष्य टनल (30 लोग) पार की थी। इसके बाद उसका नाम गिनीज बुक में शामिल किया गया था। वह अपने स्केटबोर्डिंग, सर्फिंग और सैंडबोर्डिंग कौशल के लिए मशहूर हुआ करता था।



## दुनिया का सबसे छोटा कुत्ता

आमतौर पर एक आइसक्रीम की डंडी का आकार 5 इंच से ज्यादा होता है, लेकिन दुनिया का सबसे छोटा कुत्ता इससे भी छोटा है। आपको जानकर हैरानी होगी कि यह कुत्ता आपकी जेब में भी फिट हो सकता है। इसका नाम पर्ल है, जो फ्लोरिडा का एक मादा चिहुआहुआ है। वह 3.59 इंच लंबी है और उसे वैनेसा सेम्लर नाम की महिला पाल रही हैं। इस कुत्ते को दुनिया के सबसे छोटे कुत्ते का गिनीज विश्व रिकॉर्ड मिला है।

## वीडियो गेम खेलने वाला कुत्ता



इंसानों के दोस्त कहलाए जाने वाले कुत्तों को खेलना-कूदना पसंद होता है। हालांकि, क्या आपने कभी वीडियो गेम खेलने वाले कुत्ते के बारे में सुना है? 5 साल का एक चतुर शीबा इनु कुत्ता आपने मालिक के साथ वीडियो गेम खेलता है। इस कुत्ते का नाम पीनट बटर है और यह गायरोमाइट नामक गेम को सबसे जल्दी पार करने वाला जानवर बन गया है। बता दें कि उसने केवल 23 मिनट 9 सेकंड में यह खेल खत्म कर दिया था।

## सबसे लंबी छलांग लगाने वाला कुत्ता

कुत्ते उत्तेजित हो कर अक्सर छलांग लगाने लगते हैं। हालांकि, अमेरिका में एक ऐसा कुत्ता भी रहता है, जिसकी लंबी छलांग ने उसे एक विश्व रिकॉर्ड बनाने में मदद की है। उसका नाम साउंडर्स है, जो लॉरेल बेहनके नाम के व्यक्ति का एक व्हिपेट कुत्ता है। उसने 30 जुलाई, 2022 को 36 फीट 6 इंच (11.12 मीटर) की अविश्वसनीय छलांग लगाई थी। वह अपने खुद के रिकॉर्ड भी तोड़ चुके हैं।

कानून

# इटली में रहना है तो हमेशा मुस्कुराते रहना पड़ेगा, कुत्ता पाला तो तीन बार घुमाना होगा

ऐसे अजीबो-गरीब कानून, जिनके बारे में जानकर आप रह जाएंगे दंग

**इटली।** हर कोई जीवन में एक बार इटली जाने का सपना देखता है। इस देश की खूबसूरती मंत्रमुग्ध कर देने वाली है और यहां का खाना तो विश्व भर में मशहूर है। आज हम इटली की सुंदरता पर नहीं, बल्कि यहां के विचित्र कानूनों के बारे में बात करने वाले हैं। ये कानून इतने अजीबो-गरीब हैं कि इसके बारे में जानने के बाद आप हैरत में पड़ जाएंगे। अगर आप हाल-फिलहाल में इटली जाने वाले हैं तो ये नियम याद रखिएगा।

## हमेशा मुस्कुराते रहने का कानून

वैसे तो लोग खुश होने पर मुस्कुराते हैं, लेकिन इटली के एक शहर में आपको जबरदस्ती मुस्कुराना पड़ सकता है। मिलान के एक पुराने कानून के मुताबिक, सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को हर समय मुस्कुराना जरूरी है। ऐसा माना जाता था कि इस कानून के जरिए शहर चमकेगा और खुशहाली को बढ़ावा मिलेगा। इस कानून को औपचारिक रूप से कभी निरस्त नहीं किया गया, लेकिन अब यह लागू नहीं किया जाता है।



## आवाज करने वाले चप्पल-जूते न पहनने का कानून

अगर आप कैप्री शहर जाने की सोच रहे हैं तो अपने आवाज करने वाले जूते-चप्पल घर पर ही छोड़ दीजिएगा। जी हां, यहां का एक अजीब कानून कहता है कि लोग आवाज करने वाली सैंडल या जूते नहीं पहन सकते। इस शहर में लकड़ी के तलवे वाली सैंडल और फ्लिप-फ्लॉप चप्पलों पर प्रतिबंध लगा हुआ है। यहां की गलियां संकरी हैं, जिनमें आवाज गूंजती है। ऐसे में शांति बनाए रखने के लिए यह कानून बनाया गया था।

## कब्रिस्तान में जगह नहीं इसलिए मरने पर प्रतिबंध

आप सुनकर यकीन नहीं कर पाएंगे, लेकिन एक समय पर इटली में मरने पर प्रतिबंध लगाया गया था। फाल्सियानो डेल मैसिको नाम के छोटे-से शहर में 2012 में यह कानून लागू किया गया था। इसके चलते मरने को गैरकानूनी बना दिया गया, क्योंकि शहर के कब्रिस्तान पूरी तरह से भर चुके थे। मेयर जूलियो सीजर फावा ने आदेश दिया था कि निवासियों और आगंतुकों को 'सांसारिक जीवन की सीमा पार करके परलोक में प्रवेश करने' से मना किया गया है।

## कुत्तों को टहलाने का कानून

जो लोग कुत्ते पालते हैं वे अपनी मर्जी से उन्हें टहलाने ले जाते हैं। हालांकि, इटली के ट्यूरिन शहर में आप ऐसा नहीं कर सकते। यहां हर व्यक्ति को अपने कुत्तों को दिन में कम से कम 3 बार तो टहलना ही पड़ता है। पशु कल्याण संबंधी सख्त नियमों के तहत इसे 2005 में लागू किया गया था। इस नियम का पालन न करने वाले मालिकों पर 54,165 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

## रेत के किले न बनाने का कानून



समुद्र तट पर बच्चे-बड़े सभी रेत के किले बनाकर मनोरंजन करते हैं। हालांकि, अगर आपने एराक्लीया में ऐसा किया तो आप मुसीबत में पड़ जाएंगे। यहां का एक विचित्र कानून समुद्र तट पर रेत के किले बनाने को प्रतिबंधित करता है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक मर्यादा बनाए रखना और समुद्र तट के किनारे चलने वाले लोगों के मार्ग में बाधा उत्पन्न होने से रोकना है। ऐसा करते हुए पकड़े जाने पर 27,082 रुपये का जुर्माना भरना पड़ता है।

# नीलामी में बिकने वाले अब तक के सबसे महंगे गहने, जिनकी कीमत जानकर रह जाएंगे हैरान

**नई दिल्ली।** गहने केवल सुंदर दिखने का जरिया नहीं होते हैं। ये विलासिता और राजसी गौरव का बखान भी करते हैं। हीरों से सजे हुए नायाब गहने पहले से ही महंगे बिकते हैं। हालांकि, जब इन्हें नीलाम किया जाता है तो इनकी कीमत 10 गुना तक बढ़ जाती है।

## होप हीरे वाला हार

नीले हीरे तो वैसे ही दुर्लभ होते हैं, लेकिन होप हीरे की बात ही निराली है। जिस हार में यह जड़ा है, वह दुनिया का सबसे महंगा जेवर बन गया है। इसे किसी नीलामी में नहीं बेचा गया, लेकिन इसका 2,250 करोड़ रुपये का बीमा करवाया गया है।

## पीकॉक ब्रोच

ग्राफ कंपनी का पीकॉक ब्रोच शान और कलाकारी का एक शानदार नमूना है। इसे किसी नीलामी में नहीं बेचा गया, बल्कि यूरोपीय ललित कला फाउंडेशन में एक मास्टरपीस के रूप में पेश किया गया था। इस ब्रोच में 1,300 से ज्यादा हीरे लगे हैं, जिनका कुल वजन 120.81 कैरेट है। सफेद, गुलाबी, नीले और पीले हीरों से सजे मोर के आकार के इस ब्रोच की कीमत 900 करोड़ रुपये है। ग्राफ ने इसका केवल एक ही पीस बनाया है।

## पिंक स्टार हीरा

'द पिंक स्टार' हीरा नीलामी में बिकने वाला तीसरा सबसे महंगा गहना और दुनिया का सबसे महंगा रत्न है। इसे 2017 में हांगकांग में सोथबी द्वारा 640 करोड़ रुपये में नीलाम किया गया था। 59.60 कैरट के इस हीरे को डी बीयर्स ने 1999 में दक्षिण अफ्रीका में खोजा था। यह एक विशाल दुर्लभ हीरा है, जिसमें प्राकृतिक गुलाबी रंग मौजूद है। यही कारण है कि यह इतनी ज्यादा कीमत पर बेचा गया था।


## ओपेनहाइमर ब्लू

'द ओपेनहाइमर ब्लू' हीरा इस सूची का हिस्सा है, जो दुनिया का दूसरा सबसे महंगा रत्न है। यह नीला हीरा प्लैटिनम की अंगूठी में लगा है, जिसके दोनों तरफ ट्रेपेज के आकार के हीरे जड़े हैं। यह 14.62 कैरट का है और इसे 2016 में जिनेवा में क्रिस्टीज द्वारा 516.95 करोड़ रुपये में नीलाम किया गया था। इसे 'डी बीयर्स' ने दक्षिण अफ्रीका में खोजा था और कंपनी के मालिक फिलिप ओपेनहाइमर ने यह अपनी पत्नी को भेंट किया था।

## एल 'इनकंपेरेबल हीरे का हार

एल 'इनकंपेरेबल हीरे के हार को गिनीज बुक में दुनिया के सबसे कीमती हार के रूप में मान्यता मिली है। इसमें 407.48 कैरेट का दुर्लभ पीला हीरा लगा हुआ है, जो अब तक का सबसे बड़ा बेदाग हीरा है। इसे नीता अंबानी ने खरीदा था और अपनी बड़ी बहु श्लोका मेहता को तोहफे में दिया था। इस पूरे हार में कुल 637 कैरेट के हीरे लगे हैं और इसकी कीमत 495 करोड़ रुपये है।

# महिला जिस मिट्टी के बर्तन को समझ रही थी कचरा, 29 लाख लगी उसकी कीमत



**वाशिंगटन।** कई बार हम जिस चीज को बेकार समझते हैं, वह असल में बेशकीमती निकलती है। ऐसा ही कुछ अमेरिका की एक बुजुर्ग महिला के साथ हुआ है। दरअसल, उनके घर में एक मिट्टी का बर्तन रखा हुआ था, जिसे वह कचरा समझ रही थीं। हालांकि, जब वह उसे नीलामी के लिए ले गईं तो उसकी कीमत लाखों में लगी। इसके बाद महिला की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। आइए इस अनोखे मामले को विस्तार से जानते हैं।

## सालों से महिला के घर में रखा था बर्तन

महिला की उम्र 91 साल है और वह नेब्रास्का राज्य की रहने वाली हैं। उनका नाम लोइस जर्गेंस है और उनके पास यह दुर्लभ बर्तन सालों से मौजूद था। वह उसे मामूली समझती थीं और उसके ऊपर बोर्ड रखकर उसे मेज की तरह इस्तेमाल करती थीं। पिछले साल की गर्मियों में उन्होंने सोचा कि इसे कचरे वाली सेल में बेच देना सही रहेगा। उन्हें उम्मीद थी कि यह मिट्टी का बर्तन 1,817 रुपये तक बिक जाएगा।

## क्या है इस बर्तन की खासियत?

यह बर्तन रेड विंग स्टोनवियर एंड पॉटरी कंपनी का है। यह 30 गैलन का है, जो इसे बहुत दुर्लभ बनाता है। इसके कोनों पर स्टेंसिलिंग भी की गई है, जो बिल्कुल भी आम नहीं है। ऐसे दुनियाभर में केवल 4 या 5 ही बर्तन मौजूद हैं। इसे मिनेसोटा के रेड विंग के आस-पास की जमीन से निकाली गई मिट्टी से बनाया गया था। 1800 के दशक के आखिर में एक बड़ी भट्टी में इसे पकाया गया था।

## किस काम आता था यह बर्तन?

मिट्टी का यह बर्तन असल में एक बड़ा डिब्बा है। इसे लोग पुराने समय में चीजों को ठंडा और ताजा रखने के लिए इस्तेमाल करते थे। इसमें अचार, मक्खन और बिस्किट जैसी तमाम चीजें रखी जाती थीं। यह पकी हुई मिट्टी से बना होने के कारण फ्रिज जितना ठंडा हो जाता था। कुछ सालों बाद इसमें प्रोपेन स्टोर किया जाने लगा था, जो एक हाइड्रोकार्बन गैस


## कीमत जानकर नहीं रहा महिला की खुशी का ठिकाना

जिस वक्त बर्तन की नीलामी हो रही थी, तब जर्गेंस चर्च गई हुई थीं। हालांकि, जब वह दोपहर में वापस आईं तो ब्रामेर ने उन्हें मंच पर बुलाया। उन्होंने उनसे पूछा, आपको क्या लगता है कि बर्तन कितने में बिका होगा? जर्गेंस को लग रहा था कि उन्हें बर्तन के बदले 9,087 रुपये मिले होंगे। हालांकि, जब उन्हें इसकी असली कीमत का पता चला तो वह खुशी से झूम उठीं।

## कब और कहां हुई बर्तन की नीलामी?

जर्गेंस के 91वें जन्मदिन पर उन्हें एक बड़ी खुशखबरी मिली। दरअसल, 10 जनवरी को केन ब्रामेर नाम के व्यक्ति ने बर्तन की नीलामी का आयोजन किया। नीलामी में 300 लोग शामिल हुए थे और उसे फेल्प्स काउंटी 4-एच बिल्डिंग में आयोजित किया गया था। भीड़ में से अचानक एक आदमी खड़ा हुआ और उसने बर्तन के लिए 29 लाख रुपये की बोली लगा डाली। बस फिर क्या था, यह दुर्लभ बर्तन उनके नाम कर दिया गया।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com